# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## पीएम मोदी ने दी बधाई

### एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम



टीम इंडिया की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।

### शाह बोले-अजेय भारत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि अजेय भारत, एक और आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा। पहली गेंद से आखिरी शॉट तक, टीम इंडिया ने मैदान में दिखाया दम। विजय की कहानी लिख दी गई। टीम इंडिया ने न्यूज़ीलैंड को हरा कर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीत ली।



## 12 साल बाद टीम इंडिया चैंपियन ट्रॉफी की 'बादशाह'

# सैल्यूट... टीम इंडिया 'बॉस'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम कर लिया है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। फाइनल में भारत को जीत के लिए 252 रनों का टारगेट मिला था, जिसने उसने 49वें ओवर की आखिरी बॉल पर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की जीत में रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही। कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी।

भारतीय टीम ने तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम सबसे पहले साल 2002 के सीजन में चैम्पियन ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भारत** ने जीती अपनी सातवीं आईसीसी ट्रॉफी, इस चैंपियनशिप में भारत ने कोई मैच नहीं हारा

**दुबई** में लहराया तिरंगा, न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया, देश भर में जीत का जश्न

**तीसरी** बार हम चैंपियन होली से पहले पूरे देश में आतिशबाजी के साथ दीवाली मनी

### सीएम ने लिखा-दमदार प्रदर्शन

सीएम डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि दमदार प्रदर्शन...शानदार जीत। विश्व विजेता टीम इंडिया को चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में भारत को गौरवान्वित करने की हार्दिक बधाई। एक बार फिर हमारी क्रिकेट टीम ने अपनी श्रेष्ठता साबित कर इतिहास रच दिया है। पूरा भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पूरे देश में जश्न का माहौल

*भारत की शानदार जीत के बाद में देश में उल्लास का माहौल है। देश में होली 14 मार्च 2025 को खेली जाएगी, लेकिन होली से पहले पूरे देश में दीवाली मनाई गई। भोपाल सहित मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, अहमदाबाद समेत देश के कोने-कोने में क्रिकेट प्रेमियों ने पटाखे जलाकर और भारत माता की जय के नारे लगाकर जश्न मनाया। लोगों ने सड़कों पर उतरकर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर समेत अन्य भारतीय खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। इतना ही नहीं एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलाई।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

सीएम डॉ. यादव ने कहा-नर्मदा के संपूर्ण तट पर धार्मिक आयोजनों के लिए किया जाएगा घाट निर्माण

# उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर बनेगा 'ओंकारेश्वर लोक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओंकारेश्वर/ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को ओंकारेश्वर पहुंचे थे। उन्होंने ब्रह्मपुरी घाट पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में महाकाल की तर्ज पर भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा।

उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर 'ओंकारेश्वर लोक' बनाया जाएगा। मार्च माह के बाद एक अप्रैल से चिंहित सभी तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। उन्होंने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण है। मानव शरीर में जिस प्रकार धमनियों में रक्त का प्रवाह होता है उसी प्रकार धरती पर नदियां ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना की, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए | मुख्यमंत्री पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे



### धार्मिक पर्यटन बढ़ाने का हर संभव प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र नदियों का मायका है, जिसमें मां नर्मदा का स्थान सभी नदियों में सबसे अलग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार स्वच्छता के माध्यम से विकास के कार्य को भी नए मुकाम तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने प्रदेशवासियों से मां नर्मदा के संरक्षण और संवर्धन के लिए संकल्प लेने का आह्वान भी किया है।

### कन्याओं और बटुकों के साथ किया भोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने ओंकारेश्वर महादेव से प्रदेश की समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री पैदल पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री को ओंकारेश्वर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *केमिकल युक्त खेती करने से अनेक बीमारियां*

मुख्यमंत्री ने कहा कि केमिकल युक्त खेती करने से फसल का उत्पादन तो होता है, लेकिन जीवन में अनेक बीमारियां होती हैं, ▶▶ शेष पेज 4 पर

पानी टंकी की सफाई करते समय हादसा

# 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत



एजेंसी ▶▶ मुंबई

दक्षिण मुंबई में रविवार को एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना नागपाड़ा इलाके में डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मरने वालों की हुई पहचान

पानी की टंकी करते हुए जिन चार मजदूरों की मौत हुई और जिसका मजदूर का इलाज चल रहा है। उसकी पहचान हो गई है। मृतकों में हसिपाल शेख, 19 वर्ष, राजा शेख, 20 वर्ष जियाउल्लाह ▶▶ शेष पेज 4 पर

हनी सिंह के कॉन्सर्ट का लाखों का सामान जब्त

# 2 से 3 ट्रकों में भरकर ले गई इंदौर ननि की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शनिवार को हनी सिंह के कॉन्सर्ट के बाद इंदौर नगर निगम ने मनोरंजन कर की चोरी के मामले में कॉन्सर्ट का सामान जब्त कर लिया। नगर निगम ने आयोजन स्थल से एलईडी ▶▶ शेष पेज 4 पर




### 78 लाख रुपए के टिकट बिके थे

इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कहा था कि जब तक मनोरंजन कर का भुगतान नहीं किया जाता, हनी सिंह को कॉन्सर्ट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने (आयोजकों ने) कहा ▶▶ शेष पेज 4 पर






## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से



**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों को लेकर तीखी बहस होने की संभावनाएं हैं। विपक्ष मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर, मणिपुर में हिंसा और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के संबंधों जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। जबकि सरकार का फोकस बजटीय प्रक्रिया पूरी करने, मणिपुर बजट के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक ▶▶ शेष पेज 4 पर


## हमारे प्रेरणा पुँज



# श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी

(10 मार्च 1945 – 30 सितम्बर 2001)

पूज्यनीय महाराज,
आपने धर्म, कर्म, त्याग, स्नेह एवं
सद्व्यवहार के जो संस्कार दिए,
हमारे लिए जीने की शक्ति है.

## आज 80वें जन्म दिवस पर
## शत् शत् नमन्

सिंधिया स्कूल, द फोर्ट, ग्वालियर (स्थापना-1897)
सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर
ए.एम.आई. शिशु मन्दिर, ग्वालियर
माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (सम विश्वविद्यालय), ग्वालियर
ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन, ग्वालियर

ATUL

## एमपी एपीकॉन सम्मेलन संपन्न देशभर के विशेषज्ञ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मधुमेह, कोलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर का त्रिकोणी गठजोड़ रहा है। इन तीनों बीमारियों का एक साथ होना हार्ट के लिए मौत की घंटी की तरह है। पर इनसे लड़ा जा सकता है और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। यह जानकारी रविवार को 30वीं एमपी एपीकॉन सम्मेलन के समापन अवसर पर ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी मनोरिया ने दी। एक अक्षर एस के कारण भारत के लोगों को अन्य देश के मुकाबले हार्ट अटैक 10 साल पहले आता है। डॉ मनोरिया ने बताया कि एक अक्षर एस के कारण 10 साल पहले हार्ट अटैक आ सकता है। एस का अर्थ सैचुरेटेड फैट, शुगर, स्मोकिंग, स्ट्रेस और स्लीप है। सम्मेलन में लपिड एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. रमन पुरीने कहा कि विदेशों की तुलना में भारत में कोलेस्ट्रोल का इलाज अलग तरीके से किया जाना चाहिए। इससे भविष्य में हृद्य की धमनियों में सिकुड़न (एथेरोस्क्लेरोसिस) को रोका जा सकता है और भविष्य में हार्ट अटैक होने की संभावन भी कम हो जाती है। वहीं चेन्नई से आए डॉ मुरूगानाथन ने ब्लड प्रेशर को नापने के लिए होम ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग पर जोर दिया।

# मधुमेह, कॉलेस्ट्रोल और ब्लड प्रेशर का रहा त्रिकोणी गठजोड़

## डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, फेटी लिवर पर विशेषज्ञों ने दिए व्याख्यान

### हाई हीमोग्लोबिन सबसे ज्यादा घातक



भारत में मधुमेह का तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में 10 करोड़ मधुमेह और 13.6 करोड़ प्री-डायबिटीज मरीज है। मधुमेह में शुगर, कोलेस्ट्रोल एवं हाई ब्लड प्रेशर हृदय की धमनियों को कमजोर करते है जो हृदय घात का प्रमुख कारण है। वहीं हीमोग्लोबिन कम होना आम तौर पर सब जानते हैं कि खतरनाक होता है। लेकिन हाई हीमोग्लोबिन उससे भी ज्यादा घातक हो सकता है। जिनमें 15 से अधिक जितना हीमोग्लोबिन होगा उतना अधिक खून का थक्का जमने की संभावना होती है।

डॉ. अनुज महेश्वरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आरएसएसडीआई लखनऊ

### 30 से अधिक आयु तो यह पांच जांच जरूर

आज कल ऑफिस, घर और गाड़ियां हर जगह ऐसी हैं। लोग कम सूरज की रोशनी में आते हैं। इससे विटामिन डी की कमी हो जाती है। इसके अलावा आलस भी लोगों में बढ़ा है। यह सब मिलकर बीमारियों की तरफ लेकर जा रहा है। जिससे लोग कम आयु में ह्रदय रोग, हाईपरटेंशन, डायबिटिज समेत एक दर्जन से ज्यादा रोगों का शिकार हो रहे हैं। 25 से अधिक आयु हो तो हर छह माह में बीपी, मधुमेह, केरेटीन, थाइरायड, सीबीसी, एलएफटी, लिपिड प्रोफाइल की जांच जरूर कराएं।

-डॉ. पंकज मनोरिया, ह्दय रोग विशेषज्ञ

### फैक्ट फाइल

- हर तीन में से एक को हाई बीपी
- हर पांच में से दो धूम्रपान के लत
- हर सात में से एक को डायबिटीज
- हर तीन में से एक को हाई कोलेस्ट्रॉल

कर्मश्री की बैठक में बोले विधायक

## जिसे मलाल है, उसे गुलाल लगाकर सारे मलाल मिटाएंगे: रामेश्वर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष एवं भोपाल की हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा कर्मश्री के आगामी आयोजनों को लेकर वृहद बैठक का आयोजन किया गया। भोपाल के पॉलिटेक्निक चौराहे स्थित मानस भवन में आयोजित बैठक में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए जहां विधायक शर्मा ने उनसे होली मिलन एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर होने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा की। बता दें कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कर्मश्री द्वारा हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों के काव्यपाठ के साथ हजारों-हजार श्रोता सम्मिलित होते हैं। हिन्दू नववर्ष 29 मार्च को है, जिसकी तैयारियों को लेकर भी शर्मा ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया।

### महंत सुदेश शांडिल्य महाराज का अभिनंदन

इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने नर्मदा परिक्रमा कर लौटे करुणाधाम आश्रम के महंत सुदेश शांडिल्य महाराज का अभिनंदन किया। बैठक में गुफा मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 रामप्रवेश दास महाराज, विमलदास त्यागी महाराज, अनिलानंद महाराज भी उपस्थित रहे, जिनका विधायक शर्मा ने अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - हमारी होली आ रही है, हमारी संस्कृति का एक विशिष्ट पर्व आ रहा है। इस उत्सव को अकेले ना मनाएं। क्योंकि उत्सव का मतलब ही सामूहिक रूप से मनाने से है। इसलिए होली का यह पर्व उमंग और उत्साह के मनाएं, जिससे मलाल है उसको गुलाल लगाकर सारे मलाल मिटा दो। होली के बाद आगे हिन्दू नववर्ष 'गुड़ी पड़वा' भी आ रहा है। इसे पूरे उल्लास के साथ मनाइए। गुड़ी पड़वा का दिन सृष्टि का निर्माण दिवस भी है। ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण इसी दिन किया था। आज हम देखते हैं कि किसी का इतिहास 1600 साल का है किसी का 1200 साल का है, लेकिन हमारा कई करोड़ साल का इतिहास है।

ऑफलाइन-ऑनलाइन आरक्षण कराने का कर रहे प्रयास

## राजधानी वासियों पर चढ़ा ब्रज की होली का खुमार: मथुरा जाने वाली ट्रेनें फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस वर्ष मथुरा में बड़े स्तर पर होली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजधानी भोपाल से भी बड़ी संख्या में लोग जा रहे हैं। इसके चलते राजधानी से मथुरा तक जाने वाली अधिकतर ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। वहीं सभी ट्रेनों में होली के आसपास के दिनों में वेटिंग की स्थिति बन गई है। लोग आरक्षण कराने के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वेटिंग के कारण उन्हें कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। शताब्दी, राजधानी जैसी वीआइपी ट्रेनों में वेटिंग देखने को मिल रही है।

ब्रज की होली के उत्सव में भोपाल से लोग पहुंचते हैं। भोपाल से मथुरा की दूरी 400 किमी है। ट्रेन से करीब 8-9 घंटे का सफर होने के कारण लोग बड़ी संख्या में वहां जाते हैं। कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों से वहां होली को लेकर बड़े स्तर पर आयोजन नहीं किए गए। लेकिन इस बार भव्य स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल सहित मप्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल होने के लिए जा रहे हैं। इस कारण 12,13 व 14 मार्च को मथुरा जाने वाली भोपाल एक्सप्रेस, पंजाब मेल, सचखंड और झेलम एक्सप्रेस में सभी श्रेणी के सभी कोच में सीटें फुल हो चुकी हैं। समय रहते आरक्षण कराने वाले लोगों को तो कंफर्म टिकट मिल गए थे, लेकिन जो लोग अब योजना बनाकर मथुरा जाने की सोच रहे हैं, उन्हें ट्रेनों में बर्थ नहीं मिल पा रही है। मथुरा की तरफ जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रियों को वेटिंग के टिकट मिल रहे हैं। ट्रेनों में आरक्षण नहीं मिलने के कारण लोग अब टैक्सियों का सहारा ले रहे हैं। इसके लिए ट्रेवल एजेंसियों पर लोग टैक्सी बुक कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

### पिछले एक सप्ताह में 53 टैक्सियों की आई बुकिंग



भोपाल में विभिन्न टूर ऑरपेटरों के यहां लगातार बुकिंग की जा रही है। भोपाल में करीब 53 टैक्सी बुक हो चुकी हैं। महाकाल टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर प्रीतम गोस्वामी ने बताया कि होली को लेकर 12,13,14 तारीख के लिए पिछले एक सप्ताह से टैक्सी की बुकिंग आ रही है। हमारे यहां अभी तक करीब 21 टैक्सी की बुकिंग हुई है। तो वहीं न्यू भोपाल ट्रेवल एजेंसी के संचालक रवि कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मथुरा जाने के लिए टैक्सी बुकिंग में तेजी आ चुकी है। हमारे यहां रोजाना 2-3 लोग बुकिंग के लिए आ रहे है।

### होली के अवसर पर ये है ट्रेनों में वेटिंग

| ट्रेन | स्लीपर | थर्ड एसी | सेकंड एसी |
|---|---|---|---|
| सचखंड एक्सप्रेस | 142 | 52 | 23 |
| झेलम एक्सप्रेस | 133 | 41 | 28 |
| कर्नाटका एक्सप्रेस | 146 | 42 | 30 |

### विशेष ट्रेन उधना-सूबेदारगंज-उधना से चलेगी

भोपाल। रेलवे की ओर से होली पर्व पर चल रही ट्रेनों में वेटिंग को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया है। इसी के तहत ट्रेन 09117-09118 उधना-सुबेदारगंज-उधना होली विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के शाजापुर, पचोर रोड, ब्यावरा राजगढ़, रूठियाई, गुना, बदरवास एवं शिवपुरी स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक पहुंचेगी।

#### ट्रेन 09117 उधना से सुबेदारगंज

यह ट्रेन 14, 21, 28 मार्च, 4, 11, 18, 25 अप्रैल, 2, 9, 16, 23, 30 मई, 6, 13, 20, 27 जून 2025 को सुबह 5:45 बजे उधना से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन शाजापुर शाम (5:05 बजे), पचोर रोड (5:51 बजे), ब्यावरा राजगढ़ (6:20 बजे), रूठियाई (7:15 बजे), गुना रात (8:05 बजे), बदरवास (9:03 बजे) एवं शिवपुरी (10:18 बजे) पर ठहरते हुए अगले दिन सुबह 08:40 बजे सुबेदारगंज पहुंचेगी।

#### ट्रेन 09118 सुबेदारगंज से उधना

यह ट्रेन 8, 15, 22, 29 मार्च, 5, 12, 19, 26 अप्रैल, 3, 10, 17, 24, 31 मई, 7, 14, 21, 28 जून 2025 को शाम 7:25 बजे सुबेदारगंज से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 06:10 बजे शिवपुरी, 06:42 बजे बदरवास, 07:50 बजे गुना, 08:25 बजे रूठियाई, 09:20 बजे बियावरा राजगढ़, 09:46 बजे पचोर रोड, 10:30 बजे शाजापुर पर ठहरते हुए उसी दिन रात 8:15 बजे उधना पहुंचेगी।

मंदिरों में होगा पूजा-पाठ कार्यक्रम

## रंगभरी एकादशी आज: भगवान विष्णु व महादेव पर चढ़ेंगे रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रंगभरी एकादशी 10 मार्च को है। होली के चार दिन पूर्व श्रद्धालु पर्व के रूप में इसे मनाते हैं। इस दिन भक्त देवों के देव महादेव व भगवान विष्णु पर रंग-गुलाल चढ़ाकर जीवन में खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। ऐसी मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन सहस्त्रानाम पाठ के साथ शिवलिंग पर गुलाल और भगवान विष्णु पर तुलसी व गुलाल चढ़ाने से विशेष फल मिलता है। साथ ही भगवान का विशेष श्रृंगार भी इस दिन किया जाता है। बता दें कि रंगभरी एकादशी को लेकर शहर के प्रमुख मार्कंडेय मंदिर बांके बिहारी, गुफा मंदिर लालघाटी, मां वैष्णो धाम आदर्श नगर व श्रीजी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगेगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को आमलकी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान से पूजा करने और व्रत रखने से सौभाग्य, समृद्धि और खुशी की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को आंवले का फल चढ़ाने से मन को शांति व प्रसन्नता मिलती है।

## सनातन वाले भारतवर्ष में पैदा होने पर गर्व होना चाहिए: आचार्य शशांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भागवत में आचार्य शशांक शेखर महाराज ने मां आदिशक्ति के प्रादुर्भाव सहित, मां महाकाली,देवी चामुंडा और देवी दुर्गा के प्रादुर्भाव का वर्णन किया, जिसके अंतर्गत चंड-मुंड, शुंभ-निशुंभ एवं मधु-कैटभ के वध का वाचन किया। इसके साथ ही रक्तबीज नामक असुर का मां महाकाली द्वारा संहार का वर्णन किया। व्यास पीठ शशांक शेखर ने आगे की कथा में महिषासुर नामक दैत्य के द्वारा देवताओं के ऊपर हो रहे अत्याचारों और संसार की सभी शक्तियों को अपने अधीन कर लेने का वृतांत सुनाया। कथा पंडाल में इस मनमोहक झांकी का दर्शन कर सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो देवी के भजनों में झूमने लगे।

## निजी स्कूलों की फीस का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं, इधर विभाग का पोर्टल भी अधूरा

### 34 हजार 662 निजी स्कूलों में से करीब 400 ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। फीस, पुस्तकों सहित अन्य ब्यौरा सार्वजनिक करने के आदेश के बाद भी निजी स्कूलों की ओर से अब तक ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। जबकि शासन की द्वारा नए सत्र को ध्यान में रखते हुए दिशा-निर्देश जारी किए गए है, लेकिन आदेश का पालन नहीं हो सकता है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग एजुकेशन पोर्टल भी अपडेट नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि पोर्टल पर अधूरी जानकारी और आदेश ही मौजूद हैं। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं।

### आदेश तो जारी हुए, लेकिन अमल नहीं हो सका

शासन-प्रशासन द्वारा प्रवेश, यूनिफार्म सहित पुस्तकों को लेकर कुछ माह पूर्व सख्त निर्देश जारी करते हुए 30 जनवरी तक ब्यौरा सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही स्कूलों को आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पहले अनिवार्य रूप से लेखक एवं प्रकाशक के नाम, मूल्य के साथ कक्षा वार पुस्तकों की सूची स्कूल के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने की बात कही गई थी। स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि वह प्रत्येक कक्षा में लगने वाली पाठ्यपुस्तकों एवं प्रकाशक की जानकारी को वेबसाइट पर अनिवार्यतः अपलोड करेंगे। इसके साथ ही हॉर्ड कॉपी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करानी होगी, लेकिन इस आदेश पर अमल नहीं हो सका है। नतीजन अभिभावक परेशान हैं।

### सख्त कार्यवाही होगी

कोई भी स्कूल हो नियमों का पालन सभी को करना होगा। अगर कोई स्कूल शासन-प्रशासन के नियमों और आदेशों का पालन नहीं करता है, तो सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। बच्चों के हित में शुल्क का ब्यौरा और पुस्तकों की सूची सार्वजनिक होनी चाहिए।

नरेंद्र कुमार अहिरवार
जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

### आदेशों का नहीं करा पा रहे पालन

मामले में पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया का कहना है कि पूरे प्रदेश में संचालित करीब 34 हजार 662 निजी स्कूलों में से अब तक लगभग 400 स्कूलों की ओर से फीस की जानकारी सार्वजनिक की गई है और वह भी अधूरी है। हालात यह हैं कि राजधानी भोपाल में ही अधिकारी आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं। स्कूलों के पोर्टल पर अब भी जानकारी उपलब्ध नहीं है। बार-बार शासन-प्रशासन को पत्र लिखने और अवगत कराने के बाद भी इस मामले में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। ऐसे में अभिभावक परेशान हैं।

## कॉलेजों की लाइब्रेरी होंगी ऑटोमेटेड, पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की बैठक में निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के कॉलेजों की लाइब्रेरी को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के कॉलेजों की लाइब्रेरियों को पूरी तरह ऑटोमेटेड बनाने का निर्णय लिया है। अब हर किताब की डिजिटल एंट्री, बारकोडिंग और स्टूडेंट्स के कार्ड पर मेंबरशिप नंबर अनिवार्य किया जाएगा। वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन स्कीम के तहत लाइब्रेरी को कॉलेज का नॉलेज सेंटर बनाने और उसके मेंटेनेंस पर भी जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में अगली बैठक में सभी कॉलेजों को अपनी लाइब्रेरी का डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए जा सकते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और स्वशासी महाविद्यालयों की वर्कशॉप आयोजित की गई थी। इसमें प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, 13 स्वशासी कॉलेजों के साथ ही नेक से ए-ग्रेड प्राप्त 5 कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उच्च शिक्षा विभाग ने इसमें लिए गए फैसलों के मिनिट्स भी जारी कर दिए हैं। इसके अलावा छात्रों को ऑनलाइन कोर्स से जोड़ने के लिए स्वयं पोर्टल के अधिकतम उपयोग की योजना भी बनाई गई है।

अटल बिहारी वाजपेयी विवि के छात्र भ्रमण पर

## सांची विवि पहुंचे हिन्दी विवि के छात्र पलाश के फूलों से जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में राजधानी के अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे। योग व प्रबंधन विभाग के करीब 35 छात्रों ने सांची विवि के योग विभाग का दौरा किया। होलिका अष्टक कार्यक्रम के प्रारंभ के साथ ही सभी छात्रों एवं शिक्षकों का स्वागत पारंपरिक तरीके से पलाश के फूलों से किया गया। सांची विवि के योग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि छात्रों को विवि के उद्देश्य व पाठ्यक्रम से परिचित कराया गया। इसमें भेंट किए गए पुष्प गुच्छ भी विभाग के छात्रों ने पलाश और बोगनबेलिया के फूलों से तैयार किए थे। हिंदी विवि के योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने कहा कि सांची विवि में छात्र और शिक्षक मिलकर योग विभाग का संचालन करते हैं जिसके कारण हर वर्ष छात्रों को लगातार रोजगार के अवसर मिलते हैं और वो सफल होते हैं। कहा कि उनका सपना है कि सांची विवि मध्य भारत में योग का शिक्षा देने वाले विवि में शामिल हो और छात्र इसकी गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के कारण उत्तर और दक्षिण के योग विश्वविद्यालयों को चुनौती दे सकें। अतिथि छात्रों को सांची विवि के योग विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराया गया।

### सफलता के लिए कम्फर्ट जोन से निकलना होगा

कुलसचिव प्रो. नवीन कुमार मेहता ने छात्रों को विभिन्न प्रेरणादायक कहानियों से प्रेरित कर अपने अंदर कौशल और आत्मानुशासन उत्पन्न करने की सीख दी। कहा कि किसी भी व्यक्ति को यदि आगे बढना है, सफलता हासिल करनी है तो उसे अपने कम्फर्ट जोन (सुख सुविधा पूर्ण वातावरण) से निकलना होगा। स्वयं को साधना होगा और तभी चुनौतियां शुरू होंगी।

## कुनबी समाज के परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने बताई पसंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय लोणारी कुनबी समाज मध्य प्रदेश का परिचय सम्मेलन रविवार बरखेड़ा ई सेक्टर में आयोजित किया गया। इस मौके पर 100 से अधिक युवक-युवतियों ने मंच से परिचय देकर अपनी पसंद बताई। सम्मेलन में महिलाओं का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम हुआ।

### बोधगया आस्था और बौद्ध धर्म का केंद्र : भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो

भोपाल। बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के तत्वावधान में रविवार को बुद्धभूमि महाविहार मोनास्ट्री, चुनाभट्टी कोलार रोड पर अंतरराष्ट्रीय बोधगया आंदोलन के समर्थन में धम्मसभा रखी गई। इसमें प्रदेश भर से सैकड़ों बौद्ध विहारों के प्रतिनिधि, भिक्षु संघ, बुद्धिजीवी और बौद्ध अनुयायी एकत्रित हुए। सभी ने एकमत होकर बोधगया की पावन भूमि की रक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो के नेतृत्व में पांच निर्णय लिए गए। बोधगया सहित अन्य बौद्ध धर्म स्थलों की रक्षा एवं विकास के लिए राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

जन्मदिन धारकों को किया सम्मान

## मासिक बैठक में मनाया गया विद्युत पेंशनरों का समारोहपूर्वक जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स कल्याण संघ की मासिक बैठक एवं मार्च माह के जन्मदिन धारकों का गरिमामय सम्मान समारोह संपन्न हुआ। बैठक में नवागन्तुकों का परिचय, अन्य जानकारी आपसी मेल- मिलाप, गीत-शायरी इत्यादि के साथ-साथ उपस्थित जन्मदिन धारकों का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया।

इनमें एपी राय, पीके मिश्रा, आरसी वर्मा, संजीव सक्सेना, पीके सरैया, आरके नेमा, बीएल जैन एवं जेएस रतन का भाव-भीनी स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष आरके शर्मा, प्रां. महासचिव पीआर साहू, प्रां. संगठन सचिव अवधेश दुबे, कोषाध्यक्ष सुधीर पंडित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में भोपाल जोन अध्यक्ष पीसी मालवीय, आरए शर्मा, आरसी दुबे का योगदान रहा। पेंशनरों के इस कार्यक्रम में बैंक आफ इंडिया की ओर से उपस्थित मुख्य मार्केटिंग मैनेजर आरडी बाकले ने बैंक की विशिष्ट योजना स्कीम क्रमांक 121 के अंतर्गत पेंशनरों की विशेष सुविधाओं की जानकारी दी।

उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम: मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों से जुड़कर उनकी मदद करना

## मैनिट:12 गांवों लिए गोद, बच्चों को सिखाई विभिन्न गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित मैनिट ने उन्नत भारत अभियान के तहत आसपास के 12 गांवों को गोद लिया है। यह अभियान भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा कम से कम पांच आस-पास के ग्रामीण गांवों को गोद लेना है। मूल उद्देश्य इन संस्थानों को गांवों में ग्रामीण लोगों से जोड़ना और शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कृषि, स्वास्थ्य, जल, बालिका विकास, अपशिष्ट प्रबंधन और तकनीकी हस्तक्षेप जैसे विकास के बुनियादी मुद्दों में उनकी मदद करना है। मैनिट देश में उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक (आरसीआई) में से एक है। इसने 12 गांवों को गोद लिया गया है। शिक्षा, जागरुकता, महिला सशक्तिकरण, बालिका विकास, कृषि, तकनीकी हस्तक्षेप, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्नत भारत अभियान मैनिट छात्र प्रकोष्ठ ने 8 मार्च 2025 को खारपा गांव के शासकीय मिडिल स्कूल में कई गतिविधियां की हैं। सरकारी स्कूल के अधिकांश छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों में अवसरों को जानने के लिए उत्सुक हैं। यूबीए के छात्र उन्हें सरल अंकगणित, भौगोलिक मानचित्र, ड्राइंग प्रतियोगिता, उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद नौकरियों के अवसर के संबंध में भी बताते हैं।



### गांव के दौरे का इन्होंने किया समन्वय

मैनिट उन्नत भारत अभियान की छात्रा समन्वयक विधि शर्मा और सह-समन्वयक याल्डा धनंजय ने गांव के दौरे का समन्वय किया। यूबीए सेल की छात्रा वेदिका, अंजलि, निशी, सुरभि, निहिरा, अनुज, दीक्षिता और भूमिका ने यात्रा के दौरान स्कूली छात्रों के लिए कई गतिविधियां कीं। इतना ही नहीं, मैनिट यूबीए के छात्रों ने स्कूली छात्रों को विभिन्न विषयों की मूल बातें सिखाने के लिए कक्षा बोर्ड का उपयोग किया। खारपा के सरकारी स्कूल की लड़कियों ने अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए मार्गदर्शन और मदद के साथ देखभाल की।

### गांवों में और भी गतिविधियां करेगा मैनिट

यूबीए के छात्रों ने उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की और सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों को विजेता प्रमाण पत्र दिया गया। इस गतिविधि ने सभी स्कूली छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी प्रकृति का निर्माण किया। यूबीए प्रकोष्ठ मैनिट के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सरकारी स्कूल के छात्रों को अधिकतम सहायता और मदद प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। आने वाले महीनों में यूबीए मैनिट छात्र प्रकोष्ठ गोद लिए गए गांवों में और भी गतिविधियां करेगा।

भोपाल
सोमवार, 10 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–11
वर्ष : 11, अंक : 345
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 19


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 कोहली ने खेला 550वां अंतरराष्ट्री...



विचार पेज
06 गुलाम कश्मीर की वापसी ही...

## रीवा के सरकारी अस्पताल में सरेआम गुंडागर्दी

### अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि कमेटी बनाकर व सीसीटीवी देखकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी

# मां का उपचार कराने आए बेटे को एक्स-रे रूम में बंद कर इतना पीटा कि बेहोश हुआ, तोड़ दी हड्डी-पसली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक संजय गांधी अस्पताल से अस्पताल में गुंडागर्दी की शर्मनाक तस्वीरें सामने आई हैं।

यहां, अपनी मां का इलाज कराने आए एक बेटे को एक्स-रे रूम के कमरे में बंद कर तब तक पीटा गया, जब तक लड़का बेहोश नहीं हो गया। बताया जाता है कि मारपीट करने वालों में एक्स-रे डिपार्टमेंट की दो लड़कियां भी शामिल थी। मारपीट के बाद अस्पताल प्रबंधन ने लड़के का सीटी स्कैन कराया है। मारपीट से भाई के बेहोश होने के बाद बीच बचाव करने आई बहन को भी पीट दिया गया। इस घटना में बेहोश हुए युवक की बहन ▶▶ शेष पेज 4 पर

- युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने रिपोर्ट जल्दी मांगी थी
- इस पर 4 कर्मचारी हैवान बनकर टूट पड़े, मां-बहन बिलखती रहीं
- रेडियोलॉजी विभाग के स्टाफ ने दिया वारदात को अंजाम



### जांच से पहले ही अधीक्षक ने माना- पीड़ित ही गुनहगार

वहीं, घटना के बाद अब अस्पताल प्रबंधन कमेटी बनाकर जांच के बाद कार्रवाई की बात कर रहा है। संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। हालांकि, उनकी नजर में पीड़ित ही गुनहगार है। लेकिन, उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि मारपीट में दो लड़कियां (नर्स स्टाफ) भी शामिल थी। वहीं, इस पूरे मामले पर संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक ने कहा कि कमेटी बनाकर सीसीटीवी और तमाम बातों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर संजीव शर्मा ने कहा कि मारपीट ▶▶ शेष पेज 4 पर

इधर, हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों से मारपीट ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

यह है पूरा मामला

### मां ने बताया कि एक्स-रे रूम में खून ही खून हो गया था

घायल युवक की मां फूलमती शुक्ला ने बताया कि वह पिछले शनिवार को संजय गांधी अस्पताल आई थी। उसका पैर टूट गया था, तब डॉक्टर ने उसके पैर में प्लास्टर बांध दिया था और इस शनिवार को बुलाया था। इस शनिवार वह अपने बेटे देवेंद्र नाथ शुक्ला और बेटी शशि मिश्रा के साथ अस्पताल में एक्स-रे कराने आई थी। लंबे समय तक उसको एक-रे रूम के बाहर बैठाया गया, उसका एक्सरे करने के लिए कोई तैयार नहीं था। किसी तरीके से एक्स-रे किया गया और उसके बाद रिपोर्ट देने में आनाकानी की जाने लगी, जिसके चलते उनके बेटे ने एक्स रे रिपोर्ट मांगी तो कुछ कहा सुनी हुई। इसके बाद चार-पांच लोग मेरे बेटे को एक्स-रे रूम के अंदर खींच कर ले गए और इतना मारा कि एक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुरीः समुद्र किनारे बन रहा आध्यात्मिक रिसॉर्ट

पुरी। ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के एक पुजारी आलीशान रिसॉर्ट बना रहे हैं। कोलकाता में



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि वह पवित्र शहर में आध्यात्मिकता पर केंद्रित 300 कमरों वाला एक आलीशान रिसॉर्ट बना रहे हैं। पुजारी ने रविवार को कहा कि समुद्र तट पर बनने वाला यह प्रोजेक्ट शुद्ध शाकाहारी और शराब रहित होगा।

### महू में दो पक्षों के बीच विवाद पुलिस तैनात

**महू।** इंदौर जिले के महू में भारी विवाद का मामला आया है। यहां भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत



के जश्न के बाद जुलूस निकाला गया। इसमें पथराव हो गया। इसके बाद दो पक्ष आमने सामने हो गए लोगों ने घरों के बाहर खड़े वाहनों को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पुलिस ने बल प्रयोग कर हालात को संभाल लिया।

### मंडला-बालाघाट सीमा पर महिला नक्सली ढेर

**मंडला।** जिले में एक बार फिर नक्सलियों की धमक से हड़कंप मच गया है। मंडला-बालाघाट की



सीमा पर लगे चिमटा फॉरेस्ट कैंप में रविवार को हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोपहर से शुरू हुई देर शाम तक जारी है, इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है। पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने नक्सली के मारे जाने की पुष्टि की है।

### पंद्रह दिन के सत्र में होंगी 9 बैठकें, 11 को आएगा दूसरा पूरक बजट

# विधानसभा का बजट सत्र आज से, 12 मार्च को पेश होगा बजट

**सत्र के लिए 1785 ऑनलाइन ऑफलाइन आए 1154 सवाल**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज 10 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है। 24 मार्च तक चलने वाले इस 15 दिवसीय सत्र में कुल 9 बैठकें होंगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण से होगी और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा 12 मार्च को वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है। इससे पहले 11 मार्च को दूसरा पूरक बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी आएगा।

13 मार्च को प्रश्नकाल के बाद राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर चर्चा होगी। सत्र के लिए विधायकों ने 2939 सवाल लगाए हैं। विधानसभा सचिवालय को 1785 सवाल ऑनलाइन मिले हैं जबकि 1154 प्रश्न ऑफलाइन लगाए गए हैं। सत्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधायकों को निर्देश दे चुके हैं कि वे आंकड़ों के साथ विधानसभा पहुंचें। किस योजना से उनके क्षेत्र और प्रदेश में क्या बदलाव आए हैं, उसे सदन के पटल पर रखें।
- डॉ. यादव ने यह भी कहा है कि विधायक प्रश्न लगाने के साथ ही विषय की तैयारी करके विधानसभा में अपनी बात रखें। विपक्ष के झूठे आरोपों का तथ्यों के साथ जवाब दें।

*विपक्ष की ज्वलंत मुद्दों पर घेरने की तैयारी, सत्तापक्ष भी मुस्तैद*

**खास बातें**
- बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो सकता है
- राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15 लाख करोड़ रुपए के आसपास हो सकता है



विधानसभा में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

### सत्तापक्ष और विपक्ष ने की व्यापक तैयारी

बजट सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने व्यापक तैयारी की है। कांग्रेस सदन के अंदर परिवहन घोटाला, कपास और धान उपार्जन घोटाला, भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, लाड़ली बहना योजना की राशि न बढ़ाए जाने, बेरोजगारी, महिलाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बजट में होगा गरीब किसान, महिला एवं युवा पर फोकस

बजट का फोकस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुसार प्राथमिकता वाली चार जातियों- गरीब, किसान, महिला एवं युवा पर रहेगा। इस बार का बजट 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का होगा। वर्ष 2028 में होने जा रहे सिंहस्थ के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए जाएंगे। सरकार पूंजीगत व्यय को और बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपए से अधिक कर सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण में साल 2024-25 में राज्य सकल घरेलू उत्पाद की स्थिति, राज्य की विकास दर, प्रति व्यक्ति आय से लेकर विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया जाएगा। राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 15 लाख करोड़ रुपए के आसपास हो सकता है।

### बजट में लोगों की आकांक्षाओं का ध्यान रखाः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि बजट सत्र की सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बजट मध्य प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम कर रही है। बजट तैयार करने में भी इसका ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल विभिन्न विभागों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बजट में हमारे विधायकों को कुछ नहीं देती सरकारः पटवारी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कहा कि बजट में कांग्रेस विधायकों को कुछ नहीं मिलता। भाजपा और उसकी सरकार लोकतंत्र की ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कटनी में नहर में नहाने के दौरान हादसा

## चार बच्चियां डूबीं, 1 को बचाया दो के शव मिले, एक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

*तीसरी बच्ची की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई*

नहर में नहाने गईं चार बच्चियां डूब गईं। एक बच्ची को वहां मौजूद ग्रामीण ने बचा लिया। बाकी तीनों गहरे पानी में डूब गईं। दो बच्चियों के शव को पुलिस और होमगार्ड ने रेस्क्यू कर लिया है। तीसरी बच्ची की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई है।

घटना उमरियापान थाना क्षेत्र के परसवा गांव में रविवार दोपहर की है। चारों बच्चियां बरगी दाईं तट पर नहाने पहुंची थी। सिद्धिका (12) और मानवी (8) पिता मनोज लोधी, अंशिका (13) पिता बसंत पटेल और अनन्या (12) पिता अजय पटेल निवासी परसवारा नहर में नहाने गई थीं। जहां पर नहाते वक्त सिद्धिका, मानवी और अंशिका नहर में डूब गईं। होमगार्ड की रेस्क्यू टीम ने सिद्धिका और अंशिका के शव को बाहर निकाल लिया। वहीं मानवी का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। सिद्धिका (12) सातवीं और मानवी (8) कक्षा तीसरी की छात्रा थी। उसका एक 4 साल का छोटा भाई है। दोनों के पिता मनोज लोधी मुंबई में वहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एक बच्ची दिख रही थी, उसे लोगों ने बचा लिया

प्रत्यक्षदर्शी दीपचंद दहिया ने बताया कि रानी अवंतिबाई नहर के पास ही मेरा खेत है। मैं वहा धनिया काट रहा था। गांव की एक बहू मेरे पास दौड़ते हुए आई। उसने कहा कि चाचा, जल्दी चलिए, नहर में लड़की डूब रही है। मैं तत्काल दौड़ते हुए आया। इसमें एक लड़की ऊपर दिख रही थी। उसे सुरक्षित निकाला। मैंने शोर मचाकर गांव वालों को इकट् ठा किया। गांव वाले आए। दो बच्चियों के शव निकाल लिए।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता यादव की मौत

## शादी कार्यक्रम के दौरान अचानक गिरे, डॉक्टरों ने बताया हार्ट अटैक



विश्व जल योगी के रूप में थी विशेष पहचान सीएम ने जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी यादव का निधन हो गया है। वे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य भी रह चुके थे। एक शादी समारोह के दौरान अचानक वे गिर पड़े थे जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

चिकित्सकों के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। लक्ष्मी यादव खजुराहो में स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा नेता रविंद्र सेठी के भतीजे के शादी समारोह में शामिल हुए थे। सतना शहर के ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पति के साथ गुरुग्राम आई थी सितंबर में

## गुरुग्राम में जापानी महिला 14वीं मंजिल से गिरी, मौत



महिला कैसे गिरी जांच में स्पष्ट नहीं

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

जापान की एक महिला 14वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर मृत पाई गई। महिला की पहचान जापान निवासी मडोको थामानो (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह पिछले साल सितंबर में अपने पति के साथ गुरुग्राम आई थी। वह अपने पति और दो बच्चों के साथ यहां एक सोसाइटी में रह रही थी। घटना शुक्रवार की सुबह को हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तब महिला की खून से सनी लाश जमीन पर पड़ी थी। गुरुग्राम के सेक्टर-53 थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात भर्ती किया गया था

## पीएम पहुंचे एम्स, उपराष्ट्रपति धनखड़ का हालचाल जाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना। उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार देर रात 2 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा- 'एम्स जाकर उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ



■ पीएम ने शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की

होने की प्रार्थना करता हूं। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने एम्स पहुंचे थे। गौर हो कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी समस्या के चलते बीती रात 2 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। उपराष्ट्रपति को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स लाया गया, जहां उनका तत्काल इलाज शुरू किया गया। एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में जगदीप धनखड़ क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती किया गया और डॉक्टरों के अनुसार, स्टेंट को भी प्रत्यारोपित किया गया। अब उपराष्ट्रपति की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जयपुर में आईफा 2025 का भव्य आयोजन

## आइफा में रहा ओटीटी का कब्जा, विक्रांत मैसी से कृति सेनन तक कई सितारों को मिला अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पिंक सिटी जयपुर में आईफा 2025 का भव्य आगाज हुआ। पहला दिन डिजिटल सितारों के नाम रहा। इस खास सेगमेंट को 'शोभा डिजिटल रियल्टी अवॉर्ड्स' नाम दिया गया, जहां ओटीटी प्लेटफॉर्म के टॉप कलाकारों और वेब सीरीज को सम्मानित किया गया। अमेजन प्राइम वीडियो की हिट वेब सीरीज 'पंचायत 3' को सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स मिले। इसमें जितेंद्र कुमार (बेस्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

वेब सीरीज 'पंचायत 3' को सबसे ज्यादा अवॉर्ड्स मिले




### मेन अवॉर्ड्स में दिग्गज सुपरस्टार पहुंचे

8 मार्च को डिजिटल स्टार्स को सम्मानित करने के बाद, 9 मार्च की शाम बड़े बॉलीवुड सितारे शामिल हुए। इस इवेंट को कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, करीना कपूर और माधुरी दीक्षित जयपुर पहुंचे। इनकी धमाकेदार परफॉर्मेंस से इस शाम को यादगार बनाया। इस साल आइफा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### होली के करीब गिरावट की उम्मीद, रतलाम का पारा 38 डिग्री के करीब

हवाएं और पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेशभर में बढ़ रहा तापमान

## भोपाल में दिन 35 तो रात 18 डिग्री पर गर्म, तीन दिन और मामूली 'बढ़त'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़त का सिलसिला जारी है। यह दो से तीन दिन और जारी रहेगा। होली के आसपास तापमान में कुछ गिरावट की उम्मीद है। रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक दिन का पारा रतलाम में 37.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 4.8 डिग्री अधिक है। प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन दो गुना तक अंतर रहा है। दिन का पारा 1.7 डिग्री बढ़कर 34.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक है। रात का तापमान 1.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 17.5 डिग्री पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



छोटे तालाब का दृश्य

### प्रदेश में तेज गर्मी का असर

रविवार को प्रदेश में धूप का असर बढ़ने से तेज गर्मी महसूस की गई। सबसे अधिक दिन के तापमान में बढ़त शिवपुरी में 4.8 डिग्री की रही। पारा 36 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक है। वहीं सबसे अधिक दिन का पारा रतलाम में 37.8 डिग्री रहा। यह भी नॉर्मल से 4.8 डिग्री अधिक है। प्रदेश में दिन और रात के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़त रही। इससे गर्मी का असर बढ़ा है।

## डॉ. यादव बाघ एवं बाघिन के जोड़े को टाइगर रिजर्व में छोड़ेंगे

# मुख्यमंत्री आज करेंगे माधव टाइगर रिजर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 मार्च को मप्र के 9वें टाइगर रिजर्व का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री इस ऐतिहासिक अवसर पर एक बाघ एवं एक बाघिन को टाइगर रिजर्व में छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री टाइगर रिजर्व की 13 किमी लम्बी पत्थर की सेफ्टी वॉल का भी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश के 58 वें और मप्र के 9 वें टाइगर रिजर्व की सौगात प्रदान करने पर आभार जताया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टाइगर रिजर्व बनने से वन्य-जीव संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन को नई ऊंचाई मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यह मप्र को वन्य-जीव संरक्षण क्षेत्र में मिली एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माधव राष्ट्रीय उद्यान ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित होने से वन्य-जीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। शिवपुरी स्थित माधव नेशनल पार्क अब प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व बन गया है।



### प्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व पर जताई प्रसन्नता

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक आश्चर्यजनक समाचार प्राप्त हुआ है। भारत वन्य जीव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा हमारे वन्य प्राणियों की रक्षा करने और एक सतत विकासशील ग्रह में जीवन कायम रखने में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

### 375 से अधिक वर्ग किमी में फैला है टाइगर रिजर्व

*माधव टाइगर रिजर्व का आरक्षित वन क्षेत्र 32429.52 हेक्टेयर, संरक्षित वन क्षेत्र 2422.00 हेक्टेयर और राजस्व क्षेत्र 2671.824 हेक्टेयर है। इस प्रकार कुल क्षेत्र 37523.344 हेक्टेयर अथवा 375.233 वर्ग किलोमीटर है। टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या 5 है। इसमें 2 नर और 3 मादा शामिल हैं। बाघिन ने 2 शावकों को जन्म दिया है, जिनकी उम्र लगभग 8 से 9 माह है। सोमवार 10 मार्च को दो बाघ और छोड़े जाने से टाइगर रिजर्व में कुल बाघों की संख्या 7 हो जाएगी।*

### माधव राष्ट्रीय उद्यान के 58वें टाइगर रिजर्व बनने पर सीएम ने प्रधानमंत्री का माना आभार



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58 वां और मप्र का 9वां टाईगर रिजर्व की सौगात देने के लिए आभार माना है। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के इस निर्णय को प्रदेश के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह मप्र को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मिली एक और बड़ी उपलब्धि है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी जिले में स्थित है। यह ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित करने से यहां वन्यजीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सदैव ही वन्य जीव संरक्षण में अग्रणी रहा है। यह नया टाइगर रिजर्व राज्य की जैव विविधता को और अधिक सशक्त करेगा। इससे बाघों के संरक्षण को बल मिलेगा, साथ ही पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक आश्चर्यजनक समाचार प्राप्त हुआ है। भारत वन्य जीव विविधता और वन्यजीवों के संरक्षण करने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा हमारे वन्य प्राणियों की रक्षा करने और एक सतत विकासशील ग्रह में जीवन कायम रखने में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

### वन्य जीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है भारतः केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र

*केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाईगर रिजर्व घोषित किए जाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पृथ्वी पर पारिस्थितिकी विविधता को बहाल करने पर दिए गए ऐतिहासिक जोर के साथ भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि देश ने अपने टाइगर रिजर्व की सूची में 58 वां टाइगर रिजर्व जोड़ लिया है, जिसमें नवीनतम नाम मप्र के माधव टाइगर रिजर्व का है। यह मप्र का 9 वां टाइगर रिजर्व है। केंद्रीय मंत्री यादव ने देश के सभी वन्य जीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जो निस्वार्थ भाव से वन्य जीव संरक्षण के पावन उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।*

---

### जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू होगी

# झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना का होगा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय विद्यार्थियों के लिए मेडिकल कॉलेज सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज खोलने की नीति में बदलाव किया गया है। इसमें सबसे पहले जनजातीय बहुल अंचल में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले में जल प्रदाय के लिए अनास नदी को नर्मदा नदी से जोड़ने की योजना के परीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने झाबुआ में कालका मंदिर से एम-2 होटल तक सड़क निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ओंकारेश्वर से होते हुए झाबुआ पहुंचे थे। वहां वे भगोरिया व अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री का महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने जनजातीय अंचल की झुलड़ी एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही प्रतीक तीर-कमान भेंट कर अभिनन्दन किया।

### झाबुआ में भगोरिया पर्व में शामिल होकर सीएम ने लिया आनंद

ओंकारेश्वर, उज्जैन और झाबुआ में धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगोरिया गैर में शामिल हुए। इसमें 250 से अधिक ढोल-मांदल की टोलियां शामिल हुईं। ये सभी सांस्कृतिक नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ढोल-मांदल लिए नृत्य करते हुए दलों के साथ भगोरिया की मस्ती में झूम उठे। उन्होंने भील महासम्मेलन का भारत माता, क्रांतिसूर्य टंट्या भील, राणा पुंजा एवं शबरी माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ किया।*

### सीएम का तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर किया स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को पानसेमल के पारंपरिक लोक उत्सव भगोरिया हाट में कहा कि जनजातीय संस्कृति में भगोरिया का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार और संस्कृति हमारी परम्परा को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय वेशभूषा पहनकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष रूप से सजी हुई गाड़ी में भगोरिया मेले का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने सभी को भगोरिया एवं होली की शुभकामनाएं दी। भगोरिया हाट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों ने तीर-कमान एवं कुलदेवी की टोकरी भेंट कर अभिनंदन किया।मुख्यमंत्री ने उनके स्वागत में आए स्थानीय ढोल-मांदल बजाने वाले समूहो की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक समूह को 5-5 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की।

---

## राज्यपाल व सांसद ने अंगदान जनजागृति कार रैली को हरी झंडी दिखा किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ऑर्गन डोनेशन कार रैली को हरी झंडी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। रैली का आयोजन जीएमसी एल्यूमनी एसोसिएशन और किरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

राज्यपाल ने राजभवन में अंगदाताओं के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने राजभवन के गेट नंबर एक से वाहन रैली को रवाना किया। उन्होंने देहदानी डॉ. एसआर मोघे, देहदानी, नेत्रदानी मीरा गोहिया, नेत्रदानी गणेश कुमार पटेल, नेत्रदानी, देहदानी राम कृपाल सिंह, नेत्रदानी आशा देवी लोकवानी, नेत्रदानी चंद्र भूषण सिंह और नेत्रदानी, देहदानी राधेश्याम पटेल के परिजनों को सम्मानित किया।

### सोम ग्रुप ने तीन समूह की 67 दुकान खरीदी

## ई-टेंडर की नीलामी से आबकारी को हुआ सीधा 100 करोड़ का फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भोपाल जिले की 4 समूहों में बंटी 87 शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया रविवार सुबह खत्म हो गई है। इसमें इसमें समूह 1, 2 और 4 की दुकानों का ठेका सोम ग्रुप की कंपनियों ने हासिल किया है। वहीं, एक अन्य समूह- 3 का ठेका लल्ला शिवहरे गुरप ने लिया है।

इधर, जिले के शराब कारोबार में सोम ग्रुप का वर्चस्व बढ़ गया है। उसके पास 62 दुकानों के ठेके हैं, जबकि लल्ला ग्रुप के पास सिर्फ 27 दुकानें रहेगी। इधर, छोटे ठेकेदार जिले से बाहर हो गए हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के मुताबिक, 4 समूहों की शराब दुकानों की रिजर्व प्राइस 1073.72 करोड़ रुपए रखी गई थी। ई-टेंडर और नीलामी के जरिए ये ठेके 1193.28 करोड़ रुपए में गए हैं, जो रिजर्व प्राइस से 11.35 प्रतिशत अधिक है। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के निर्धारित वार्षिक मूल्य से 297 करोड़ (33.36 प्रतिशत ) अधिक है। उन्होंने बताया कि जिले का संपूर्ण निष्पादन होने से आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, भोपाल, उपायुक्त आबकारी यशवंत धनौरा का विशेष मार्गदर्शन से ही अधिकतम राजस्व प्राप्त हुआ है।

### कौन सा ठेका, किसके पास ?

- बीपीएल-1 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी केंटेबरी टेडर्स ने 303.17 करोड़ यानी आरपी से 1.55 प्रतिशत अधिक पर ई टेंडर के जरिए लिया है। समूह में 19 दुकानें शामिल है।
- बीपीएल-2 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी रिचमोंडशाइन ट्रेडर्स ने नीलामी में आरपी 295.41 करोड़ के तुलना में 352.18 करोड़ (19.21 प्रतिशत) ज्यादा में लिया। इसमें 16 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल-3 समूह का ठेका फर्म रिपोर ने नीलामी में आरपी 264.53 करोड़ की तुलना में 321.28 करोड़ (21.45 प्रतिशत ज्यादा) में लिया। इस समूह में 25 दुकानें शामिल हैं।
- बीपीएल- 4 समूह का ठेका सोम ग्रुप की कंपनी साउथवर्क टेडर्स ने ई-टेंडर के जरिए आरपी 211.92 करोड़ के मुकाबले 210.60 करोड़ (0.62 प्रतिशत ज्यादा) में लिया है। इस समूह में 27 दुकानें शामिल हैं।

### दुकानें नीलाम

*चार समूह की सभी 87 दुकानें ई-टेंडर और नीलामी में बिक गई हैं। अब कोई भी दुकान का निष्पादन शेष नहीं है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के जिले के शराब ठेके आरक्षित मूल्य से 11.13 प्रतिशत अधिक में गए हैं। यह वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित वार्षिक मूल्य से 33.36 प्रतिशत (लगभग रुपए 297 करोड़) अधिक रहा।*

*दीपम रायचुरा, सहायक आबकारी आयुक्त, भोपाल*

---

भोपाल के भदभदा रोड स्थित कृषि प्रशिक्षण केंद्र में प्रांत अभ्यास वर्ग

## डॉ. राजेश शर्मा आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

आरोग्य भारती मध्य भारत प्रान्त के प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन भोपाल के राज्य कृषि विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, भदभदा रोड भोपाल में किया गया।

प्रांतीय अभ्यास वर्ग में मध्यभारत प्रान्त के 20 से अधिक जिलों से कार्यकर्ताओं व पाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रान्त की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन व नर्मदा अस्पताल समूह के प्रमुख डॉ. राजेश शर्मा को सर्वसम्मति से मध्यभारत प्रान्त का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. राजेश शर्मा एक ऑर्थोपेडिक व स्पाइन सर्जन है एवं रोड व हाई वेलोसिटी ट्रॉमा के विशेषज्ञ हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों से अधिक समय से मध्यभारत में अपने चिकित्सा संस्थानो के माध्यम से सेवा में रत हैं।

### अनेक सत्र हुए आयोजित

*डॉ. शर्मा के सनातन स्वास्थ्य चिंतन के मॉडर्न मेडिसिन के परिपेक्ष्य में चिंतन पर गहन अध्ययन व कार्य को ध्यान में रखकर अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। अभ्यास वर्ग में अनेक सत्रों का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र को आरोग्य भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव डॉ. मुरली कृष्ण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रान्त के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी, पालक अधिकारी जगमीत सिंह नामधारी और मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने संबोधित किया।*

### किसान न्याय योद्धा अभियान शुरू

**भोपाल।** कांग्रेस ने प्रदेश भर में किसान न्याय योद्धा अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि किसानों के हक की लड़ाई लड़ने गांव-गांव में योद्धा बनाए जाएंगे। हर जिले में 1000 किसान न्याय योद्धा बनने पर किसान न्याय यात्रा निकली जाएगी। किसान न्याय योद्धा को सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। इस अभियान को मजबूती देने प्रदेश में समिति बनाई गई है। इसका संयोजक राहुल राज, राम मनोहर बरुआ और कुलदीप पटेल को बनाया गया है।

### टांडा और गंधवानी पहुंचे चौधरी, पटवारी और सिंघार

## कांग्रेस नेताओं ने ढोल-मांदल की थाप पर नृत्य कर मनाया भगोरिया पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏩ धार

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कमलेश्वर पटेल, विधायक सचिन यादव, अरुण यादव आदि रविवार को धार जिले के टांडा और गंधवानी के भगोरिया पर्व में शामिल हुए। इन्होंने भगोरिया पर शामिल हुई ढोल मंडल की प्रत्येक टीमों को 500 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**ढोल मंडल की प्रत्येक टीमों को 500 रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया**

### तीर-कमान भेंट कर कांग्रेस पदाधिकारियों का किया सम्मान

कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी जीतू पटवारी कमलेश्वर पटेल सचिन यादव योर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र सिंह अरुण यादव को तीर-कमान भेंट करके इनका सम्मान किया गया। इसके बाद सभी नेता हेलीकॉप्टर के माध्यम से गंधवानी पहुंचे जहां पर इन्होंने भगोरिया पर्व पर नृत्य और ढोल बंडल की टीमों को प्रस्तुत किया गंधवानी में जीतू पटवारी ने मंच पर जमकर ढोल बजाया।

---

## सियासतनामा



### मप्र में भी खुल सकती है वीडी के नाम की लाटरी

राजनीतिक हलकों में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर निर्णय का इंतजार है। पहले जिलाध्यक्षों के चुनाव के कारण विलंब हुआ। इसके बाद दिल्ली चुनाव के कारण फैसला टला। अब कहा जा रहा है कि पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष चुनाव प्रक्रिया के प्रारंभ में प्रदेश के दौरे पर थे तब सार्वजनिक तौर पर कहा था कि प्रदेश को नया प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जल्दी मिलेगा। इसके बाद वीडी शर्मा के स्थान पर नए नेता की ताजपोशी तय मानी जाने लगी थी। दौड़ में शामिल नाम अब भी चर्चा में हैं। पर वीडी शर्मा के अपने प्रयास जारी रहे। एक बार उनका कार्यकाल बढ़ चुका है। इस बीच भाजपा नेतृत्व ने पड़ोस के छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों में अपने प्रदेश अध्यक्ष रिपीट कर दिए। छत्तीसगढ़ में किरण सिंह जूदेव और राजस्थान में मदन राठौड़ को एक और मौका देकर प्रदेश अध्यक्ष बना दिया। ऐसे में छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तर्ज पर मप्र में भी उनके नाम की लाटरी खुल सकती है।

### बजट सत्र छोटा, दांव-पेंच बड़े

कुछ साल पहले तक विधानसभा का सत्र शुरू होने की आहट से अधिकारी-कर्मचारी चौकन्ने हो जाते थे। डर रहता था कि उनसे जुड़ा मुद्दा सदन के अंदर उठ न जाए। अब सब कुछ बदला हुआ है। सत्र की अवधि सिमटती जा रही है। 10 मार्च से चालू बजट सत्र को ही ले लीजिए। इसकी मात्र 9 बैठकें होने वाली हैं। पहले बजट सत्र महीनों चलता था। 9 दिन में ही बजट और विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा कर इसे पारित कराना है। सत्तापक्ष की कोशिश बजट पास करा कर सत्र को जल्द समाप्त कराने की होगी। दूसरी तरफ विपक्ष की तैयारी बड़ी है। वह परिवहन घोटाले और भिखारी वाले बयान पर मंत्री प्रहलाद पटेल को पूरे प्रदेश में घेर रहा है। विपक्ष की धार को कम करने के उद्देश्य से ही शायद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का पुराना मामला कोर्ट में पहुंच गया है और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे की जांच तेज हो गई है। गोहद से कांग्रेस विधायक केशव देसाई को विधानसभा में सवाल पूछने पर कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

### सरकार का अता-पता नहीं, इन्होंने बना दिया केंद्रीय मंत्री

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह के स्थान पर आए नए प्रभारी हरीश चौधरी बातें फेंकने में कम नहीं दिखते। जितेंद्र सिंह कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा करते रहते थे लेकिन वह गठित नहीं होती थी। हरीश चौधरी उनसे भी दो कदम आगे निकले। वे झाबुआ दौरे पर पहुंचे तो घोषणा कर डाली कि आप सब कांतिलाल भूरिया को पूर्व केंद्रीय मंत्री न कहें बल्कि भावी केंद्रीय मंत्री बोलें। चौधरी ने कहा कि अगले चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनेगी और भूरिया केंद्र सरकार में मंत्री बनेंगे। भूरिया खुद लगातार लोकसभा के दो चुनाव हार चुके हैं। इतना हीं नहीं, लोकसभा के पिछले चुनाव प्रचार के दौरान भूरिया ने कहा था कि यह उनका आखिरी चुनाव है। अब प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पहुंचे तो कह दिया कि भूरिया कांग्रेस की अगली सरकार में केंद्रीय मंत्री बनेंगे।

### पटेल अपने बयान से पीछे हटने को तैयार नहीं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अपने एक बयान को लेकर कांग्रेस के निशाने पर हैं। खास यह है कि उनके समर्थन में न उनके दल भाजपा का कोई नेता खड़ा हुआ, न ही सरकार का कोई मंत्री। इतना ही नहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखी, बाद में उसे डिलीट भी कर दिया। बावजूद इसके प्रहलाद अपने बयान से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। राजगढ़ जिले के एक कार्यक्रम में उन्होंने मंत्रियों, विधायकों को आवेदन देने वाले लोगों को भिखारियों की फौज कह दिया था। प्रहलाद ने कहा था कि कार्यक्रम में लोग एक हाथ से माला पहना कर स्वागत करते हैं और दूसरे हाथ से एक आवेदन थमा देते हैं। उन्होंने कहा, भीख मांगने की यह प्रवृत्ति ठीक नहीं। जिन लोगों से वोटों की भीख मांग कर नेता चुनाव जीतते हैं, बाद में जनता अपनी समस्या को लेकर आवेदन देती है तो उसे भिखारी कैसे कहा जा सकता है?

### सौरभ ने कुछ भी नहीं उगलवा पाई तीनों एजेंसियां

परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा के दम की दाद देनी होगी। उन्होंने धन-संपत्ति कमाने में ही अपनी ताकत नहीं दिखाई, तीन-तीन एजेंसियों की जांच में भी अपना दम दिखा दिया। वह भी तब जब मामला हाईप्रोफाइल है। इसकी गूंज भोपाल से लेकर दिल्ली तक है। कांग्रेस के दो नेता नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भाजपा के दो पूर्व परिवहन मंत्रियों गोविंद सिंह राजपूत और भूपेंद्र सिंह पर हमलावर हैं। गोविंद और भूपेंद्र की ओर से भी जवाबी हमले हो रहे हैं। ईडी जैसी जांच एजेंसी बड़े से बड़े अपराधी से सच उगलवाने में माहिर मानी जाती है। सौरभ और उनके साथियों से ईडी के साथ लोकायुक्त और आयकर विभाग की टीमें भी पूछताछ कर चुकी हैं। लेकिन ये जांच एजेंसियां सौरभ शर्मा और उनके सहयोगियों से यह नहीं उगलवा पाईं कि जब्त किया गया 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश किसका था।

दिनेश निगम 'त्यागी'

---

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में होगा विरोध-प्रदर्शन

## आज किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर विधानसभा सचिवालय ने पूरी तैयारी कर ली है। राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का शुभारंभ होगा। 12 मार्च को सदन में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे।

सोमवार को ही किसानों के मुद्दे पर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में मप्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन होने जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की संयुक्त प्रेसवार्ता पीसीसी में हुई। इस दौरान अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रभारी अखिलेश शुक्ला, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सुखदेव पांसे, पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर तथा मौजूदा प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित थे।



### किसान कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा

किसान कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि 10 मार्च को किसानों के मुद्दे पर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदर्शन होगा। किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस विधानसभा का घेराव करेगी। पूरा कार्यक्रम भोपाल के जवाहर चौक पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### किसानों की हालत खराब

*चौहान ने कहा कि राज्य में किसानों की हालत बहुत खराब है। सब्जियों की फसल खराब हुई है, जिसके चलते किसानों को 50 हजार रुपए एकड़ के हिसाब से मुआवजा दें। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि मांगे पूरी नहीं होती तो विधानसभा घेराव के बाद मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। प्रदेश में बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं और सरकार द्वारा किए गए वादों को लेकर दबाव बनाना है, ताकि किसानों को मुआवजा और अन्य राहत मिल सके। कांग्रेस विधानसभा में किसानों के मुद्दे उठाएंगी।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 10 मार्च 2025






# जडेजा ने जैसे ही मारा जीत का चौका..भोपाल बोला...फोड़ डाला

## मैच जीतते ही घरों से निकले लोग ढोल की थाप पर नाचते हुए मचाई धूम, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

### लोगों ने शहर में कई जगह बड़ी स्क्रीन पर देखा भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेला गया चैंपियंस ट्रॉफी का लाइव मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत-न्यूजीलैंड के बीच दुबई में चल रहे चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच का अलग ही रोमांच था। आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 49वां ओवर डाल रहे विलियम ओरूर्क की आखिरी बॉल पर जैसे ही जीत का चौका लगाया, इधर मैच का बड़ी स्क्रीन पर मैच का सीधा प्रसारण देख रहे फेंस बोले-न्यूजीलैंड को फोड़ डाला और एक सुर में बोले-वेल्डन इंडिया।

हालांकि इसके काफी पहले ही राजधानी में लोग आतिशबाजी कर जश्न मनाने लगे थे, क्योंकि उन्हें पता था कि जीत तो टीम इंडिया की होनी है, बस इंतजार था तो सिर्फ औपचारिकत जीत का। जो 49वें ओवर की अंतिम गेंद पर पूरा हुआ। इसके बाद घरों में मैच देख रहे लोग मार्केट में निकल आए और देर रात तक आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाते रहे।



### राजधानी में त्योहार का माहौल, दी बधाइयां

*इतना ही नहीं, कुछ फेंस ने ढोल वालों को भी बुला लिया और सारे लोग ढोल की थाप पर नाचते रहे। यह नजारा राजधानी के मानसरोवर कॉम्पलेक्स, 10 नंबर मार्केट, न्यू मार्केट, एमपी नगर, ओल्ड सिटी के पीरगेट, संत नगर में देर रात तक नजर आया। जैसा कि पहले से ही तय था रविवार यानि अवकाश के दिन यह फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इसलिए लोगों ने पहले से ही मैच का सीधा प्रसारण देखने की अपने-अपने हिसाब से तैयारी कर ली थीं। वहीं विभिन्न बाजारों में बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच दिखाया जा रहा था। ऐसा लग रहा था मानो इन जगहों पर मेला सा लग गया हो।*

### मीनाल रेसीडेंसी में अलग ही जोश नजर आया



एमपी नगर स्थित मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के बाहर लगी बड़ी स्क्रीन पर मैच देखते हुए जश्न मनाते फैंस

## उज्जैन में किया गया मिर्ची यज्ञ



*भोपाल। टीम इंडिया की जीत के लिए महाकाल मंदिर में स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में श्री गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ और महाआरती कर भगवान गणेश से जीत की कामना की गई। वहीं, भैरवगढ़ स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में 51 पुजारियों ने मिर्ची यज्ञ किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भी शामिल हुए। मां बगलामुखी के दरबार में शत्रु नाशक हवन किया गया।*

### विशेष हवन पूजनःहनुमान जी को अर्पित किए 11 नारियल

*भोपाल। शीतलदास की बगिया में सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए विशेष हवन-पूजन किया गया। इस आयोजन में टीम इंडिया के 11 खिलाड़ियों के नाम नारियल पर लिखकर श्रीराम और हनुमान जी को अर्पित किए गए और संकल्प लिया गया कि टीम इंडिया विजयी होकर तिरंगा लहराएगी। इस अनूठे आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों ने भी हिस्सा लिया और भारतीय टीम की जीत के लिए हवन में आहुति देकर प्रार्थना की। युवा संगठन के विवेक साहू ने बताया कि हवन में कुल 12 नारियल रखे थे, जिनमें 11 खिलाड़ियों के लिए और एक टॉस के लिए।*





### भारत की जीत पर मंत्री सारंग ने दी बधाई

भारत जैसे ही जीत की कगार पर पहुंचा प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के मंत्री निवास में बड़ी स्क्रीन पर मैच का सीधा प्रसारण देख रहे सैकड़ों फेंस में नया जोश आ गया। इसके बाद जैसे ही जीत का चौका रवींद्र जड़ेजा ने मारा मंत्री सारंग समेत सभी तिरंगा लहराने लगे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इसके बाद मंत्री सारंग ने न केवल वहां मैच देख रहे फेंस को बल्कि पूरे प्रदेश वासियों को जीत की बधाई दी।





राजधानी में भाजपा नेताओं ने तिरंगा लहराकर भारत की जीत का जश्न मनाया।

### विधायक रामेश्वर ने की आतिशबाजी

*विधायक रामेश्वर शर्मा ने भारत की ऐतिहासिक जीत का जश्न संत नगर की सड़कों पर युवा साथियों के साथ मनाया। इस दौरान गगनचुंबी आतिशबाजी भी की गई।इसके साथ ही फैंस के बीच मिष्ठान वितरण भी किया गया।*



---

## डॉक्टर्स ने कहा- अचानक हथियार लिए लोगों ने हमला कर दिया

### हमले में 10 डॉक्टर्स, 11 कर्मचारी और तीन गार्ड को आई गंभीर चोटें

# हमीदिया अस्पतालः रात एक बजे आईसीयू में बवाल, 35 से ज्यादा लोगों का डॉक्टरों पर हमला

### सुरक्षा नाकाफी — यह हाल प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की सुरक्षा का

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल हमीदिया। रात करीब एक बजे। तभी अचानक अस्पताल के आईसीयू वार्ड में हाथों में हथियार लिए 35-40 लोग घुसते हैं और ड्यूटी पर मौजूद जूनियर डॉक्टरों पर हमला कर देते हैं। अचानक हुए हमले से डॉक्टर्स, कर्मचारी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही लोगों ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। हमला करने लोगों की संख्या इतनी थी कि डॉक्टर्स उनके सामने बेवस नजर आए आए। इतनी बढ़ी संख्या में एक साथ हमला करने से 10 जूनियर डाक्टर्स, 11 कर्मचारी और तीन गार्ड को चोटें आई हैं। घायलों में तीन डाक्टर्स को गंभीर चोटें हैं, उन्हें भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

**मरीज की मौत के बाद गुस्से में थे हमलावर**

जानकारी के मुताबिक 8 मार्च को उज्जैन निवासी 45 वर्षीय डॉली बाई को ब्लड प्रेशर, शुगर की वजह से अस्पताल के एच ब्लाक के थर्ड फ्लोर के मेडिसिन आईसीयू में भर्ती कराया था। बीती रात करीब एक बजे इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन और वहां मौजूद लोग नाराज हो गए और हंगामा करते हुए ऑनड्यूटी डॉक्टरों पर हमला कर दिया। थोड़ी देर बाद करीब 20 से 25 लोग हथियारों के साथ वहां पहुंचे और मारपीट करना शुरू कर दी। इस दौरान आईसीयू में 10 से ज्यादा डॉक्टर मौजूद थे। सभी को चोटें आई हैं। जब कर्मचारी और गार्ड उन्हें बचाने पहुंचे तो लोगों ने उन पर भी हमला कर दिया। करीब आधे घंटे तक आईसीयू में मारपीट होती रही। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देख ज्यादातर हमलावर वहां से फरार हो गए।





### गंभीर चोट नहीं है

गांधी मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन आरपी कौशल ने बताया कि एक मरीज की मौत के बाद परिजन आईसीयू में घुस आए थे। डॉक्टरों के साथ मारपीट की। तीन डॉक्टर घायल हुए हैं, हालांकि उनकी चोटें गंभीर नहीं हैं। हमने तुरंत घटना की शिकायत कोहफिजा पुलिस से की है।

### वीडियो के आधार पर की जा रही पहचान

डॉक्टरों पर हमला करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। डॉक्टरों पर हमला करने की घटना दो वीडियो भी सामने आए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग डॉक्टरों पर हमला कर रहे हैं। वीडियो के आधार पर पुलिस बाकी संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है।

**बृजेंद्र मर्सकोले,** थाना प्रभारी, कोहेफिजा


### प्लीज... हमें सुरक्षा दो

रात करीब एक बजे आईसीयू में ड्यूटी करने वाले जूनियर डॉक्टरों पर एक साथ 40 से ज्यादा लोगों ने हमला कर दिया। इन लोगों के पास हथियार भी थे। इन्होंने डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट की है। तीन डॉक्टर्स को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। प्लीज हमें सुरक्षा दें, हम पहले भी सुरक्षा को लेकर सीएम, डिप्टी सीएम, पुलिस कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। इससे पहले महिला डॉक्टर की कार में तोड़फोड़ हुई। कई बार यहां परिसर में रात में संदिग्ध लोग घूमते रहते हैं। इसके लिए हमें सुरक्षा दी जानी चाहिए।

**डॉ. कुलदीप गुप्ता,** अध्यक्ष, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन

### जूडा की ये हैं मांगें

- *अज्ञात लोगों के प्रवेश पर रोक लगे।*
- *अवैध एम्बुलेंस परिसर से बाहर हों।*
- *परिसर में सुरक्षा गाड्‌र्स की संख्या बढ़ाई जाए।*
- *हाई मास्ट लाइट लगाई जाएं।*
- *चारों तरफ बाउंड्रीवाल बनाकर उन पर कंटीले तार लगाए जाएं।*


To
CMO
HM Bhopal
This is to inform you that a
Thank You

जूड़ॉ द्वारा सीएमओ को लिखा गया पत्र।

---

### पीछे की खिड़की की ग्रिल कटी मिली

## शटर का ताला तोड़कर मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में घुसे बदमाश




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


राजधानी के भेल गेट नंबर एक के सामने इंद्रपुरी में मणप्पुरम गोल्ड लोन बैंक में चोरी के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी रात करीब 3 बजे बैंक के अंदर घुसे थे। आरोपियों ने मेन गेट के शटर पर लगा ताला तोड़ा और शटर उठाकर अंदर के चैनल गेट का ताला तोड़ लिया था। वे स्ट्रांग रूम से गोल्ड और नकदी चुराने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच सायरन बज गया और आसपास के लोगों ने डायल 100 पर कॉल कर दिया था। जब तक पुलिस पहुंचती आरोपी मौके से भाग निकले थे।

थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि उक्त मामले में ब्रांच मैनेजर शिवानी गुप्ता की शिकायत पर चोरी के प्रयास का मामला दर्ज किया है। मैनेजर शिवानी ने बताया कि अज्ञात बदमाश शनिवार-रविवार की रात करीब 3 बजे मुख्य शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरे की केबल डिस्कनेक्ट कर दी। इसके बाद वह अंदर स्ट्रांग रूम के लॉकर को तोड़ने का प्रयास करने लगे।



### सायरन एक्टिव होते ही भागे बदमाश

*इसी बीच सायरन एक्टिव हो गया। जिससे आसपास के लोगों ने डायल 100 को सूचना दी थी। हालांकि इससे पहले ही सायरन बजते ही आरोपी भाग निकले। वहीं दो साल पूर्व दिनदहाड़े इसी बैंक में लूट की नाकाम कोशिश हुई थी। इसके बाद पुलिस ने बैंक प्रबंधन को गार्ड रखने की बात कही थी। बैंक प्रबंधन ने कहा कि बैंक में गार्ड रखने की हेड ऑफिस से ही परमिशन नहीं है। इधर एक बार फिर बैंक में चोरी के प्रयास की घटना घट गई। थाना प्रभारी अनुराग लाल का कहना है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।*




# 'कोई लड़का है' गाने पर बेहतरीन डांस...

**मुंबई।** शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने 'दिल तो पागल है' फिल्म के गाने 'कोई लड़का है' पर बेहतरीन डांस किया है। इससे 90 के दशक फैंस बहुत खुश हो गए हैं। इन लोगों के आईफा 2025 के स्टेज पर डांस किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को माधुरी दीक्षित ने आईफा 2025 के स्टेज पर परफार्म किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान ने काले कपड़े पहने हैं। माधुरी दीक्षित ने काला सफेद कपड़ा पहना है। उन्होंने 'कोई लड़की है' गाने पर बेहतरीन डांस किया है। दोनों ने उसी तरह से डांस करने की कोशिश की है जैसे उन्होंने असली गाने में किया है।

# आराध्या ने किया 'बी हैप्पी' के लिए प्रेरित...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन जल्द ही अपनी नई फिल्म 'बी हैप्पी' में नजर आने वाले हैं। अभिनेता 14 मार्च को रिलीज होने वाली इस फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। पिता-बेटी के बीच के रिश्ते को दिखाती इस फिल्म को लेकर एक्टर का कहना है कि उनकी बेटी आराध्या के साथ पिता के रूप में उनके अनुभवों ने उन्हें इस फिल्म में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'मैंने इस प्रोजेक्ट को पिता-बेटी के रिश्ते पर इसके अनूठे फोकस के लिए चुना है। ये एक ऐसा पहलू है जिसे हिंदी सिनेमा में कम दिखाया गया है। अगर आप अपने जीवन में किसी भावना का अनुभव कर सकते हैं, तो फिल्म में वैसा किरदार निभाना बहुत आसान हो जाता है।





# दो पार्ट में रिलीज होगी नानी की 'द पैराडाइज

मुंबई। साउथ अभिनेता नानी इन दिनों अपनी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। माना जा रहा है कि यह फिल्म नानी की अब तक की सबसे बड़ी और महंगी फिल्म होगी। फिल्म को लेकर अब एक ताजा जानकारी सामने आई है कि 'द पैराडाइज' दो भागों में रिलीज की जाएगी, जिसे सुनने के बाद नानी के प्रशंसक 'द पैराडाइज' को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं। 'द पैराडाइज' को श्रीकांत ओडेला निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म की पहली झलक ने ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। फिल्म के पोस्ट में नानी का लुक अभी तक की उनकी सभी फिल्मों से बिल्कुल अलग नजर आया। यही वजह है कि नानी के प्रशंसकों को इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है, ताकि वह अपने पसंदीदा अभिनेता को एक अलग रूप में देख सकें।

## जैकेट का शेष

### सैल्यूट...

बनी थी। तब उसने श्रीलंका संग संयुक्त रूप से खिताब साझा किया था फिर एमएस धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम साल 2013 में चैम्पियन बनी। अब रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने इतिहास रचा है। इसके साथ ही रोहित शर्मा लगातार दो आईसीसी फाइनल जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान भी बन गए। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को दुबई में हराकर 12 साल का सूखा खत्म किया।

### सीएम ने लिखा...

आनंद, उत्साह और उल्लास के क्षण हैं। भारतीय क्रिकेट टीम, कोच, प्रबंधन सहित सभी समर्पित साथियों को पुनः बधाई।

### उज्जैन के महाकाल ...

बहती हैं इसलिए उन्हें पवित्र रखना ज़रूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा' कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर जीवनदायिनी मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में जहां भी नर्मदा तट हैं वहां आयोजनों के लिए घाट निर्माण किया जाएगा एवं यात्रियों की सुविधा के लिए साईनऐप लगाए जाएंगे।

### कन्याओं और बटुकों ...

ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी राव देवेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य ट्रस्टी ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति प्रतीक चिन्ह स्वरूप भेंट की। डॉ. यादव ने कन्याओं एवं बटुकों को फल की टोकरी भेंट की। साथ ही उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। कार्यक्रम में गुरुदेव विवेक, जोड़ गणपति हनुमान मंदिर ओंकारेश्वर के महंत मंगलदास त्यागी, महानिर्वाणी अखाड़ा ओंकारेश्वर के महंत कैलाश भारती, मार्कंडेय संन्यास आश्रम ओंकारेश्वर के महंत प्रणवानंद सरस्वती एवं निजानंद धाम खाचरोद के पूज्य ब्रह्मचारी महाराज, खंडवा विधायक श्रीमती कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, मान्धाता विधायक नारायण पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

### केमिकल युक्त ...

इससे बचने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। प्राकृतिक व जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### 5 मजदूरों की...

अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे हुई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूर पानी की टंकी में साफ-सफाई करने के लिए उतरे थे, लेकिन इस दौरान वे बेहोश हो गए। उन्होंने बताया कि निर्माण स्थल पर मौजूद अन्य लोगों ने दमकल विभाग को घटना की सूचना दी। पांच लोगों को टंकी से निकालकर सरकारी जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मरने वालों की...

शेख, 36, इमांडू शेख, 38 हैं। बचाए गए एक मजदूर का नाम पुरहान शेख (31) है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएएमसी)और स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच जारी है।

### 2 से 3 ट्रकों में भरकर...

और साउंड सिस्टम जब्त किया है। कंसर्ट स्थल से 2 से 3 ट्रकों में भर कर इवेंट से जुड़े सामान नगर निगम की टीम ले गई। भाजपा पार्षद निरंजन सिंह चौहान गुड्डु ने रविवार को बताया कि आयोजकों द्वारा पूरा मनोरंजन कर नहीं चुकाए जाने के कारण सामान जब्त किया गया। आयोजकों को पूरा टैक्स चुकाकर अपना सामान वापस लेने का विकल्प दिया गया है।

दरअसल, 8 मार्च को इंदौर में हनी सिंह का कॉन्सर्ट आयोजित हुआ था। कॉन्सर्ट खत्म होने के बाद इंदौर नगर निगम ने आयोजकों द्वारा मनोरंजन कर की पूरी राशि नहीं चुकाने पर कार्रवाई की। गुड्डु ने बताया कि आयोजक दिल्ली की एक कंपनी है। आयोजकों ने ऑनलाइन माध्यम से केवल 7.84 लाख रुपए का मनोरंजन कर चुकाया था। उन्होंने एक हलफनामा भी दिया था जिसमें बाकी की राशि अगले दिन चुकाने का आश्वासन दिया गया था। जब उन्होंने भुगतान नहीं किया, तो महापौर के निर्देश पर अधिकारियों ने 50 लाख रुपए का नोटिस भेजा।

### 78 लाख रुपए के ...

कि अब तक केवल 78 लाख रुपए के टिकट बिके हैं, जो विश्वसनीय नहीं था। मेयर भार्गव ने पहले ही कहा था कि वे सभी का इंदौर में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्वागत करते हैं, लेकिन नियमों का पालन करना ज़रूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ का भी इंदौर में शो हुआ था और आयोजक बिना टैक्स चुकाए चले गए थे।

### संसद के बजट ...

पारित करने पर होगा। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को मणिपुर का बजट भी पेश करेंगी। क्योंकि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।

## पेज एक का शेष

### मां का उपचार कराने ...

ने बताया कि भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि पिटाई के बाद लंबे समय तक भाई को होश नहीं आया था।

### जांच से पहले ही अधीक्षक...

की जानकारी मिली है। एक कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच करेंगे। इस दौरान जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### मां ने बताया कि ...

-रे रूम में खून ही खून हो गया और मेरा बेटा बेहोश हो गया। अपने भाई को बचाने के लिए जब मेरी लड़की शशि मिश्रा एक्स-रे रूम का दरवाजा पीट रही थी, तो उसके साथ भी मारपीट कर उसे बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कमरे में बंद करके देवेंद्र नाथ को तब तक एक्स-रे डिपार्टमेंट की लड़कों ने पीटा, जब तक वह बेहोश नहीं हो गया।

### विधानसभा का...

दौरान ही होली और रंगपंचमी पर्व पड़ेंगे, इस कारण सदन में अवकाश रहेगा।

### सत्तापक्ष और ...

के खिलाफ अपराध, राज्य की कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेगी। प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर भी कांग्रेस सरकार और भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में है। पटेल ने एक कार्यक्रम में मंत्रियों, विधायकों को आवेदन देने वालों को भिखारियों की फौज कह दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने अपने विधायकों से सत्र के दौरान मुस्तैद रहने और कांग्रेस को पूरी ताकत से जवाब देने तैयार रहने के लिए कहा है।

### बजट में लोगों की ...

में किए गए कार्यों के आधार पर एक पूरा रोडमैप तय किया है। इससे पहले डॉ. यादव ने मुख्य सचिव अनुराग जैन और विधानसभा सचिव अवधेश प्रताप सिंह के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि प्रश्नों और ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के जवाब तथ्य आधारित और तार्किक रूप से सदन के समक्ष रखे जाएं। उन्होंने शून्यकाल में लंबित मामलों, अधूरे जवाबों, आश्वासनों और लोक लेखा समिति (सीएजी) की सिफारिशों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए थे।

### बजट में हमारे विधायकों ...

मर्यादा नहीं मानती। बजट सत्र करीब 40 दिन का होता है, लेकिन मप्र में 9 दिन का कर दिया गया है। सरकार बजट का आवंटन करती है तब अपने विधायको को 15-15 करोड़ देती है और विपक्ष को जीरो देती है। कर्ज लो, बजट बनाओ, भ्रष्टाचार करो और सौरभ शर्मा जैसे लोगों को फायदा पहुंचाओ। उन्होंने कहा कि बजट से ज्यादा कर्ज है, प्रदेश के ऊपर।

### चार बच्चियां डूबीं...

मजदूरी करते हैं। मां घर में थी। जबकि अंशिका पिता बसंत पटेल (13) 9वीं और अनन्या पिता अजय पटेल (12) 6वीं में पढ़ती है।

### शादी कार्यक्रम के ...

कोलगवा क्षेत्र के निवासी लक्ष्मी यादव विश्व जल योगी के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने महज 14 वर्ष की उम्र से ही जल के अंदर योग करना शुरू किया था। वे करीब 6 फीट गहरे पानी में बड़ी आसानी से जलयोग करते थे। हाल ही में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में गंगा में डुबकी लगाकर जलयोग किया था। उनका यह अनूठा जलयोग सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। लक्ष्मी यादव के निधन के पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी यादव के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। बाबा महाकाल दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें, यही प्रार्थना करता हूं।

### गुरुग्राम में जापानी...

बताया कि गुरुग्राम के पार्क प्लाजा सोसाइटी की 14वीं मंजिल से गिरकर जापान की रहने वाली 34 वर्षीय महिला मेडोका थामानो की संदिग हालात में मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी जापान के दूतावास को भी दे दी गई है। मेडोका थामानो के पति और दो बच्चे हैं। उनके पति बैंक में काम करते हैं। हादसे के वक्त फ्लैट में बच्चे और पति मौजूद थे। महिला कैसे गिरी इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जापानी दूतावास के भी अधिकारी ने भी वहां पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई।

### पीएम पहुंचे एम्स...

हालत स्थिर बनी हुई है। उपराष्ट्रपति धनखड़ को भर्ती करने के बाद एम्स में एक टीम बनाई गई है जो उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है।

### आइफा में रहा...

लीडिंग रोल – मेल), फैसल मलिक (बेस्ट सपोर्टिंग रोल – मेल), दीपक कुमार मिश्रा (बेस्ट डायरेक्टर – सीरीज) जैसे अवॉर्ड शामिल हैं। इसके अलावा, कृति सेनन की 'दो पत्ती' को बेस्ट ओरिजिनल फिल्म का अवॉर्ड मिला। वहीं विक्रांत मैसी को फिल्म 'सेक्टर 36' के लिए बेस्ट लीडिंग रोल-मेल का सम्मान मिला।

### डिजिटल अवॉर्ड्स के :

बेस्ट नॉन स्क्रिप्टेड सीरीजः फैबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स
बेस्ट डॉक्यूमेंट्री सीरीजः यो यो हनी सिंह फेमस
बेस्ट ओरिजिनल सीरीजः कोटा फैक्ट्री सीजन 3
बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) सीरीजः फैसल मलिक (पंचायत 3)
बेस्ट सपोर्टिंग रोल (फीमेल) सीरीजः संजीदा शेख (हीरामंडीः द डायमंड बाजार)
बेस्ट डायरेक्टर (सीरीज): दीपक कुमार मिश्रा (पंचायत 3)
बेस्ट लीडिंग रोल (मेल) सीरीजः जितेंद्र कुमार (पंचायत 3)
बेस्ट लीडिंग रोल (फीमेल) सीरीजः श्रेया चौधरी (बैंडिश बंडित 2)

### बेस्ट सीरीजः पंचायत 3

बेस्ट ओरिजिनल फिल्मः दो पत्ती
बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) फिल्मः दीपक डोबरियाल
बेस्ट सपोर्टिंग रोल (फीमेल) फिल्मः अनुप्रिया गोयंका (बर्लिन)
बेस्ट डायरेक्टर (फिल्म): इम्तियाज अली (अमर सिंह चमकीला)
बेस्ट लीडिंग रोल (मेल) फिल्मः विक्रांत मैसी (सेक्टर 36)
बेस्ट लीडिंग रोल (फीमेल) फिल्मः कृति सेनन (दो पत्ती)
बेस्ट फिल्मः अमर सिंह चमकीला

### मेन अवॉर्ड्स में दिग्गज...

अवॉर्ड्स के लिए जयपुर को चुना गया है, जो अपनी शाही विरासत और खूबसूरती के लिए मशहूर है। राजस्थान की संस्कृति और बॉलीवुड का संगम इस इवेंट को और खास बना रहा है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह राजस्थान के लिए ऐतिहासिक क्षण है। आईफा का सिल्वर जुबली आयोजन हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। यह केवल एक अवार्ड समारोह नहीं है, बल्कि हमारे फिल्म जगत का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार है। अब राजस्थान में फिल्म इंडस्ट्री के लिए दरवाजे खुले हैं।

### भोपाल में दिन...

पहुंच गया है। यह मार्च महीने का औसत न्यूनतम तापमान है। मार्च का औसत न्यूनतम पारा 17.6 डिग्री है, जबकि डब्ल्यूडी और उत्तरी हवाओं से यह 9 से 10 डिग्री तक निम्नतम न्यूनतम के लेबल तक पहुंच जाता है। मौसम केंद्र के अनुसार 3 दिन तापमान में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं पूर्वी और बीच बीच में उत्तरी हो रही हैं। इससे तापमान में बढ़त हो रही है। 13 से 16 मार्च के बीच तापमान में फिर कुछ कमी आने की उम्मीद है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348
. R-27-02-25 to 17-03-2025 not 4,6,7-03-25

फायनेन्स
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइल:- 7042858951.
R-10/03/25

नाम परिवर्तन
मैं ASIF MIYAN (पिता) निवासी 93, चौकसे नगर, बैरसिया रोड, भोपाल, मध्यप्रदेश - 46001 सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि पहले मेरे पुत्र का नाम MOHAMMAD AHMAD QURESHI था। जो उसके पासपोर्ट में लिखा है। किंतु अब मेरे पुत्र का नाम परिवर्तित होकर MOHAMMAD AHMAD हो गया है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके इसी नए नाम MOHAMMAD AHMAD S/O ASIF MIYAN से जाना व पहचाना जाए।

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5802



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5801 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5812

★★★★★ कठिनतम





- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## बाजार में रंगों के साथ पकवानों की दुकानें भी सजने लगीं

# देसी घी से बनी गुझिया, सूखे मेवे वाली नमकीन से सजी 'दुकानें'

*परंपरागत गुझिया भी कई किस्म के स्वाद में उपलब्ध*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

होली का त्योहार हो और मिठास का जिक्र न हो यह तो हो ही नहीं सकता। इसलिए होली पर बाजार में जितने रंग सजे हैं, उतने ही किस्म की मिठाई भी स्वागत के लिए तैयार है। परंपरागत गुंजिया भी कई किस्म के स्वाद में उपलब्ध है। यूं तो गुंजिया कई तरह की बनती हैं। इनमें खोए वाली पारंपरिक गुंजिया, सूजी की गुंजिया के साथ.साथ नारियल की गुंजिया शामिल हैं, लेकिन इस बार ड्राइफ्रूट वाली गुंजिया होली की मिठास बढ़ाएगी।

इसके साथ ही ड्राइफ्रूट वाली नमकीन भी दुकानों पर खरीदारी के लिए उपलब्ध है, जो लोगों को खूब भा रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए हर बार की तरह इस बार भी बाजार में मीठे और तरह-तरह के नमकीन सजाए जा रहे हैं। जो ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। नमकीन में दाल मोठ, बेसन सेम तथा मठरी सहित अन्य कई वैरायटी मौजूद हैं। इसकी खरीदारी के लिए मिठाई की दुकानों पर भीड़ शुरू हो गई है।




### गुझिया 450 प्रति किलो से शुरू



कन्हैया नमकीन सेंटर के संचालक के अनुसार डालडा घी और रिफाइंड की बनी गुंजिया जहां 400 से 600 रुपए किलो बिक रही है। वहीं देशी घी की गुंजिया 450 से 600 से लेकर 1200 रुपए प्रति किग्रा दुकानों पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इनमें सर्वाधिक 1200 सौ रुपए प्रति किग्रा के भाव मेवे वाली गुंजिया बिक रही है। इसके अलावा बाजार में मैदा, केसर, चंद्रकला, लौंगलता, समोसा,ड्राईफ्रूट समेत कई तरह की गुंजिया भी उपलब्ध है। नमकीन, समोसे, मठरी 100 रुपए से लेकर ढाई- तीन सौ रुपए प्रति किग्रा है।

### उपहार के लिए की गई है विशेष तैयारियां

मिठाई की छोटी से लेकर बड़ी दुकानों और रेस्टोरेंट में उपहार के लिए भी विशेष तैयारियां की गई है। अलग-अलग छोटी पैकिंग में समोसे, मठरी, सामान्य और काजू बिस्किट तो बड़ी पैकिंग में गुंजिया, ठंडई, नमकीन, सोहन पापड़ीए खुर्मा, बिस्किट, मठरी आदि उपलब्ध है।

### त्योहार को खास बनाने के लिए विशेष तैयारी

*राजधानी के पुराने शहर, घोड़ा निक्कास स्थित कुंदन स्वीट्स एवं नमकीन सेंटर के संचालक प्रेमनारायण यादव ने बताया कि इस बार होली के त्योहार को खास बनाने के लिए हमने विशेष तैयारी की है। विशेष प्रकार की मेवे की गुंजिया के साथ-साथ ड्राइफ्रूट की नमकीन भी तैयार की गई है। जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। लोग होली को लेकर उत्साहित हैं। इस बार अच्छी बिक्री की उम्मीद है। अभी लोग गिफ्ट के तौर पर खरीदारी कर रहे हैं। एक-दो दिनों में लोग घरों के लिए भी खरीदारी करने आएंगे।*

## मप्र सरकार ने किए भूमि विकास नियम 2012 में कई बदलाव

# यह बदलाव रियल एस्टेट के लिए ही नहीं, बल्कि महानगरीय विकास के लिए निर्णायक साबित होंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के हालिया संशोधन राज्य की शहरी संरचना को नई स्काईलाइन और एक नए आयाम में ले जाने की क्षमता रखते हैं। ये नीतिगत बदलाव केवल रियल एस्टेट सेक्टर के लिए ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के महानगरीय विकास के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होंगे। मेट्रोपोलिस एनालिस्ट और क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक के अनसुार इस नए ब्लॉग में एफएआर, टीडीआर, औद्योगिक और वाणिज्यिक भूमि उपयोग, पर्यावरणीय प्रभाव, और कानूनी बदलावों का सिलसिलेवार विश्लेषण किया गया है। संशोधनों के तहत, भोपाल और अन्य प्रमुख शहरों में शहरी विकास की नई संभावनाएं खुली हैं।

लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर और आईटी हब विकसित करने के लिए निवेश को बढ़ावा मिलेगा

यदि भवन ऊंचाई की गणना में पार्किंग फ्लोर की छूट दी जाती है, तो संरचनात्मक योजना में लचीलापन आएगा

### इकोनॉमिक ग्रोथ के नए हब विकसित होंगे

संशोधित नियमों में बहुमंजिला औद्योगिक परिसरों को मान्यता देकर उच्च घनत्व वाले क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के लिए नया मार्ग खोला गया है। यह नीति औद्योगिक और टेक्नोलॉजी पार्कों को नई दिशा देगी, जिससे प्रदेश में लॉजिस्टिक्स, डेटा सेंटर और आईटी हब विकसित करने के लिए निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### स्मार्ट पार्किंग और भूमि उपयोग का प्रभावी नियोजन

शहरी भीड़भाड़ और पार्किंग संकट के समाधान के लिए स्टिल्ट पार्किंग और मल्टी-लेवल पार्किंग को प्रोत्साहित किया गया है। यदि भवन ऊंचाई की गणना में पार्किंग फ्लोर को शामिल करने से छूट दी जाती है, तो इससे संरचनात्मक योजना में लचीलापन आएगा और वाहन पार्किंग को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### पर्यावरणीय संतुलनः सतत शहरीकरण की दिशा में कदम

*नए प्रावधानों में ग्रीन बिल्डिंग मानकों को अनिवार्य किया गया है, जो सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल संरक्षण के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वाटर रीसाइक्लिंग और ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी नीतियों को मजबूती मिली है, जिससे शहरों का पारिस्थितिक संतुलन बना रहेगा।*

### प्रशासनिक सुधार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का नया अध्याय

डेवलपर्स और निवेशकों के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। 2000 वर्गफुट तक के आवासीय भूखंडों पर स्वतः अनुमोदन प्रणाली लागू की गई है, जिससे व्यक्तिगत गृह निर्माण आसान होगा। वन स्टेट वन रजिस्ट्रेशन नीति और स्व-प्रमाणन प्रणाली को लागू करके प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पारदर्शी और तेज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने किया नमो हॉस्पिटल का उद्घाटन

**सिलवासा।** दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। 460 करोड़ की लागत से बना यह आधुनिक अस्पताल क्षेत्र के लोगों को उन्नत एडवांस मेडिकल फैसिलिटी प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही 2,500 करोड़ से अधिक की विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाएँ भी शुरू की। इनमें नए अस्पताल, स्कूल और अन्य बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं।

### फैंटम ने की फंड जुटाने की घोषणा

**चेन्नई ।** फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने 80 करोड़ तक के क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट और 59.95 करोड़ के कुल पूरी तरह से परिवर्तनीय वारंट के प्रेफरेंशियल इश्यू के जरिए फंड जुटाने की घोषणा की है। इन स्ट्रेटेजिक पहलों का उद्देश्य कंपनी की वैश्विक विस्तार पहलों, तकनीकी नवाचार, एआई एकीकरण को मजबूत करना और हॉलीवुड स्टूडियो और गेमिंग उद्योग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना, और एआई -संचालित उत्पादन पाइपलाइनों में निवेश करना है।

### न्यूगो ने सिरोना के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक इंटरसिटी बस सर्विस न्यूगो ने महिलाओं की सेहत और स्वच्छता के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स बनाने वाली मशहूर कंपनी सिरोना के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी का मकसद महिलाओं को बस में सफर के दौरान सुविधा और आराम देना है। बस में महिला यात्रियों को फेमकेयर किट्स उपलब्ध कराई जाएंगी। इन किट्स में पीबडी स्टैंड एंड पी डिवाइस और 100 फीसदी रैश-फ्री सैनिटरी पैड्स शामिल होंगे। न्यूगो बसों में सफर करने वाली सभी महिला यात्रियों को ये किट आसानी से मिल सकेगी।

### मैरिको ने सात इनोवेटर्स को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स के 10वें संस्करण का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दो सख्त चयन प्रक्रियाओं के बाद सात नवप्रवर्तकों को चुना गया, जिनकी खोजों और तकनीकी समाधानों से उद्योगों और समाज में बड़ा बदलाव आ सकता है। इस चयन प्रक्रिया का नेतृत्व व्यावसायिक और सामाजिक प्रभाव के विशेषज्ञों ने किया देशभर से आए 1,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए ये विजेता अपने अनोखे विचारों से उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं।

## बिजनेस न्यूज

### असाटी समाज ने किया महिलाओं का सम्मान



**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर असाटी वैश्य समाज तथा वैश्य महासम्मेलन द्वारा गोविन्दपूरा विधानसभा के अंतर्गत भोपाल के निजी होटल आयोजित सम्मान समारोह में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 महिलाओं को शाल-श्रीफल से अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि द्वारा सम्मानित किया गया। अशोक गुप्ता ने कहा नारी शक्ति केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की धुरी है। ऐसी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित कर अपार हर्ष की अनुभूति हुई। इस भव्य आयोजन के लिए असाटी समाज समिति तथा वैश्य महासम्मेलन को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं।

### पहले व्यापक रक्त विकार संस्थान का उद्घाटन



**विशाखापट्नम।** आंध्र प्रदेश के रक्त विकारों के लिए समर्पित पहले व्यापक संस्थान के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हेल्थ सिटी, विशाखापत्तनम में यूनिक हॉस्पिटल परिसर में स्थित है। यह अत्याधुनिक सुविधा वैश्विक मानकों का पालन करते हुए सौम्य और घातक रक्त विकारों में सेवाओं की पूरी श्रृंखला की पेशकश करके हेमेटोलॉजी देखभाल में क्रांति लाने के लिए तैयार है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री प्रोफेसर डॉ. मैमन चांडी, भारत में हेमटोलॉजी के जनक, ने भाग लिया, जिनके हेमटोलॉजी और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण में अभूतपूर्व योगदान ने पूरे देश में रोगी देखभाल को बदल दिया है और प्रोफेसर डॉ. सदाशिवुडू, प्रोफेसर और एचओडी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग, निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, हैदराबाद उपस्थित रहे।

### अमिताभ मुखर्जी ने एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला



**हैदराबाद।** अमिताव मुखर्जी ने 6 मार्च 2025 से एनएमडीसी के चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1996 बैच के अनुभवी अधिकारी श्री मुखर्जी ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचने से पहले भारत सरकार में विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने दूरदर्शी नेतृत्व के साथ मुखर्जी मार्च 2023 से सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और नवंबर 2018 से निदेशक (वित्त) के रूप में एनएमडीसी का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

### विकास कौशल एचपीसीएल के चेयरमैन नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने निजी क्षेत्र के सलाहकार विकास कौशल को पांच साल के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम. कॉरपोरेशन लिमिटेड का चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। विकास कौशलने इससे पहले प्रबंधन परामर्शदाता केर्नी में ऊर्जा और प्रक्रिया उद्योगों के लिए वैधिक गए के रूप में काम किया है। इन्होंने केर्नी इंडिया के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख के रूप में भी काम किया है।

### ब्रिटिश पार्क अल्टीमेट होली रन एंड पार्टी का आयोजन



**भोपाल।** ब्रिटिश पार्क अल्टीमेट होली रन एंड पार्टी का आयोजन ब्रिटिश पार्क भोजपुर रोड में किया गया। जिसमें डीजे और ढोल की मस्ती, खाना खजाना में फूड व ड्रिंक के स्टाल्स, सेल्फी के लिए फोटो बूथ एवं पार्किंग की भरपूर जगह है। एंट्री केवल एंट्री पास से होगी। ब्रिटिश पार्क भोपाल की एकमात्र एकीकृत टाउनशिप है, जिसमें पहले से ही मल्टीप्लेक्स के साथ एक कार्यशील मॉल है। प्रसिद्ध हफीज ठेकेदार द्वारा डिजाइन की गई इस टाउनशिप का कुल क्षेत्रफल 65 एकड़ है, जिसमें हरे-भरे बगीचे और 72 फीसदी खुला क्षेत्र है। कवर कैम्पस में पहले से ही 150 से अधिक परिवार रह रहे हैं

### 34वें जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स की दो दिवसीय जूरी मीटिंग



**भोपाल।** वास्तुकला के प्रति उत्साही और उद्योग के पेशेवर भोपाल में एकत्रित हुए क्योंकि प्रतिष्ठित 34वें जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स की दो दिवसीय जूरी मीटिंग और प्रदर्शनी जेके सीमेंट लिमिटेड द्वारा आयोजित की गई है। झीलों के शहर भोपाल में आयोजित यह कार्यक्रम वास्तुकला में नवाचार, रचनात्मकता और उत्कृष्टता का उत्सव होने का वादा करता है। इस कार्यक्रम में आसपास के कई आर्किटेक्चर कॉलेजों के छात्र शामिल हुए। जिन्हें प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए अभूतपूर्व डिजाइनों को देखने का विशेष अवसर मिला है। प्रदर्शनी में वास्तुकला की कई अद्वितीय प्रविष्टियां प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें से प्रत्येक 13 प्रतिष्ठित पुरस्कार श्रेणियों में मान्यता के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा।

### एसबीआई ने 46.73 लाख रुपए का दिया दान




**भोपाल।** कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत एक उल्लेखनीय पहल में, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) भोपाल सर्कल ने भोपाल स्थित पशु कल्याण संगठन वृंदावन सोशल वेलफेयर सोसाइटी को 46.73 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया। यह संस्था बचाए गए और घायल पशुओं के पुनर्वास एवं देखभाल में सक्रिय है। इस राशि का उपयोग घायल और बचाए गए पशुओं की देखभाल की गुणवत्ता बढ़ाने, आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की खरीद, एनिमल रेस्क्यू वैन और पशु आश्रय गृह के लिए सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने में किया जाएगा। यह परियोजना वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर आधारित है, जो सभी जीवों के प्रति संवेदनशीलता और पृथ्वी को साझा घर मानने की भावना को बढ़ावा देती है। एसबीआई की यह महत्वाकांक्षी सीएसआर पहल पशुओं को चिकित्सा सुविधाएं, आश्रय और उनके कल्याण के लिए समर्थन प्रदान करेगी, साथ ही समाज में पशु कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी। यह दान पशु कल्याण और टिकाऊ ऊर्जा समाधान को बढ़ावा देने वाली पहलों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस परियोजना के माध्यम से पशुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं, उनके पुनर्वास और समाज में जागरूकता को मजबूती देने का लक्ष्य है, जो एसबीआई के सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर, संस्था की संस्थापक एवं अध्यक्ष मीता नायर ने एसबीआई भोपाल सर्कल के महाप्रबंधक मनोज कुमार से 46.73 लाख रुपए का चेक प्राप्त किया।

### हार्मनी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ का शुभारंभ



**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रराय महिला दिवस के अवसर पर हार्मनी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा किया गया। चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल स्थित यह 51-बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रजनन चिकित्सा में उत्कृष्टता के लिए समर्पित है। यह अस्पताल महिलाओं की पूरी जीवन-यात्रा में, प्रजनन से लेकर मातृत्व और उससे आगे तक समग्र देखभाल प्रदान करेगा। हार्मनी इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ संस्था महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत करेगा। इसका उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और समर्पित देखभाल के माध्यम से महिलाओं को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं राज्यमंत्री, गोविंदपुरा विधायक कृष्णा गौर एवं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के दौरान अस्पताल का निरीक्षण किया गया और महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर डॉ. प्रिया भावे चित्तावार और डॉ. सचिन चित्तावार द्वारा की गई पहल की सराहना की गई। इस अस्पताल में क्लास-ए आइवीएफ प्रयोगशाला, एआई युक्त अत्याधुनिक शल्यक कक्ष, वीमेन फ्रेंडली वार्ड, और दूरबीन पद्धति से स्त्रीरोग शल्य चिकित्सा के लिए अत्याधुनिक 3-डी 4-के एंडोविजन तंत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### आधार हाउसिंग ने की महिला संचालित शाखा शुरू

**भोपाल।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने इंदौर में अपनी पहली महिला संचालित शाखा शुरू की है, जिसे पूरी तरह से महिलाओं की टीम द्वारा संचालित किया जाएगा। यह पहल न केवल वित्तीय क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगी, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न-आय वर्ग के परिवारों को घर खरीदने के सपने पूरे करने में भी मदद करेगी। आठ उत्साही महिलाओं की यह टीम वित्तीय सेवाओं में एक नई मिसाल कायम कर रही है। वे सिर्फ ग्राहक सेवा नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण निर्णय लेने और ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इस शाखा का नेतृत्व ब्रांच मैनेजर, अशीता जुनेजा कर रही हैं।

### 200 एसएचजी महिलाओं को मुख्यमंत्री ने दी कार्गो ई-साइकिल



**भोपाल ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीईएसएल की 'सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट फॉर रूरल एंटरप्रेन्योर थ्रू इलेक्ट्रिक साइकिल्स पहल का शुभारंभ किया और सीहोर जिले की स्वयं सहायता समूह की 200 महिलाओं को कार्गो इलेक्ट्रिक साइकिलें सौंपी। अतिरिक्त 100 ई-साइकिलें आगामी दिनों में वितरित की जाएंगी। सीईएसएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल कपूर ने स्त्री पहल की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि स्त्री पहल के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं, जहां ग्रामीण भारत की महिलाएं सतत और कुशल परिवहन समाधान प्राप्त कर सकें। इससे उन्हें अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान देने का अवसर मिलेगा।

### आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में मना महिला दिवस




**भोपाल।** रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए ख्याति प्राप्त रचनाकार डॉ आरती ने कहा कि जब तक समाज में वैज्ञानिक चेतना का विकास नहीं होगा तब तक समानता की बातें बेमानी होंगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष आयोजन के पीछे महिलाओं के उत्पीडन के विरुद्ध संघर्ष के लंबी यात्रा छिपी है। कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉक्टर साधना कपूर, कुलपति विजय अग्रवाल, डीजीएम डॉ बीएन सिंह, कुलसचिव डॉ. एनके लारिया, डॉक्टर वी के सेठी, डॉ सुनील पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन महिला शक्ति प्रकोष्ठ की चेयरपर्सन डॉ. अश्विनी जोशी ने किया एवं सभी सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

### एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में किंडर ग्रेजुएशन सेरेमनी सत्र का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल में बच्चों को सर्टिफिकेट, डिग्री और आशीर्वाद के साथ आगे बढ़ते रहने का प्रोत्साहन दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल के प्रिंसिपल चेतन्य सक्सेना और स्कूल प्रबंधन से शोभा चौकसे उपस्थित थी, उनके नेतृत्व में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया और यादों के साथ सजाया। एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल ने माता-पिता को संबोधित किया और एनईपी, शिक्षा का महत्व और बच्चे के भविष्य के निर्माण में माता-पिता-शिक्षक का सहयोग, के महत्व को भी बताया।

# आईसीएआई भोपाल शाखा ने किया महिलाओं की शक्ति और उनके योगदान को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आईसीएआई भोपाल शाखा द्वारा महुआ हाउस में एक भव्य और उत्सवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने अपनी भागीदारी दिखाई और कार्यक्रम को शानदार तरीके से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें महिलाओं की शक्ति और उनके योगदान को सम्मानित किया गया। आईसीएआई भोपाल शाखा की सदस्याओं ने एकजुट होकर इस आयोजन को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। महिला दिवस के इस विशेष मौके पर महिला सीए के योगदान को सराहा गया और उन्हें अपने पेशे में उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया गया। इस आयोजन में अनेक प्रमुख सीए भी उपस्थित रहे और उन्होंने महिला पेशेवरों के समर्पण और कठिनाईयों के बावजूद अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की प्रेरक कहानियां साझा की।

**कार्यालय संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें**
**शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा भोपाल**

क्रमांक 266. / प्रक्षेत्रा/2024-25/ भोपाल, दिनांक 27/02/2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा (डेयरी एस्टेट) भोपाल में प्रक्षेत्र उत्पादित जर्सी, साहीवाल एवं जर्सी साहीवाल क्रास नस्ल की 25 गायों, 03 बछियां एवं 20 सांडों (कुल 48 पशु) की नीलामी दिनांक 25.03.2025 दिन मंगलवार को अपरान्ह 12:00 बजे रखी गयी है। धरोहर राशि रुपएं 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) रहेगी।

नीलामी में रखे गये पशुओं की विस्तृत जानकारी एवं शर्तें नीलामी के समय अथवा उससे पूर्व कार्यालयीन समय में अतः 10:00 से 06:00 बजे के मध्य इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नोटः- उक्त दिवस में शासकीय अवकाश होने पर नीलामी अगले कार्य दिवस में आयोजित की जावेगी।

(डॉ. प्रभात दाते)
संयक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें
शासकीय जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र भदभदा भोपाल

जी - 24036/24 स्वच्छा ही सेवा है।

खंड-I
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**कार्यालय - सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2301/ई-टेंडरिंग/2024-25. दिनांक 05/03/2025

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | क्र. | विवरण | स्पेसिफिकेशन | अनुमानित राशि एस. ओ. आर. अनुसार | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | विस्थापन ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य | | | 480000.00 | 500.00 |
| | 1. | Installation of 25x6.1x63 KVA Xmer for Vistapit village Suplai bhag-4 agri Connection under Semriharchand D/c of O&M Dn Sohagpur | 1. KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Raccoon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA 2. One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3 X 50+1x16+1x35. Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS 3. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE) (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-105921) | 7706921.33 | | |
| | 2. | Installation. of 8x25 KVA, Xmer for visthapit village Naya khamda bhag-1 agri Connection under Semriharchand D/c of O&M Dn Sohagpur | 1 KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Raccoon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA 2. One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3X50+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS 3. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-105884) | 3778424.95 | | |
| | 3. | Electrification of village pohdar at kesla dc under o&m div itarsi | One KM. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3 X 25+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-38742) | 72470.68 | | |
| | 4. | Electrification of 2 number consumer for irrigation purpouse in van gram podar under kesla dc under o&m div Itarsi | 1. Augmentaion of existing 11 KV line to Raccoon with 8 Mtr PCC for Mid Span pole 2. One KM. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B Cable 3X25+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS 3. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE) (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-38744) | 434948.26 | | |
| | 5. | Electrification of 17 nos agriculture pump connections in visthapit village Jhalai Malini Bhag-1 in Pathrota D/c under O&M Dn Itarsi. | 1. IKM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Raccoon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA 2. 11 KV T.P.STRUCTURE ON 140 KG 8 Mir PCC POLES 3. One KM. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON RSJ 9.3 M USING [3X35+1 X 16+1 X 35 sq.mm. (insulated nuetral massenger) AERIAL BUNCHED XLPE CABLE IN URBAN AREA 4. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE) (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-117284) | 3134445.63 | | |
| | 6. | P.S. to 8-10 KW 06 No. DLF conn. for new village Jhalai electrification at vill. Jhalai under Shahpur D/c. under Betul North Dn. | 1. 1 KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Raccoon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA 2. One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3x35+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS 3. 11/0,4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE) 4. SCHEDULE FOR DTR FENCING IN RURAL AREA (Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-85583, VERSION-1) | 889115.31 | | |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 06.03.2025 को शाम 05.00 बजे से दिनांक 21.03.2025 को शाम 05.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। https://www.mptenders.gov.in/

उपसंचालक
सतपुडा टाइगर रिजर्व
नर्मदापुरम

जी-24034/24 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक विदेशी सरजमीं पर फैला रहे फन

विदेशों में भारत विरोधी ताकतें लगातार फन फैला रही हैं। पांच दिन पूर्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर की गाड़ी को लंदन में खालिस्तानी समर्थकों ने घेर लिया। उनमें से एक ने उनकी गाड़ी के सामने आकर देश की शान तिरंगे झंडे को भी फाड़ा। यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। अब अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर हमलों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि यह सब सुनियोजित अभियान के तहत हो रहा है, जिसका लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। परेशानी केवल इतनी नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी कर रही हैं, उन्हें सुरक्षा माहौल भी दिया जा रहा है। इस पूरे फसाद की जड़ में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआई का सहयोग साफ दिखाई दे रहा है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है। खालिस्तानियों पर विदेशों में भी हमारी सुरक्षा एजेंसियां पैनी नजर रखती आई हैं। ऐसे तत्वों के नापाक मंसूबों की जानकारी भी समय-समय पर संबंधित देशों को दी गई, लेकिन इनके खिलाफ कोई गंभीर कार्रवाई नहीं हो पाई। यहां तक कि कनाड़ा में तो वहां की सरकार ही इनके समर्थन में खड़ी नजर आई। कुछ ब्रिटिश गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत के खिलाफ चंदा इकट्ठा करने और खालिस्तान को लेकर जनमत संग्रह के बारे में भी भारतीय एजेंसियों ने विदेशी एजेंसियों को आगाह किया। बीते कुछ वर्षों में खालिस्तान समर्थकों ने कई देशों में ऐसे जनमत संग्रह आयोजित किए हैं, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, और अमेरिका शामिल हैं। ये आयोजन अक्सर विवादास्पद होते हैं और भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देते हैं। ऐसे जनमत संग्रह पंजाब को मुक्त करने के नाम पर आयोजित किए जाते हैं। भारतीय एजेंसियां कई षड्यंत्रों का भंडाफोड़ इसलिए नहीं कर पातीं, क्योंकि जिन देशों में ऐसी गतिविधियां संचालित होती हैं, वे खालिस्तान समर्थकों को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा नहीं मानते। इन देशों में अधिकाधिक ध्यान इस्लामिक जिहादी आतंक पर दिया जाता है और रत्ती भर भी खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों पर नहीं रहता। खालिस्तान समर्थकों को खुली छूट है, क्योंकि वे इन देशों के नागरिकों और अधिष्ठानों पर हमले नहीं करते। ऐसे में भारत इन देशों में और क्या करे जिससे हमारे सरोकारों को लेकर जागरुकता और समानुभूति बढ़े? वास्तव में, हमें इस मुद्दे को पश्चिमी देशों के साथ 'सामरिक साझेदारी' और सहयोग का अहम विषय बनाना होगा। जिन देशों ने भारत के साथ 'खुफिया साझेदारी' पर सहमति जताई है, उन्हें खालिस्तानी-पाकिस्तानी मिलीभगत पर केंद्रित संयुक्त कार्रवाई को प्राथमिकता देने के लिए तैयार करना होगा। इन देशों से दो टूक बात करनी होगी कि अगर उनकी सरजमीं पर भारत के खिलाफ कोई गतिविधि होती है तो इसका असर सीधा दोनों देशों के रिश्तों पर होगा। तभी हम इन पर लगाम लगा सकते हैं।

# गुलाम कश्मीर की वापसी ही समाधान



दो टूक
प्रमोद भार्गव

**अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कश्मीर के हालात और भारत सरकार की तरफ से उठाए गए संवैधानिक कदमों के बारे में लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में 'विश्व में भारत का उदय और भूमिका' विषय पर बोलते हुए कहा कि कश्मीर के विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद संभव हो जाएगा। भारत का यह हिस्सा अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। वैसे हमने कश्मीर के सिलसिले में ज्यादातर मुद्दों का हल निकाल लिया है। इस बाबत कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद-370 का समापन पहला कदम था। कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधि और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था।

तीसरा कदम कश्मीर में भारतीय संविधान में निहित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुसार चुनाव कराना था। इसमें मत प्रतिशत का अच्छा होना इस बात की तस्दीक है कि जम्मू-कश्मीर की जनता भारतीय लोकतंत्र का समर्थन कर रही है। अब हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब कश्मीर के उस हिस्से की वापसी होगी, जिस पर अवैध तौर से पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। इस हिस्से के कश्मीर में आते ही इस समस्या का समाधान पूरी तरह हो जाएगा। पाकिस्तान सरकार गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों को विदेशी मानती है, बावजूद भारतीय कश्मीर को हथियाने की होड़ में लगी रहती है। गुलाम कश्मीर के हिस्से में गिलकिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और मीरपुर आते हैं। भारत की आजादी के पहले कश्मीर एक स्वतंत्र राज्य था। यहां डोगरा राजपूत वंश के राजा हरिसिंह शासक थे। कश्मीर में मुसलमानों की आबादी अधिक थी। इसलिए पाकिस्तान का मानना था कि कश्मीर उसके अधिकार क्षेत्र में होना चाहिए। इस मानसिकता के चलते पाक ने कश्मीर राज्य पर पाकिस्तान में विलय का नाजायज दबाव बनाया। लेकिन हरिसिंह इस दबाव में नहीं आए। तब 1948 में पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के वेश में कश्मीर पर हमला कर दिया। किंतु हरिसिंह की समय पर भारतीय सेना ने मदद की और पाक सेना को न केवल खदेड़ दिया, बल्कि संपूर्ण कश्मीर के एक तिहाई हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया। इसी बीच कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र में पहुंचा और 5 जनवरी 1949 को युद्ध विराम की घोषणा कर दी गई। युद्ध विराम के वक्त जो सेनाएं जिस भूमि पर थीं, उसे ही युद्ध विराम की रेखा मान लिया गया। यही आज नियंत्रण रेखा (एलओसी) मानी जाती है। इस कारण पीओके जिसे पाक अधिकृत कश्मीर कहा जाता है, वह पाकिस्तान के हिस्से में है और श्रीनगर समेत शेष कश्मीर भारत के हिस्से में है। किंतु अब कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांति और विकास की हवा चल पड़ी है और कश्मीरी स्वयं आतंकियों की घुसपैठ की खबर स्थानीय पुलिस और सेना को देने लगे हैं।

इन युद्धों और आतंकी घुसपैठियों की मदद में पाकिस्तान इतना धन और हथियार बर्बाद कर चुका है कि उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। दूसरी तरफ जिस आतंकवाद का जनक पाकिस्तान रहा है, वही आतंकवाद उसके लिए अब पीओके में चुनौती बनकर सामने आ रहा है। पाक में आतंकी हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत के तुरबाद नगर में नौसैनिक अड्डे पर आतंकवादियों ने गोली बरसाते हुए



हमला किया। इसके बाद खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चीनी नागरिकों के एक काफिले पर हमला बोल दिया। इसमें पांच चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। इन हमलों की जुम्मेबारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मजीद ब्रिगेड ने ली है। इस्लामाबाद से 200 किमी दूर स्थित दासू हाइड्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चीनी कंपनी कर रही है। 2021 में भी इस परियोजना पर काम कर रहे नौ चीनी इंजीनियरों सहित 13 लोगों को बलूच हमलावरों ने मार गिराया था। दरअसल बलूचिस्तान प्रांत के नागरिक मानते हैं कि पाक सरकार उनके प्रांत के हितों की लंबे समय से अनदेखी कर रही है। यहां के लोग इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप का भी विरोध कर रहे हैं। दासू हाइड्रोप्रेजेक्ट और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण के अंतर्गत कई परियोजनाएं पीओके में निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं का विरोध लगातार हो रहा है। लेकिन पाक सरकार धन के लालच में चीन के सुरसामुख में फंस चुकी है। देश में चल रही आर्थिक बदहाली के कारण भी सरकार चीन का दामन नहीं छोड़ पा रही है। चीन से उसकी मित्रता का कारण धन का लालच तो है ही, भारत के साथ तनावपूर्ण रिश्ते भी हैं। पाक की तरह चीन से भी भारत का सीमा पर निरंतर तनाव बना हुआ है। अब पीओके में आतंकी शक्तियां इतनी मजबूत हो गईं हैं कि पाक का ईरान और अफगानिस्तान से भी मधुर संबंध बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। पीओके की परिधि में आने वाले गिलगिट-बाल्टिस्तान वास्तव में भारत के जम्मू-कश्मीर राज्य के हिस्से हैं। बावजूद पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में हैं। लेकिन यहां के नागरिकों ने इस बलात कब्जे को कभी नहीं स्वीकारा। यहां तभी से राजनीतिक अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक आवाजें उठ रही हैं और पाक सरकार इन लोगों पर दमन और अत्याचार का सिलसिला जारी रखे हुए है। साफ है, पाक की आजादी के साथ गिलगिट-बाल्टिस्तान का मुद्दा जुड़ा हुआ है। पाक की कुल भूमि का 40 फीसदी हिस्सा यहीं है। इस हिस्से में सर्वाधिक बलूच हैं, इसलिए इसे गिलगिट-बलूचिस्ताल भी कहा जाता है। निर्वाचन की प्रक्रिया से गुजरने के बावजूद यहां की विधानसभा को अपने बूते कोई कानून बनाने का अधिकार नहीं है। सारे फैसले एक परिषद लेती है, जिसके अध्यक्ष पाकिस्तान के पदेन प्रधानमंत्री होते हैं। लिहाजा चुनाव के बावजूद भी यहां विद्रोह की आग सुलगी रहती है। यह आग अस्तोर, दियामिर और हुनजा समेत उन सब इलाकों में सुलगी रहती है, जो शिया बहुल हैं। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया और अहमदिया मुस्लिमों समेत सभी धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं। यअहमदिया मुस्लिमों के साथ तो पाक के मुस्लिम समाज और हुकूमत ने भी ज्यादती बरती है। 1947 में उन्हें गैर मुस्लिम घोषित कर दिया गया था। तब से वे न केवल बेगाने हैं, बल्कि हिंदू, सिख व ईसाइयों की तरह मजहबी चरमपंथियों के निशाने पर भी रहते हैं।चीन की एक और बड़ी योजना है, 'चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर' जिसकी लागत 3 लाख 51 हजार करोड़ है। यह गलियारा गिलगिट-बाल्टिस्तान से गुजर रहा है। इस गलियारे के निर्माण में लगे चीनी नागरिकों की आतंकी संगठन बीएलए हत्याएं कर रहा है। चूंकि यह क्षेत्र अधिकारिक रूप से भारत का है, इसलिए भारत भी इस परियोजना का लगातार विरोध कर रहा है। पाकिस्तान रणनीतिक रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान को पांचवां प्रांत बना लेने की फिराक में लगा है। पाकिस्तान यहां सुन्नी मुसलमानों की संख्या बढ़ाकर इस पूरे क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व बदलने के प्रयास में भी लगा है। इन कारणों के चलते यहां के मूल बलूचों की पाकिस्तान के प्रति जबरदस्त नाराजगी है और वे निर्णायक लड़ाई लड़कर भारत में विलय होने की कोशिश में लगे हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि विशेष

हर्षवर्धन पाण्डे




# सावित्रीबाई फुले : देश की पहली महिला शिक्षिका

शिक्षा एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे हम अपना और राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। वैसे तो पुरातन काल में हमारे देश में पुरुषों को ही शिक्षा ग्रहण करने की अनुमति दी जाती थी लेकिन सभी पुरानी जंजीरों को तोड़ते हुए महिलाओं को शिक्षा देने के उद्देश्य से समाज के सामने देश की सबसे पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का विलक्षण व्यक्तित्व सामने आता है। एक दौर में जब महिलाओं को घर की चारदीवारी में कैद रखा जाता था, सावित्रीबाई फुले ने समाज की रूढ़िवादी मान्यताओं को चुनौती देते हुए नारी सशक्तिकरण का बिगुल बजाया। महज नौ वर्ष की उम्र में विवाह बंधन में बंधी सावित्रीबाई ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर समाज सुधार के अनेक कार्य किए। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक थीं, जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए कड़ा संघर्ष किया। उनके प्रयासों से शिक्षा के माध्यम से सामाजिक और शैक्षणिक क्रांति की नींव पड़ी। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को पुणे के नजदीक नायगांव में हुआ था। उन्होंने न केवल महिलाओं के शिक्षा अधिकार की वकालत की, बल्कि समाज के उत्पीड़ित वर्गों के लिए भी कार्य किया। सावित्रीबाई ने अपनी शादी के बाद ही शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा और एक नई दिशा की ओर बढ़ी। 1 जनवरी 1848 को सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। यह उस समय सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था। इस पहल का रूढ़िवादी समाज ने घोर विरोध किया। उन्हें अपमान सहना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। धीरे-धीरे फुले दंपति ने पुणे और उसके आसपास के गांवों में 18 स्कूलों की स्थापना की। सावित्रीबाई जब पढ़ने स्कूल जाती थीं तो लोग उन्हें पत्थर, कूड़ा और कीचड़ फेंकते थे। वह अपने साथ एक जोड़ी कपड़ा साथ लेकर जाती थीं और स्कूल पहुंचकर गोबर और कीचड़ से गंदे हो गए कपड़ों को बदल लेती थीं। उन्होंने हिम्मत नहीं और और हर चुनौती का सामना किया। पढ़ने के बाद उन्होंने दूसरी लड़कियों और दलितों के लिए एजुकेशन पर काम करना किया। सावित्रीबाई फुले को शिक्षा के क्षेत्र में महान योगदान देने के लिए हमेशा याद किया जाएगा। सावित्रीबाई फुले ने अपनी शिक्षा प्रणाली में जातिवाद, धर्मवाद और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया। उन्होंने सिखाया कि शिक्षा केवल एक व्यक्ति की क्षमता का निर्माण नहीं करती, बल्कि यह समाज को भी एक बेहतर दिशा में मार्गदर्शन देती है। उन्होंने बाल विवाह, सती प्रथा और विधवा पुनर्विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सावित्रीबाई ने 1854 में 'सीनियर स्कूल' में दलित बच्चों को भी शिक्षा देने की पहल की थी। इससे यह साबित हुआ कि उनके लिए किसी भी जाति या धर्म के बच्चों के लिए शिक्षा का अधिकार समान था। उन्होंने यह भी सिखाया कि समाज में लैंगिक समानता और अधिकारों की स्थिति को लेकर पुरुषों और महिलाओं को एक समान दृष्टिकोण रखना चाहिए। महाराष्ट्र में 1875 से 1877 के बीच बहुत बड़ा अकाल पड़ा था। सभी बहुत बीमार पड़ रहे थे। सावित्रीबाई ने सत्यशोधक समाज नाम के एक समूह का नेतृत्व किया। इस समूह के लोगों ने बहुत सारे बीमार लोगों की मदद की। सत्यशोधक समाज के लोग बिना किसी पंडित या पुजारी के शादियां करवाते थे। 1896 में महाराष्ट्र में दोबारा बहुत बड़ा अकाल पड़ा। इस दौरान सावित्रीबाई को पता चला कि उनके दोस्त पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा बहुत बीमार है। सावित्रीबाई तुरंत उनके पास गईं और बीमार बच्चे को अपनी पीठ पर उठाकर डॉक्टर के पास ले गईं। इस दौरान खुद सावित्रीबाई भी बीमार हो गईं। उन्हें प्लेग नाम की बीमारी हो गई थी। इसी बीमारी की वजह से 10 मार्च, 1897 को सावित्रीबाई फुले का निधन हो गया। सावित्रीबाई फुले की यात्रा यह सिखाती है कि जब तक समाज में समानता और न्याय नहीं आता, तब तक निरंतर संघर्ष करना आवश्यक है। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया में महिलाओं और उत्पीड़ित वर्गों के लिए एक नया रास्ता खोला। उनकी निडर भावना और यथास्थिति को चुनौती देने का दृढ़ संकल्प अविश्वसनीय है। हर तरह के दमन और भेदभाव के खिलाफ उनकी लड़ाई प्रशंसनीय है। फुले ने महिलाओं को शिक्षा और आत्मनिर्भरता का जो अमूल्य उपहार दिया, उसकी बदौलत वह आज भी याद की जाती हैं। उनके जीवन ने यह साबित किया कि समर्पण, लगन और संघर्ष से समाज की हर बाधा को पार किया जा सकता है। महिला शिक्षा को लेकर उनका योगदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आपके भीतर है आनंद, इसे बाहर न खोजें



संकलित
दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या होगा। नाम नहीं, ज्ञान कमाइये। आनंद कमाइए। ये आप अपने साथ ले जा सकते हैं। जहां जाएंगे, वहां ले जा सकते हैं।

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## मूर्तियां



पश्चिम बंगाल के नादिया में होली से पहले एक कारीगर भगवान कृष्ण की मिट्टी की मूर्तियां बना रहा है।

## आज की पाती


### महिलाओं को विकास के समान अवसर दे

सृष्टि की जब से रचना हुई है, इस पूरे संसार को सजाने व संवारने का काम मात्र दो ही प्राणियों ने किया है और वे दो प्राणी हैं- पुरुष एवं स्त्री। परंतु समस्त संसार की रचना में दो प्राणियों में भी अगर सबसे अधिक महत्वपूर्ण योगदान है तो वह एक स्त्री का, एक औरत का, एक नारी का, क्योंकि वह समस्त संसार की जननी है, समस्त संसार की उत्पत्ति उसकी कोख से होती है, या यूं कह लें कि स्त्री के बिना सांसारिक रचना की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती है। यह भी कहा जाता है कि हर एक कामयाब पुरुष के पीछे एक सफल औरत का हाथ होता है। संसार भर में औरतों के सम्मान के लिए एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के लिए समर्पित है। इस दिवस को मनाने का औचित्य तभी है, अगर महिलाओं को विकास के समान अवसर दे दिए जाएं।

*- विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर


### ओडिशा के द्वीप पर 33 साल बाद दिखे ओलिव कछुए



ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य के एकाकुलानासी द्वीप पर लुप्तप्राय ओलिव रिडले कछुए फिर से दिखाई दिए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 33 वर्षों के अंतराल के बाद यह कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने और उन्हें सेने के लिए आए हैं। सहायक वन संरक्षक मानस दास ने कहा, 'द्वीप का रमणीय समुद्र तट समुद्री कटाव से प्रभावित हुआ, जिसके कारण समुद्र तट का स्वरूप छोटा हो गया। हालांकि, 2020 से इसमें वृद्धि शुरू हुई और अब समुद्र तट का पहले की तुलना में विस्तार हुआ है। यह कछुओं के लिए अंडे देने के लिए सामूहिक रूप से आने के लिए अनुकूल साबित हुआ है।' दास ने कहा कि कछुओं की यह समुद्री प्रजाति आखिरी बार 1992 में समुद्र तट पर दिखाई दी थी, जब तीन लाख कछुओं ने अंडे दिए थे। उन्होंने कहा, 'यह ओडिशा वन विभाग के नेतृत्व में चल रही कछुआ संरक्षण पहल में एक अत्यंत सकारात्मक प्रगति है।' हर साल ओडिशा तट पर लाखों की संख्या में ओलिव रिडले कछुए सामूहिक रूप से अंडे देने के लिए आते हैं।

## ऑफ बीट

### अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है



अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है।अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।

## ट्रेंड

### वन्यजीवों की रक्षा



भारत वन्यजीव विविधता और वन्यजीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने और एक स्थायी ग्रह में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पुस्तकें विरासत की वाहक



पुस्तकें केवल ज्ञान की स्रोत ही नहीं, बल्कि परंपरा व विरासत की वाहक भी होती हैं। आज अहमदाबाद में सस्तु साहित्य मुद्रणालय द्वारा साल 2024-25 में पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। सस्तु कम कीमतों में पुस्तकों का प्रकाशन कर आर्थिक बाधाओं को समाप्त करने में अहम योगदान दे रहा है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मिलकर खुशियां बांटें



होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है! आइए, इन रंगों के साथ मिलकर खुशियाँ बाँटें और प्रेम का यह सिलसिला यूं ही बना रहे !

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### दिल से जुड़ा रिश्ता



मैं अपने और दर्शकों के बीच एक दिल से जुड़ा रिश्ता बनाने की कोशिश करता हूँ। लेकिन अब उन्हें आँकड़ों की तरह देखा जाता है। उन लोगों द्वारा जो मेरे और मेरे चाहने वालों के बीच द्वारपाल बन गए हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### कचरा वर्गीकरण के लिए जागरुकता अभियान

**मंडीदीप।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रशांत जैन के निर्देशानुसार कचरा कलेक्शन करने के साथ डोर-टू-डोर कचरा पृथक्करण के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें स्थानीय पार्षद भी सहयोग कर रहे हैं। स्वच्छता निरीक्षक आशीष कानूनगो व स्वच्छता सहायक नोडल मयूर गेडांम ने बताया कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियां घर-घर पहुंच रही हैं। गीला, सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की टीम लगातार नगरवासियों को जागरूक कर रही है।

### बिना टिकट सफर करने पर 66 यात्री पकड़े

**भोपाल।** रानीकमलापति रेलवे स्टेशन पर रविवार को बिना टिकट यात्रा करने वालों को पकड़ने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे 66 यात्री पकड़े गए, जिनके पास टिकट नहीं मिले। उनसे करीब 70 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। जानकारी के अनुसार रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे द्वारा किया गया, जिसमें उनके साथ डीसीटीआई सुनील वर्गीस, मुख्य टिकट निरीक्षक अभय पांडे, 10 टिकट चेकिंग स्टाफ, 5 आरपीएफ स्टाफ और 3 जीआरपी स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर एवं वहां स्थित स्टॉल्स का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा यात्रियों के टिकटों की जांच की गई, जिसमें 7165 रुपए का जुर्मान वसूला गया। इसके अलावा रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा स्टॉल्स एवं स्टेशन परिसर में की गई अनियमितताओं के तहत विभिन्न धाराओं में 66 मामलों में कार्रवाई कर कुल 62100 रुपए का जुर्माना लगाया गया। अभियान में कुल 69265 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### दिव्या को आरोपी बनाया लेकिन नहीं की पूछताछ

**भोपाल।** लोकायुक्त ने आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की पत्नी दिव्या तिवारी को भी भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी तो बनाया है, हालांकि अब तक दिव्या को गिरफ्तार नहीं किया गया है। दिव्या की गिरफ्तारी पर संशय बरकरार हे यह इसलिए क्योंकि लोकायुक्त अधिकारियों का तर्क है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा जब तक की गिरफ्तारी अत्यंत आवश्यक न हो। लोकायुक्त द्वारा इस तरह के माामलों में हिरासत में लेकर मौके से ही नोटिस पर छोड़ दिया जाता है, हालांकि इस मामले में एक बड़ा सवाल यह है कि यह मामला तो सामान्य तो नहीं ह फिर सौरभ की पत्नी को इस अघोषित राहत देने का कारण क्या है? आरोपी बनाए जाने के बाद उससे एक भी बार पूछताछ भी नहीं हुई है।

---

सांसद आलोक ने कहा मुस्कुराइए, अब आप भारत के नागरिक हैं

# बरसों इंतजार करने के बाद भारत की नागरिकता मिलने पर विस्थापितों की खुशी से आंखें हुई नम

**1947 से 2014 तक देश में शरण लेने वाले लोगों को अधिकार और न्याय नहीं मिलाः सांसद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंध प्रान्त से आए विस्थापितों को भारतीय कहलाने का हक मिला गया। भोपाल के गोल घर पर सांसद आलोक शर्मा ने अधिकारियो के साथ 9 पाकिस्तानी विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण-पत्र प्रदान किए। भारतीय नागरिक बनने पर तमाम विस्थापितों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था।

इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि मुस्कुराइए अब आप भारत के नागरिक हैं। सीएए देश में बसे लाखों लोगों को सिर्फ नागरिकता देने का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार देने का कानून है।



*शर्मा ने कहा कि पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण 1947 से 2014 तक देश में शरण लेने वाले लोगों को अधिकार और न्याय नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इन लोगों को न सिर्फ पड़ोसी देशों में, बल्कि यहां भी प्रताड़ना सहनी पड़ी। सांसद ने कहा कि ये लाखों-करोड़ों लोग तीन-तीन पीढ़ियों तक न्याय के लिए तरसते रहे, लेकिन विपक्ष की तुष्टिकरण की नीति के कारण इन्हें न्याय नहीं मिला, परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन लाखों-करोड़ों लोगों को न्याय देने का काम किया है।*

### एक-दूसरे को माला पहनाकर दी बधाई

भारतीय नागरिक बनने के बाद खुशी जाहिर करते हुए पाक विस्थापितों ने बताया कि वे भारतीय नागरिक बनने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने इस खुशी को मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को माला पहनाकर बधाई दी। नागरिकता मिलते ही उनकी आंखें नम हो गई। इस अवसर पर सिंधु सेना अध्यक्ष राकेश कुकरेजा, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव हरीश नगदेव, अनिल ठारवानी, दीपक राजानी, रीटा बजाज सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

### बच्चे पढ़-लिख कर अच्छे इंसान बनेंगे बच्चे

भारत आने के बाद बच्चों की पढ़ाई के लिए डॉक्यूमेंट मांगे जाते थे, लेकिन अब नागरिकता मिल गई है तो बच्चे पढ़-लिखकर अच्छे इंसान बनेंगे। मुझे बहुत खुशी हो रही है।

कविता, भारतीय नागरिक

### ऐसा लग रहा है कि आज नया जन्म लिया

हम करीब 14 साल पहले 2011 में पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर भारत आए थे। यहां आने के बाद वतन लौटने की खुशी थी, लेकिन सुविधाओं का अभाव भी था। अब सभी सुविधाएं मिलेंगी।

भजन लाल, भारतीय नागरिक

### पढ़ाई के लिए डॉक्यूमेंट मांगे जाते थे, अब बनाएंगे

भारत आने के बाद बच्चे पढ़ रहे थे। आगे की पढ़ाई के लिए डॉक्यूमेंट मांगे जाते थे। अब नागरिकता मिलने से बच्चों की शिक्षा में कोई परेशानी नहीं आएगी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।

चन्दर थारानी, भारतीय नागरिक

---

बैरसिया थाना क्षेत्र के डुंगरिया गांव में हुआ हादसा

# स्कूल बस की टक्कर से पिता को छोड़कर लौट रहे बाइक सवार युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव डुंगरिया में पिता को छोड़कर लौट रहे बाइक सवार बेटे को स्कूल बस ने टक्कर मार दी। हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घटना के बाद से चालक बस लेकर फरार है।

**हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी**

**प्राइवेट काम करता था युवक**





### पिता मेहनत-मजदूरी करते हैं

पुलिस के अनुसार अनिकेश पिता रामदयाल जाटव (20) गांव डुंगरिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। उसके पिता मेहनत-मजदूरी करते हैं। रामदयाल ने पुलिस को बताया कि कुल्होर गांव में उनकी रिश्तेदारी है। शनिवार सुबह बेटा अनिकेश उन्हें छोड़ने कुल्होर गया था। वहां से बाइक से अकेला गांव लौटा, तभी गांव में स्कूल बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

**स्कूल बस में थे बच्चे**

*हादसा सुबह करीब साढ़े 8 बजे के आसपास हुआ था। उस समय स्कूल बस गांव के बच्चों को लेने के लिए पहुंची थी। कुछ बच्चे बस में बैठे भी हुए थे। हादसे के बाद खतरा भांपकर बस का चालक बस लेकर फरार हो गया।*

### सड़क किनारे पेड़ से टकराई कार, 90 साल के बुजुर्ग की मौत

*ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव रायपुर में मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। कार टकराने से ड्राइव कर रहे 90 साल के बुजुर्ग को गंभीर चोट आई थीं। घटना गत 28 फरवरी की रात करीब सवा 10 बजे की बताई जा रही है। हादसे में घायल होने के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 90 साल के प्रभुलाल विश्वकर्मा, पंचवटी कॉलोनी निशातपुरा में रहते थे। गत 28 फरवरी को वह गांव रायपुर में एक डॉक्टर के पास इलाज कराने अपनी कार से गए थे। वे खुद कार चलाते थे और अकेले ही गए थे। डॉक्टर के पास से इलाज कराने के बाद वह कार से निशातपुरा अपने घर जाने के लिए निकले। रात करीब सवा 10 बजे रायपुर गांव से निकलते समय उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। पुलिस ने बताया कि कार पेड़ से टकराने के कारण उनका सिर स्टेयरिंग से टकरा गया था। इससे उन्हें नाक मुंह और सिर में गंभीर चोट आई थी। राहगीरों ने उन्हें कार से बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई।*

### डायबिटीज से परेशान पुजारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर में शनिवार रात डायबिटीज से परेशान पुजारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उनकी अपने भाई से बात हुई थी, जिसमें उन्होंने डायबिटीज से परेशान होने की बात कही थी। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से वीरपुर जिला रायसेन निवासी देवेन्द्र दुबे (48) एक मंदिर में पुजारी थे और यहां शिव नगर में अपने पिता के मकान में रहते थे। पिता करीब दस साल पहले भोपाल आकर बस गए थे। पिता की मौत के बाद अविवाहित देवेन्द्र उनके घर आकर रहने लगे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह उन्होंने अपने भाई को मोबाइल पर कॉल कर बताया था कि वह हैवी डायबिटीज से ग्रस्त हैं। बीमारी के कारण वह तनावग्रस्त रहने लगे हैं। भाई कामता प्रसाद का कहना है कि सुबह उनसे बात हुई थी और देर रात उनकी मौत की खबर आ गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। परिजनों के विस्तृत बयान होने के बाद किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा। उनके भाई कामता प्रसाद दुबे ने बताया कि बीते तीन सालों से देवेंद्र हैवी डायबिटीज के शिकार हो चुके थे। इसी कारण तनाव में रहते थे। आखिरी बार कॉल पर उन्होंने बीमारी से त्रस्त होने की बात कही थी। शनिवार की रात को सूचना मिली की भाई ने सुसाइड कर लिया है। यह सूचना उनके किराएदार ने कॉल कर दी थी।

- *भाई से मोबाइल पर बात कर कहा था, परेशान हो गया हूं*

---

महिला से एटीएम का पता पूछा

## दो महिलाओं समेत युवक ने अस्पताल कर्मचारी को लगाई लाखों की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित अनंत अस्पताल के पास दो महिला और उनके साथ मौजूद बदमाश ने निजी अस्पताल कर्मी से जेवरात और सात हजार रुपए की नगदी ठग ली। दरअसल, आरोपियों ने बड़ी ही होशियारी से ठगी की यह वारदात की। एक महिला ने फरियादी से एटीएम का पता पूछा और महज दस रुपए देकर जालसाजों ने महिला से जेवर उतरवा लिए और सात हजार रुपए नकद ले लिए। पीड़िता की रिपोर्ट पर टीटी नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपियों ने टीटी नगर में वारदात को दिया अंजाम

टीटी नगर पुलिस के अनुसार 52 वर्षीय लता गोस्वामी बाणगंगा में रहती हैं। वह अनंत अस्पताल में नौकरी करती हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे अस्पताल से छूटने के बाद वह पैदल घर जा रही थीं। अस्पताल से कुछ ही दूरी पर उन्हें दो महिलाएं और एक युवक मिले। इसमें एक महिला लता के पास पहुंची और पूछने लगी कि यहां पास कोई एटीएम है मुझे नगदी जमा करना है। इस दौरान उसने एक गड्डी दिखाई थी। लता ने बताया कि एटीएम पास ही में है, लेकिन उससे पैसे निकलते हैं, जमा नहीं होते।

इस बीच दूसरी महिला उनके पास आ गई और चर्चा करने लगी। वह बोली कि क्यों न इसके पैसे ले लिए जाएं और इसे अपने जेवर दे दिए जाए। तभी वह अपने जेवर उतारकर उसे देने लगी। महिला ने लता से भी कहा कि तुम भी अपने जेवर इसे दे दो, हम इसके पैसे आपस में बांट लेंगे। लता पहले पैसे देख चुकी थी। उसने अपने कान के टॉप्स व गले की मोती की माला उतारकर दे दी।

### खाना खाने के नाम पर नकदी ली

इस दौरान पहली महिला बोली कि मुझे खाना खाना हैं, मेरे पास पैसे नहीं हैं, कुछ पैसे मुझे दे दो। दूसरी महिला बोली कि मेरे पास नगद नहीं है। उसने लता से बोला कि तुम्हारे पास नकदी हो तो इसे दे दो। लता ने अपने पर्स से सात हजार रुपए उसे दे दिए। उन्होंने लता को पैसे की गड्डी जिसमें दस का नोट ऊपर लगा था दे दिया। उन लोगों के जाने के बाद लता ने गडड्डी देखी तो ऊपर के नोट के अलावा सभी कागज की कतरन थी। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे को कॉल पर ठगी की जानकारी दी। बेटे के आने पर दोनों थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई।

---

### कपिल ने किए 'शिव दर्शन'...



**औबेदुल्लागंज।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा ने रायसेन जिले के प्राचीन भोजपुर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने इसका वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में कपिल शर्मा ने मंदिर की वास्तुकला की तारीफ की है।

## इंदौर शहर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाई-ओवर, बाय-लेन, अंडर पास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहल लागू की जा रही हैं।

सिग्नल-लैस योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी। ऑर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग यातायात प्रबंधन को अधिक स्मॉर्ट और कुशल बनाने में भी किया जा रहा है।

### शहरी लोक परिवहन

विभाग की ओर से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 1330 बसों का संचालन शहरी मार्गों पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने की दृष्टि से पीएम ई-बस सेवा में 552 ई-बसों का प्रस्ताव केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया है। बस डिपो अधोसंरचना के प्राक्कलन भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर के स्वीकृत किए गए हैं। इसी के साथ चार्जिंग अधोसंरचना के प्राक्कलन भोपाल, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर की स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश के 3 शहरों भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिए 217 ई-चार्जिंग अधोसंरचना विकास का कार्य विभाग की ओर से किया जा रहा है।

## ढोलक की थाप और होली गीतों पर मनाया उत्सव, एक-दूसरे को रंग लगाकर दी बधाई

महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

होली का त्योहार नजदीक है, ऐसे में अब फाग उत्सव का उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को पटेल नगर में महिला मंडल ने फाग उत्सव मनाया। जहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुष्पा साहू व पार्षद दीपिका जैन रंगों में सराबोर नजर आई।

आयोजन समिति की शिरोमणि बांके ने बताया कि महिला मंडल ने एक साथ होली गीत गए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। होली के अवसर पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया।



**सनातन धर्म को मिलता है बढ़ावा**



आयोजन में नपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमेशा समाज मे होते रहने चाहिए इससे हमारे सनातन धर्म हमारी संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर समाजसेवी कुसुम श्रीवास्तव, दुर्गा चौहान, स्वेता वर्मा, अंबिका सिंह, वर्षा श्रीवास्तव सहित महिला मंडल की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

---

## गुफा मंदिर होली मिलन समारोह में बुंदेलखंड लोक गीत, राधाकृष्ण की झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

शासकीय रामानंद संस्कृत महाविद्यालय गुफा मंदिर के पूर्व छात्रों का होली मिलन समारोह 22 मार्च को होगा। जिसमें मप्र के ब्राह्मण समुदाय शामिल होंगे।

आयोजन में बुंदेलखंडी लोकगीत एवं श्रीधाम वृंदावन से संस्कृत राधा कृष्ण झांकियां एवं लोक नृत्य के आयोजन के साथ 5 क्विंटल पुष्पों की रंग-गुलाल के साथ होली खेली जाएगी। पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के नेता चंद्रशेखर तिवारी राधे महाराज को मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से आचार्य डॉ. पं. अरविंद पचौरी मुख्य व्यवस्था को संभालेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रामकुमार देवलिया की मुख्य भूमिका रहेगी।

### गुफा मंदिर में हुई बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गुफा मंदिर में बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से पं. नीलमणि दुबे, पं. कपिल शर्मा, पं. गीतेश शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, संस्कृत बचाओ मंच गुफा मंदिर के मुख्य पुजारी लेखराज शर्मा, पं. उमाशंकर तिवारी, पं. राकेश शास्त्री, पं. मनमोहन शर्मा, प्रियेश शर्मा, पं. प्रणव शर्मा, पं. रामकृष्ण शर्मा, प्रमोद पुरोहित, पं. गोविंद शर्मा, पं. भवानी शर्मा व पं. प्रकाश शर्मा सहित गणमान्य पूर्व विद्यार्थी उपस्थित हुए। राधे महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में भोपाल के आईएएस, आईपीएस ब्राह्मण पदाधिकारी एवं राजनीतिज्ञ दलों के प्रमुख गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

---

अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने पर हुआ सम्मान

लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में हुआ आयोजन

## महिलाओं ने फैशन शो, लाइव म्यूजिक, डीजे, गेम्स में प्रस्तुतियां देकर महिला दिवस को बना दिया यादगार





**मातृशक्ति को किया सम्मानित**

कार्यक्रम में महिलाओं ने फैशन शो, रेड कारपेट वॉक, डांस वर्कशॉप, लाइव म्यूजिक, डीजे, गेम्स के साथ इस दिन को यादगार बनाया। इस अवसर पर भूमि, उषा, रिद्धि पूनम. साक्षी मनवानी, अंकिता मनचंदा, दीपा रवि आनंद, ऋचा तेजवानी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में विमेंस विंग, प्लेओटल एवं एसडीएफसी ड्रीम इवेंट ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। समाज सेवी डाली शर्मा मुख्य अतिथि रही। उन्होंने संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डालिमा पारवानी, इंटरनेशन मेकअप आर्टिस्ट रचना शेवानी को सम्मानित किया।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भूमि राजवानी, भक्ति माखीजा, प्रिया साधवानी, मेधा रेशमवाला, आरजे अनादि, आरजे गीत को भी विशेष रूप से समानित किया गया।

### राजाभोज एयरपोर्ट पर केक काटकर एटीसी टॉवर की महिलाओं को किया सम्मानित





राजाभोज हवाई अड्डे के एटीसी टॉवर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिला एटीसी अधिकारियों के सम्मान में केक काटकर उनके योगदान की सराहना की गई। एयर ट्रैफिक कंट्रोल एक ऐसा पेशा है, जो अत्यधिक ध्यान, तकनीकी ज्ञान और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की मांग करता है। आयोजन से एटीसी टॉवर की महिला कर्मियों के समर्पण को सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# समाज के विभिन्न पहलुओं की स्त्री शक्ति ने शब्द रचना की, अभिव्यक्ति से दिया आकार

## भारत भवन में आयोजित चार दिवसीय आद्या समारोह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

स्त्री सृजनशक्ति और रचनाशीलता पर केन्द्रित भारत भवन में आयोजित आद्या समारोह का समापन रविवार को हुआ। संगीत केन्द्र अनहद की ओर से आयोजित चार दिवसीय इस समारोह के अंतिम दिन स्त्री शक्ति ने अपनी शब्द रचना से साहित्य प्रेमियों को परिचित कराया। इस दौरान रजनी गुप्त (कहानी), सुषमा मुनीन्द्र (कहानी), अन्ना माधुरी तिर्की (कविता), रक्षा दुबे चौबे (कविता), जोशना बैनर्जी आडवानी (कविता), सांत्वना पयासी ने (कविता) पाठ किया। साहित्यिक शब्दावली और शब्दों की अभिव्यक्ति से परिपूर्ण रचनापाठ की इस श्रृंखला में रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक कविता और कहानियों का पाठ किया। इस दौरान रचनाकारों की रचनाएं सीधे समाज के प्रत्येक वर्ग को छूती हुई प्रतीत हुई जिसमें शब्दों का संयोजन और प्रस्तुति का बेहतर तालमेल देखने को मिला।



### मैंने रोटी को एक उत्सव की तरह सोचा

इस दौरान सांत्वना पयासी ने प्रेम शीर्षक से कुछ घटित हुआ होगा, किंतु यह परिभाषित नहीं जो अंकित है पाषाण में, लिपिबद्ध भी कई ऋचाओं में... कविता पढ़ी। जोशना बनर्जी ने एक सहायिका का मरना शीर्षक से कविता एक सहायिका का मरना एक प्रेमी के मरने से एकदम भिन्न था... सुनाई। इसके बाद उन्होंने रोटी शीर्षक से कविता रोटी एक तुरही की तरह बजती रही मेरे कानों में, मैंने रोटी को एक उत्सव की तरह सोचा... कविता सुनाई। इसी क्रम में जोशना ने भात शीर्षक से भात पकाकर मां ने तांबे के बर्तन में भात रखकर केले के पेड़ के नीचे रख छोड़ा... रचना पढ़ी।

### भागदौड़ भरे जीवन को दिया शब्द संयोजन

रचना पाठ के इसी क्रम में सुषमा मुनीन्द्र ने बैसाखी वाली लड़की शीर्षक से कहानी सुनाई। इस कहानी में उन्होंने दिव्यांग लड़कियों को केन्द्र में रख और यह बताने का प्रयास किया कि दिव्यांग लड़की भी कितनी स्वाभिमानी होती है कि वह खुद के साथ अपने परिवार का भी ध्यान रखने में सक्षम है। इसी बीच यदि एक महिला को दूसरी महिला का सहयोग मिले तो निश्चित ही वह अपने जीवन में बेहतर परिवर्तन ला सकती है। इसके बाद रजनी गुप्त ने आज के युवाओं के भाग दौड़ भरे जीवन में छूटते रिश्तों पर केन्द्रित कहानी भागमभाग का पाठ किया।

### वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत



# संविधान पढ़ें न पढ़ें, संविधान सभा की बहस जरूर पढ़ें: यूसीसी पर बोले त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भुवन भूषण देवलिया स्मृति व्याख्यानमाला समिति, भोपाल ने रविवार को माधवराव सप्रे समाचारपत्र संग्रहालय में रविवार को व्याख्यान एवं राज्य स्तरीय पत्रकारिता सम्मान अलंकरण समारोह आयोजित किया। वरिष्ठ पत्रकार राजेश पांडेय को राज्य स्तरीय भुवनभूषण देवलिया पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया गया। इसमें उन्हें 11 हजार रुपए नकद, प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। व्याख्यान का विषय था- एक देश एक कानून: कितना जरूरी, कितना गैर जरूरी। इस चर्चित विषय पर गहन विमर्श हुआ। श्रोताओं ने वक्ताओं से सवाल भी पूछे, वक्ताओं ने जवाब दिए।

वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार विवेक ने कहा कि एक देश एक कानून को विविधता का हवाला देकर हमेशा रोका गया। मुख्य वक्ता नई दिल्ली से आए प्रो. हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा कि भोपाल में हुई इंवेस्टर समिट से ही एक बड़ा संदर्भ निकलकर आया जब देर से पहुंचने के कारण प्रधानमंत्री मोदी जी ने खुद माफी मांगी, जब वेक्सीन लगवाने की बारी आई तो कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार किया था। इस देश में जहां प्रधानमंत्री खुद कानून का इतनी सख्ती से पालन करते हैं, वहां एक देश एक कानून की कितनी जरूरत है।

अंत में इस मुद्दे को अच्छे से समझने के लिए हर्षवर्धन ने सलाह दी कि संविधान पढ़े या न पढ़े पर संविधान सभा की बहस जरूर पढ़नी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं ग्रामोद्योग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### इनकी उपस्थिति रही महत्वपूर्ण

इस वैचारिक आयोजन में अनेक पत्रकारों, जनसंपर्क अधिकारियों की उपस्थिति भी रही। प्रबुद्ध वर्ग से काफी लोग शामिल हुए। डॉ. आशीष देवलिया, डॉ. अर्पणा एलिया और अरुणा दुबे, आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एके पांडेय, सेवानिवृत्त जस्टिस संजीव सरैया, अधिवक्ता जीके छिब्बर, पूर्व अपर संचालक जनसंपर्क प्रकाश नारायण साकल्ले, पत्रकार भगवान उपाध्याय, राजेंद्र धनोतिया, धर्मेंद्र पैसवार, डॉ. महेश दुबे, राकेश भट्ट, सुनील गंगराड़े, राजीव सोनी, कौस्तुभ शिरडोणकर, अनवर मेव और बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### समाचार पत्र संग्रहालय की दीर्घाएं देखीं मंत्री पटेल ने

प्रारंभ में मंत्रीपटेल ने माधवराव सप्रे समाचार पत्र और शोध संग्रहालय की अनेक दीर्घाओं का अवलोकन किया और यहां संजोई पत्र पत्रिकाओं की संपदा और पुस्तकों की विशेषता की सराहना की।

# अमेरिका का हिंदी अध्ययन दल आज भोपाल में

**भोपाल।** न्यू जर्सी (अमेरिका) स्थित युवा हिंदी संस्थान और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के संयुक्त प्रयास से विकसित फुलब्राइट-हेस जीपीए हिंदी पाठ्यक्रम निर्माण परियोजना का बीस सदस्यीय दल 10 मार्च को भोपाल के पांच दिवसीय अध्ययन-दौरे पर आ रहा है। यह दल रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित होने वाले भाषा संवाद एवं विविध कार्यक्रमों में रचनात्मक भागीदारी करेगा। उल्लेखनीय है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलाधिपति संतोष चौबे और फुलब्राइट-हेस जीपीए परियोजना के कार्यक्रम निदेशक अशोक ओझा के बीच पिछली भेंट के अवसर पर इस कार्यक्रम की रूपरेखा बनी थी। डॉ. जवाहर कर्नावट, निदेशक, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र इन कार्यक्रमों के संयोजक हैं।

- रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि और युवा हिंदी संस्थान का भाषा संवाद कार्यक्रम
- डॉ. जवाहर कर्नावट, निदेशक, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र इन कार्यक्रमों के संयोजक हैं

### वुमंस एनएच-12 क्रिएटिव विमेंस क्लब का प्री होली सेलिब्रेशन व सम्मान समारोह

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगों और फूलों की होली से सजा प्री होली सेलिब्रेशन







हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रंगों भरी पिचकारी के साथ महिला सम्मान समारोह का आयोजन एनएच 12 क्रिएटिव विमेंस क्लब द्वारा नंदन पैलेस में किया गया। प्री होली सेलिब्रेशन और महिला दिवस के रूप में आयोजित इस सेलिब्रेशन में शहर की करीब 150 महिलाओं ने शिरकत की और समारोह को रंगों और फूलों की सुहानी महक से सजा दिया। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण, रचनात्मकता और समुदाय बंधन की भावना को बढ़ावा दिया।



### रंगभरी प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

इसके अंतर्गत जहां रंगभरी प्रतियोगिता में महिलाओं ने अपने रंगीन अवतार को दिखा कर मनमोहक परिधानों में प्रस्तुति दी तो वहीं फूलों की होली में राधा कृष्ण का प्रेम भी नजर आया। वहीं सांस्कृतिक प्रदर्शन में महिला उद्यमी समूह की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने बरबस ही सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।





### विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित भी किया गया

इसके साथ ही कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित भी किया। क्लब की संस्थापक/अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने कहा कि हमारा मिशन महिलाओं को सशक्त बनाना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और समुदाय बंधन को बढ़ावा देना है।

डॉ. मंजू ने किया संचालन

# बीएसएसएस में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा संस्कृति की संरक्षकः महिलाओं का योगदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें पैनल चर्चा और तकनीकी सत्र हुए, जिसमें सांस्कृतिक संरक्षण और नीति एकीकरण पर विचारोत्तेजक बातचीत हुई, जिसे डॉ मंजु मेहता द्वारा संचालित किया।

इस अवसर पर अनुराधा पांडा ने पारंपरिक व्यवसायों में महिलाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया जिसमें मिट्टी के बर्तन बनाने, कताई और कपड़ा बुनने, कढ़ाई के काम और पाक ज्ञान में उनकी विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला।

# राधा-कृष्ण की रास लीला से सजा 'इंद्राणी उत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कलाकारों ने मोर रूप धारण कर राधा-कृष्ण की रास लीला को फूलों की होली से सजाया। जहां नर्तक मोर के पंख से बने वस्त्र पहने थे। एक ओर बृज की होरी पर नाचते गाते नर्तक दल थे तो दूसरी ओर सभागार में बैठे दर्शकों की थिरकते कदम ने समा को होली के रंग में रंग दिया। यह नजारा था रविवार को जनजातीय संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय इंद्राणी उत्सव का समापन संध्या का, जिसमें जया सक्सेना और साथी ने बृज की होली और मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं तेज रफ्तार से चक्कर काटते हुए किए गए राजस्थान के दल द्वारा घूमर/चरी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।



### इंद्राणी उत्सव पर लोक गायन एवं नृत्यों की प्रस्तुतियां

### होरी गीतों से सजा मालवी और निमाड़ी गायन

गायन प्रस्तुति में स्वाति उखले द्वारा मालवी गायन के अंतर्गत तम तो बेगा बेगा आवो हो गणेश..., होली खेले नटराजा..., बागा में खेला बगीचा में खेला...,चढ़स हांके के हजारी... गीतों की प्रस्तुति दी वहीं पूर्णिमा चतुर्वेदी ने निमाड़ी गायन में देवताओं की होली में मची रही रणत भवन में..., परिवार की होली में म्हारी हरी चुनर पर रंग वरस..., पति-पत्नि की होली उड़ी रह्यो रंग गुलाल..., ननद भाभी की होली-टेसू फूल्यो अतिभारा नणद... जैसे लोक और फाग गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांधा।

### सैताम नृत्य और महाराष्ट्र के लावणी नृत्य ने समां बांधा

वहीं प्रतिभा रघुवंशी द्वारा मालवा के मटकी नृत्य की प्रस्तुति दी। अंकिता एवं साथी द्वारा मारिया जनजातीय के नृत्य सैताम की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी। बांसुरी की मधुर धुन, नगाड़ा की थाप पर मंत्रमुग्ध कर देने वाली नृत्य शैली ने बरबस ही सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। वहीं कार्यक्रम को विराम देते हुए ज्योति तुम्मार एवं साथी द्वारा लावणी नृत्य को पारंपरिक गीत और नृत्य के उचित संयोजन के रूप में प्रस्तुत किया।

# भारत के शिक्षा के मंदिर, चरित्र निर्माण के कारखाने हैंः उच्च शिक्षा मंत्री परमार

सरोजिनी नायडू महाविद्यालय भोपाल का वार्षिकोत्सव 'भव्या', सांस्कृतिक मेला कार्निवल के साथ सम्पन्न

राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान एवं उनकी भूमिका अग्रणी एवं सराहनीय: चेतस सुखाड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

शनिवार को भोपाल स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'भव्या 2024-25' के समापन समारोह और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारतः सांस्कृतिक मेला कार्निवल' का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार और अभाविप के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री चेतस सुखाड़िया उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष डॉ. भारती कुम्भारे सातनकर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।





### 100 से अधिक छात्राओं के 18 समूहों ने की सहभागिता

सांस्कृतिक कार्निवल मेले में भारत के विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक विशेषताओं को प्रस्तुत करते हुए 100 से अधिक छात्राओं के 18 समूहों ने सहभागिता की। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को पुरातन भारतीय ज्ञान को, पुनः शोध-अनुसंधान एवं अध्ययन के साथ युगानुकूल परिप्रेक्ष्य में दस्तावेजीकरण कर समृद्ध करने के लिए सहभागिता करने की आवश्यकता है। परमार ने कहा कि विश्व भर में भारत एक मात्र देश है, जहां चरित्र निर्माण का कारखाना है और यह उपक्रम हमारे शिक्षा के मंदिर हैं। वहीं चेतस सुखाड़िया ने कहा कि भारत के गौरवशाली अतीत से लेकर वर्तमान तक, राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान एवं भूमिका अग्रणी है।



# ब्रिटिश पार्क में होली के रंग, डीजे पार्टी के संग, यूथे ने बटोरी तालियां

**भोपाल।** ब्रिटिश पार्क में होली के रंगों के साथ डीजे पार्टी का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया और जमकर होली की धूम मचाई। रंग-बिरंगे रंगों से सजे इस सेलिब्रेशन में रंगों और फूलों की होली के साथ ही स्टेज परफार्मेंस भी खास रहा, जिसमें यूथ ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी।

### एकता हास्य नाट्य समारोह में नाटक 'एक मशीन जवानी की' का मंचन

# जब बूढ़ी हुस्नआरा बन जाती है 18 साल की खूबसूरत व कमसिन कच्ची कली

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एक रोज की बात है हुस्नआरा मशीन पर अंडे रखकर भूल जाती है और अंडे मशीन में गायब हो जाते हैं। अंडे ढूंढने के लिये वो खुद मशीन में जाती और वापिस जब आती है मशीन से बाहर तो बूढ़ी आरा 18 साल की खूबसूरत कच्ची कली बन जाती है। इसका मतलब चल पड़ती है मशीन की जवानी। जी हां जवानी की यही मशीन नाटक में हास्य और रोमांच पैदा करती है। हास्य और ठहाकों से भरे नाटक 'एक मशीन जवानी की' का मंचन रविवार शाम शहीद भवन सभागार में हुआ, जिसमें निर्देशन सुमित द्विवेदी ने किया।

### नाटक की कहानी

फाकामस्त बुजुर्ग कल्लन मियां पेशे से कबाड़ में एक अजीबो गरीब सूरत की चीज उठा लाए है, जिसे वो मशीन समझ बैठे हैं। सोचते हैं कि इस मशीन को ठोक पीटकर चलाया जाए ताकि आमदनी बढ़े और घर का गुजारा हो सके। कल्लन की बीवी अधेड़ उम्र हुस्न आरा का हुस्न कभी का रफूचक्कर हो चुका है, पर दिल में उनकी हसरतें अभी भी जवान हैं, जब बीवी मशीन में जाती है तो 18 साल की खूबसूरत कच्ची कली बन जाती है और चल पड़ती है जवानी की मशीन।

**दिल में उनकी हसरतें अभी भी जवान हैं**



### मशीन क्या चल पड़ी कल्लन मियां की दुनियां बदल गई

मशीन क्या चल पड़ी कल्लन मियां की दुनियां बदल गई, रुठा मुकद्दर जाग गया, गरीब खाना महल में तब्दील हो गया। घर के सामने जवां होने के ख्वाहिशमंदों की लाईन लग गई, रुपए पैसों की बरसात होने लगी। मशीन को हासिल करने की साजिशें, हंगामें और ड्रामों में रूबरू होने के लिये कुछ न कुछ जद्दोहद हास्य की स्थिति पैदा करती है।





# महाकुंभ में संगम का पानी नहाने के योग्य था

## रिपोर्ट में सांख्यिकीय विश्लेषण का इस्तेमाल किया, 7 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को अपनी नई रिपोर्ट सौंपी है। सीपीसीबी ने एनडीटी को बताया कि महाकुंभ में नदी का पानी नहाने लायक था। रिपोर्ट में सांख्यिकीय विश्लेषण का इस्तेमाल किया गया। ऐसा इसलिए क्योंकि अलग-अलग जगहों और समय पर पानी के नमूनों में अंतर था। इसलिए ये नमूने पूरी नदी की गुणवत्ता नहीं दिखाते थे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नई रिपोर्ट में प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान नदी की पानी की गुणवत्ता का आंकलन किया गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पेश की नई रिपोर्ट

राष्ट्रीय हरित अधिकरण को दी जानकारी




### नमूनों में अहम बदलाव भी पाए गए

बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को 7 मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बार, जिसमें स्नान के शुभ दिन भी शामिल है। गंगा नदी पर 5 स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल निगरानी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न तिथियों पर एक ही स्थान से लिए गए नमूनों के लिए विभिन्न मापदंडों जैसे पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कोलीफॉर्म काउंट (एफसी) के परिमाण में अहम बदलाव देखे गए है। एक ही दिन एकत्र किए गए नमूनों के लिए उपर्युक्त मापदंडों के परिमाण भी अलग-अलग स्थानों पर भिन्न होते हैं।

### रिपोर्ट में इन प्रमुख बिंदुओं को किया गया शामिल

जल में ऑक्सीजन की मात्रा या डीओ, जल में कार्बनिक पदार्थों को खंडित करने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को मापता बीओडी, तथा सीवेज संदूषण का सूचक एफसी जल की गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं।

- एक विशेषज्ञ समिति ने 'आंकड़ों में परिवर्तनशीलता' के मुद्दे की जांच की और कहा कि 'आंकड़ा एक विशिष्ट स्थान और समय पर जल गुणवत्ता का तत्कालिक स्थिति को दर्शाता है और यह ऊपरी धारा में मानवजनित गतिविधियों (मानव क्रियाकलापों), प्रवाह की दर, नमूने की गहराई, नमूने का समय, नदी की धारा और धाराओं का मिश्रण, नमूना स्थान और ऐसे कई अन्य कारकों के आधार पर काफी भिन्न हो सकता है।
- ये मान उस सटीक समय और स्थान पर जल गुणवत्ता मापदंडों को दर्शाते हैं, जहां से ये जल नमूने एकत्र किए गए थे, तथा ये नदी की समग्र विशेषताओं को पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं, इसलिए, जरूरी नहीं है कि ये नदी के पूरे क्षेत्र में समग्र जल गुणवत्ता को प्रदर्शित करें।
- कहा गया है कि परिवर्तनशीलता के कारण, प्रमुख मापदंडों के लिए विभिन्न निगरानी स्थानों के जल गुणवत्ता डेटा का सांख्यिकीय विश्लेषण 12 जनवरी से 22 फरवरी तक 'सामूहिक स्नान' के 10 स्थानों पर किया गया और 20 दौर की निगरानी की गई।
- यह प्रस्तुत किया गया है कि उपर्युक्त सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार, निगरानी किए गए खंडों के लिए पीएच, डीओ, बीओडी और एफसी का औसत परिमाण (आंकड़ों की केंद्रीय प्रवृत्ति) संबंधित मानदंडों/अनुमेय सीमाओं के भीतर है।
- एफसी का औसत परिमाण 1,400 था, जबकि स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 मिली है, जबकि डीओ पांच मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक के निर्धारित मानक के मुकाबले 8.7 था, तथा बीओडी 3 मिलीग्राम प्रति लीटर से कम या उसके बराबर की निर्धारित सीमा के मुकाबले 2.56 था।
- सीपीसीबी ने 17 फरवरी को एक रिपोर्ट में एनजीटी को सूचित किया कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में विभिन्न स्थानों पर फीकल कोलीफॉर्म का स्तर स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं था। एनजीटी इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को करेगी।

## खबर संक्षेप

### परिसीमन पर संसद में आर-पार के मूड में द्रमुक



**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के सांसदों ने रविवार को एक अहम बैठक की। इस दौरान 10 मार्च से शुरू हो रहे संसद सत्र में परिसीमन का मुद्दा उठाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने बैठक की अध्यक्षता की। अन्ना अरिवालयम में बैठक में पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने भाग लिया।

### सुरंग हादसे में एक शव मिला, मशीन लगाई गई



**नगरकुरनूल।** तेलंगाना में सुरंग हादसे में एक शव बरामद हुआ है। जो शव बरामद हुआ है, वह एक मशीन में फंसा हुआ था। फिलहाल बचाव दल मशीन को काटकर शव निकाला। अभी 7 अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। बचाव अभियान में केरल के खास खोजी कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। हादसे को 15 दिन से ज्यादा का समय बीत गया है।

### मेडिकल छात्रों की रैगिंग और पिटाई, मामले दर्ज



**भावनगर।** गुजरात के भावनगर में सरकारी मेडिकल कॉलेज के दो प्रशिक्षु छात्रों को सोशल मीडिया पर चुटकुले साझा करना भारी पड़ गया। प्रशिक्षु छात्रों के वरिष्ठों और बैच के साथियों ने दोनों को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज लिया है। कॉलेज प्रशासन ने घटना को रैगिंग मानते हुए चारों आरोपी छात्रों तो बर्खास्त कर दिया है।

### अब बोकारो में दस्तक 250 पक्षियों की मौत



**बोकारो।** झारखंड के रांची में बर्ड फ्लू के कारण 5,500 पक्षियों के वध के लगभग 1 माह के बाद बोकारो जिले में इस संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इस संक्रमण की पुष्टि 7मार्च को हुई जब केंद्र ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र जारी किया। यहां सेक्टर-12 में एक सरकारी कुक्कुट केंद्र में इस संक्रमण का पता लगा है जहां 250 पक्षियों की मौत हो चुकी है।

### राजा भैया पर पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। राजा भैया पर उनकी पत्नी ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और पत्नी की शिकायत पर राजा भैया के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज हुई है। भानवी सिंह ने दिल्ली पुलिस में गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दी है।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने जीएसटी दरों में बदलाव का दिया संकेत

# स्लैब की समीक्षा की जा रही, दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए हम जल्द लेंगे 'अंतिम फैसला'




कंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जीएसटी रेट्स में और कमी आ सकती है। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि फिलहाल देशहित में वे काम कर रही हैं।

### मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने ऐसी संभावना जताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) दरों में बदलाव का संकेत दिया है। जीएसटी स्लैब में बदलाव पर भी विचार हो रहा है। वित्त मंत्री ने जल्द ही इस बारे में अंतिम फैसला आने की बात कही। एक खास बातचीत में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर अंतिम फैसला जल्द ही लिया जाएगा। स्लैब के पुनर्गठन की समीक्षा की जा रही है। इससे जीएसटी दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इसके साथ ही सरकार ने टैक्स स्लैब को और तर्कसंगत बनाने पर जोर देने की बात कही है। दरअसल, मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भविष्य में जीएसटी दरों में कटौती के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जीएसटी रेट्स में और कमी आ सकती है। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि फिलहाल देशहित में वे काम कर रही हैं। फिलहाल किसी भी वस्तु पर टैक्स नहीं बढ़ाया गया है।

**जीएसटी दरें और कम होंगी**

*देश को नई दिशा मिलेगी आर्थिक सुधार भी होगा*



#### खास बातचीत में किया ऐलान

ऐसा माना जा रहा जीएसटी दरें और कम हो सकती हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस ओर इशारा किया है। एक साथ खास बातचीत में उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत अंतिम निर्णय पास है। उन्होंने बताया कि इनके स्लैब को फिर से तय करने की समीक्षा चल रही है। इससे जल्द ही देश को नई दिशा मिलेगी और आर्थिक व्यवस्था में सुधार होगा।

#### हम परिवर्तन की तैयारी कर रहे

वित्त मंत्री सीतारमण ने संकेत दिए हैं कि जीएसटी सिस्टम में जल्द ही बड़े बदलाव होने वाले हैं। जीएसटी दरों में कमी और टैक्स स्लैब्स को सरल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सरकार जीएसटी दरों और स्लैब में कटौती पर जल्द फैसला लेगी। वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी बताया कि वो खुद हर जीएसटी ग्रुप के काम की समीक्षा कर रही हैं ताकि बदलाव देश हित में हों।

#### बैंकों में सरकारी हिस्सेदारी होगी कम

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी हिस्सेदारी घटाने और खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों और माइक्रो-क्रेडिट सेक्टर में भी स्थिति में सुधार हुआ है।

**भारत की दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था**

निर्मला सीतारमण ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था पर विश्वास जताते हुए कहा कि 2021 के बाद से भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

#### जीएसटी से टैक्स कलेक्शन में आई स्थिरता

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी से टैक्स कलेक्शन में स्थिरता आई है। जीएसटी के बाद किसी भी वस्तु पर टैक्स नहीं बढ़ा है। आगे भी जीएसटी दरें कम होंगी। सरकार का लक्ष्य जीएसटी सिस्टम को और आसान बनाना, टैक्स दरें कम करना और टैक्सपेयर्स को राहत देना है।

#### वित्त मंत्री ने खुद लिया समीक्षा का जिम्मा

सीतारमण ने कहा कि मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने इस विषय पर शानदार कार्य किया है, लेकिन उन्होंने स्वयं जीएसटी काउंसिल में प्रस्तुत किए जाने से पहले उनकी सिफारिशों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य टैक्स स्लैब को सरल बनाना और उद्योग जगत की आवश्यकताओं का समाधान निकालना है।

#### व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा इसका लाभ

अगर जीएसटी दरों में कटौती होती है, तो इसका सीधा फायदा व्यापारियों और आम जनता को मिलेगा। इससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आ सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। अब सभी की निगाहें जीएसटी काउंसिल के अगले फैसले पर टिकी हैं।

## पीएम मोदी और यादव ने उत्साह जताया

# हम सदैव जानवरों की रक्षा करने में सबसे अग्रणी रहेंगे

मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य मिला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को लेकर उत्साह जताया है, जिससे देश की समृद्ध जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित हुई है। पीएम मोदी ने इसे वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर बताते हुए भारत की जानवरों की रक्षा करने की परंपरा पर गर्व जताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत वन्य जीव विविधता से समृद्ध है और यहां की संस्कृति वन्य जीवों का सम्मान करती है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यादव के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा, वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर! भारत वन्य जीव विविधता और वन्य जीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने में सबसे आगे रहेंगे।

#### वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई: भूपेंद्र

यादव ने एक्स पोस्ट पर लिखा है कि भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। यह घोषणा करते हुए रोमांचित हूं कि देश ने अपने 58वें टाइगर रिजर्व को अपनी सूची में शामिल कर लिया है, जिसमें नवीनतम प्रवेश मध्य प्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व का है। यह मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। मैं सभी वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देता हूं। यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है जो निस्वार्थ भाव से इस उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।

#### माधव उद्यान बाघ अभयारण्य घोषित

शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान को बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है। यह पहला ऐसा अभयारण्य है, जहां निर्माण प्रक्रिया 6 महीने के भीतर पूरी की गई। यह शिवपुरी में स्थित है और 37,523.344 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह अभयारण्य 1751 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका मुख्य क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर और बफर जोन 1276 वर्ग किलोमीटर है। माधव राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1956 में हुई थी। 10 मार्च को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया की जयंती है। इसलिए उद्घाटन उसी दिन निर्धारित किया। वर्तमान में, मध्य प्रदेश में आठ रिजर्व सतपुड़ा, पेंच, बांधवगढ़, कान्हा, संजय दुबरी, पन्ना, रानी दुर्गावती और रातापानी हैं।

## कर्नाटक के चित्रदुर्ग में हादसा

# कार और ट्रक की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौके पर मौत



एजेंसी ▶▶ चित्रदुर्ग

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा जिले के मुख्यालय के बाहरी इलाके में स्थित सिबार गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना चित्रदुर्ग तालुका के सिबार गांव में हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुर्घटनाग्रस्त कार बेंगलुरु से आ रही थी और उसमें सवार सभी लोग बेंगलुरु के ही निवासी थे। हालांकि,मृतकों की पूरी पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है।

## शोभा यात्रा में राधा और कृष्ण



**पटना।** पटना में रविवार को श्री श्याम फागुन पवित्र ध्वजा निशान शोभा यात्रा में राधा और कृष्ण के रूप में सजे कलाकार भाग लेते हुए।

## ट्रंप ने गरीब व विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र खत्म किया

# रामदेव ने ट्रंप की नीति को आर्थिक और टैरिफ आतंकवाद करार दिया



- औरंगजेब और मंदिर पर हमले पर भी सुनाया

एजेंसी ▶▶ नागपुर

पतंजलि आयुर्वेद के सह-संस्थापक रामदेव ने रविवार को कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को धार्मिक आतंकवाद पर लगाम लगाने के लिए पहल करनी चाहिए। नागपुर में मिहान में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क के उद्घाटन पर यह बात कही। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ को लेकर भारत का जिक्र मामले पर यह कहा। ट्रंप की टैरिफ नीति पर पूछे गए सवाल पर रामदेव ने दावा किया कि यह आर्थिक आतंकवाद और टैरिफ आतंकवाद है। यह दुनिया को अलग युग में ले जा रहा है। दुनिया में बन रहे खतरनाक हालात के बीच हमें भारत को शक्तिशाली और विकसित बनाने की जरूरत है।

#### बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू

ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ वाले फैसले पर योग गुरु ने कहा कि बौद्धिक उपनिवेशवाद का एक नया युग शुरू हो गया है। जब से ट्रंप सत्ता में आए हैं, उन्होंने 'टैरिफ आतंकवाद' का एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने गरीब और विकासशील देशों को धमकाकर लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में भारत को विकास की जरूरत है। हम सभी को एक मजबूत राष्ट्रके लिए एकजुट होना चाहिए और विनाशकारी शक्तियों को जवाब देना चाहिए।

## बिहार के इस गांव में 250 साल से नहीं मनी होली

# होली मनाने से विपत्ति आएगी, व्यंजन भी नहीं बनाते

### मुंगेर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर असरगंज का सजुआ गांव

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में होली एक अहम त्योहार है, जिसे पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन मुंगेर जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर असरगंज के सजुआ गांव में 250 सालों से होली नहीं मनाई गई है। गांव वालों का मानना है कि होली मनाने से विपत्ति आती है। यह मान्यता एक प्राचीन कथा और धार्मिक परंपरा से उपजी है। गांव में करीब 2,000 लोग रहते हैं, फिर भी कोई भी रंगों के त्योहार में हिस्सा नहीं लेता। गांव के लोग होली को अभिशाप मानते हैं। वे पूरे महीने में पुआ जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाने से बचते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि ऐसा करने से उनके परिवार पर विपत्ति आ सकती है।

**एक दुखद घटना के कारण माना अभिशाप**



#### 14 अप्रैल को होलिका दहन

इस घटना के बाद कुछ ग्रामीणों ने सती माता को समर्पित एक मंदिर बनवाया और पूजा करने लगे। तब से सजुआ गांव में होली नहीं मनाई जाती। वे 14 अप्रैल को होलिका दहन मनाते हैं। राजीव सिंह बताते हैं कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। फाल्गुन में पुआ या व्यंजन बनाने के कारण घर में अचानक आग लग जाती है।

#### परंपरा से जुड़ा यह गांव

चंदन कुमार बताते हैं कि विभिन्न जातियों के लोग होने के बावजूद सजुआ गांव में कोई भी होली नहीं मनाता। सभी लोग पुरानी परंपरा का पालन करते हैं। होली के दिन, ग्रामीण किसी भी अन्य दिन की तरह ही साधारण भोजन बनाते हैं और उत्सव की गतिविधियों में शामिल नहीं होते।

#### ऐतिहासिक मान्यताएं और परंपराएं

250 साल पहले हुई एक दुखद घटना के कारण इस गांव को सती गांव के नाम से भी जाना जाता है। महेश सिंह बताते हैं कि होलिका दहन के दिन सती नाम की एक महिला के पति की मृत्यु हो गई थी। वह अपने पति के शव के साथ खुद को जलाकर सती होना चाहती थी, लेकिन गांव वालों ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। सती को एक कमरे में बंद कर दिया गया था, जबकि शव दाह संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था। शव बार-बार अर्थी से नीचे गिर रहा था। जब सती को मुक्त किया गया, तो वह सती होने की इच्छा व्यक्त की। चमत्कारिक रूप से, उनकी अंगुली से आग निकली और दोनों एक साथ आग की लपटों में जल गए।

## शाश्वत मिथिला महोत्सव में शाह बोले

# माता सीता का मंदिर बनाएंगे लोगों का योगदान सराहनीय

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शाश्वत मिथिला महोत्सव में कहा कि गुजरात के विकास में मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने बड़ा योगदान दिया है। वे राज्य में सुरक्षित, सम्मानित और स्वागत योग्य हैं। यहां प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है। शाह ने ऐलान किया कि सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा। जब मैं लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार गया था तो मैंने कहा था कि राम मंदिर बन गया है, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और कैसे जीवन हर तरह से आदर्श होना चाहिए। मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से बुद्धिजीवियों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग एक साथ रहते हैं, उन्हें कोई नहीं हरा सकता।

## भारतीय सेना की टुकड़ी सैन्य अभ्यास खंजर 12 के लिए हुई रवाना

# शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के अभियानों में अपने-अपने अनुभवों को साझा करेंगी भारत और किर्गिज़स्तान की सेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की टुकड़ी रविवार को भारत-संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर-12 के लिए रवाना हुई। भारत और किर्गिस्तान के बीच अभ्यास खंजर-12 का 12वां भाग 10 मार्च से 23 मार्च 2025 तक किर्गिस्तान में होगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 2011 में अपनी शुरुआत के बाद से, खंजर 12 एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। भारत और किर्गिस्तान के बीच वैकल्पिक स्थल संपन्न रणनीतिक संबंधों के अनूठे आयाम को दर्शाते हैं। पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था। बता दें, भारतीय टुकडी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं तथा किर्गिज़स्तान दल का प्रतिनिधित्व किर्गिज़ स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही है।

**पिछला अभ्यास जनवरी 2024 में भारत में किया गया था। इस बार दोनों देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण**



### 10 से 23 मार्च 2025 तक किर्गिस्तान में होगा अभ्यास





**अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल**

### यहां केंद्रित करेंगे ध्यान

इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के अभियानों में अनुभवों और सर्वोत्तम तरीकों का आदान-प्रदान करना है। इस अभ्यास में स्नाइपिंग, कठिन बिल्डिंग इंटरवेंशन और माउंटेन क्राफ्ट के उन्नत विशेष बल कौशल विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कठोर प्रशिक्षण के अलावा, इस अभ्यास में जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी शामिल होगा। साथ ही इसमें किर्गिज़ त्यौहार नौरोज़ का उत्सव मनाना भी शामिल है। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को और मजबूत करेगा। गौरतलब हो, यह अभ्यास दोनों पक्षों को अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और उग्रवाद की साझा चिंताओं का समाधान करते हुए रक्षा संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के भारत और किर्गिस्तान की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है।


## खबर संक्षेप

### कुलभूषण को अगवा करने वाले की हत्या



**इस्लामाबाद।** भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को अगवा कराने में मदद करने वाले मुफ्ती शाह मीर की पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौत हो गई है। उसे अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। मुफ्ती मीर ने ईरान से कुलभूषण जाधव को अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद की थी। नमाज के बाद वह मस्जिद से बाहर निकल रहा था। तभी बाइक सवार हमलावरों ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया और कई गोली मारी।

### छात्रों की क्षमता प्रभावित कर रहा है एआई



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। एआई का इस्तेमाल स्कूलों में भी होने लगा है, इसका उदाहरण ब्रिटेन है। वहां के स्कूलों में एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। हालांकि, स्कूलों में एआई के इस्तेमाल का नुकसान भी देखने को मिल सकते हैं, जिसको लेकर एक रिपोर्ट भी सामने आई है। एआई पर ज्यादा निर्भरता छात्रों के बौद्धिक क्षमता और शैक्षिक योग्यता को नुकसान पहुंचा सकती है।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने दिए संकेत

# अब अग्निवीर योजना में जल्द होंगे बड़े बदलाव!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अग्निवीर योजना में कुछ जरूरी बदलाव के संकेत दिए हैं। अग्निवीर योजना की सफलता और उसमें हो रहे सुधारों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि फीडबैक के अनुसार यह योजना एक मजबूत मॉडल बन रही है। अब इसमें कुछ सुधार किए जाने पर विचार किया जा रहा है। जिससे अग्निवीरों की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि इस योजना को लेकर अलग-अलग राय हो सकती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर मिल रहे फीडबैक से यह स्पष्ट है कि यह सफल हो रही है। उम्र सीमा बढ़ाने और स्थायी भर्ती के सवालों पर उन्होंने कहा कि योजना का आकलन 2026 तक किया जाएगा।

### सुधारों से होंगे युवाओं को फायदे

तब कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। अग्निवीर योजना सेना के लिए एक बेहतरीन पहल है। अग्निवीर तीन से चार साल में सेना की जरूरतों के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। सेना प्रमुख ने यह भी बताया कि योजना को और प्रभावी बनाने के लिए कई सुधार किए जा रहे हैं। जिससे सेना और अग्निवीर दोनों को फायदा होगा। सेना प्रमुख ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में यह सारी बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने चीन पर बोलते हुए कहा कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में 2020 की झड़प के बाद हालात अब सामान्य हैं। सेना प्रमुख ने बताया कि दोनों देशों की सेनाएं जब भी जरूरत पड़ती है, बातचीत के जरिए समाधान निकालती हैं। इससे सीमा पर शांति और स्थिरता बनी हुई है।

### ये है आगे की योजना

जनरल उपेंद्र द्विवेदी से जब अग्निवीर योजना भर्ती में उम्र सीमा 21 से बढ़ाकर 23 करने और 50 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी बनाए रखने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह अभी विचाराधीन है। दिसंबर 2026 तक योजना का पूरा आकलन होगा, उसके बाद ही कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि जो सैनिक 10-20 साल से एक ही काम कर रहे हैं, उनके लिए नई स्किल्स सीखना मुश्किल होता है।

### भारत ने आपत्ति दर्ज कर कहा- तत्काल कार्रवाई करें

**पीएम मोदी और हिंदुओं के लिए लिखी गई अभद्र टिप्पणी**

# अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हुआ हमला तोड़फोड़ के बाद लिखे गए भद्दे कमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में हिंदू मंदिर को एक बार फिर निशाना बनाया गया है। कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स स्थित एक बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और दीवारों पर भद्दे कमेंट किए गए हैं। अब इसको लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय का भी बयान सामने आया है। भारत ने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में हुई बर्बरता की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम इस तरह के घृणित कार्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हिंदू मंदिर में हुई बर्बरता को हम नहीं बर्दाश्त करने वाले हैं।

मंत्रालय ने कहा कि हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हैं। भारत ने हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भारत ने इसी के साथ घटना के मद्देनजर पूजा स्थलों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।





### पहले भी हिंदू मंदिरों पर हुआ हमला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 और 16 अगस्त 2022 | क्वींस न्यूयॉर्क में श्री तुलसी मंदिर | 1 जनवरी 2024 | सांता क्लारा कैलिफ्रोर्निया में शिव दुर्गा मंदिर | 11 जनवरी 2024 | डबलिन में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर |
| 30 अक्टूबर 2023 | सैक्रामेंटो में हरि ओम राधा कृष्णा मंदिर | 5 जनवरी 2024 | फ्रेमोंट कैलिफोर्निया में श्री अष्ट लक्ष्मी मंदिर | 17 सितंबर 2024 | बीएपीएस स्वामी मंदिर मेलविले न्यूयॉर्क |
| 23 दिसंबर 2023 | कैलिफोर्निया में एसएमवीएस स्वामीनारायण मंदिर | 5 जनवरी 2024 | हावर्ड में विजय का मां शेरावाली का मंदिर | 25 सितंबर 2024 | सैक्रामेंटो कैलिफोर्निया में बीएपीएस स्वामी मंदिर |

### तोड़फोड़ पर भड़के स्वामी चक्रपाणि



हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने अमेरिका में कैलिफोर्निया के हिंदू मंदिर की बर्बरता की निंदा की। उन्होने इसे अपराधिक तत्वों को स्थानीय सरकार की सुरक्षा प्राप्त होने का संकेत बताया और डोनाल्ड ट्रंप सरकार से कार्रवाई की मांग की। विदेश मंत्रालय ने भी इस घटना की निंदा की और कड़े कदम उठाने की मांग की।

### मंदिर की दीवारों पर लिखा वापस जाओ


मंदिर में तोड़फोड़ तो हुई ही, बल्कि 'हिंदू विरोधी' और भारत विरोधी संदेश भी लिखे गए। मंदिर की दीवारों पर हिंदू वापस जाओ और पीएम मोदी को लेकर नारे लिखे थे, जिससे स्थानीय हिंदू समुदाय चिंतित हो गया।

### लंदन में जय-जय जयशंकर!

# मॉर्निंग वॉक पर निकले विदेश मंत्री लोगों ने जबदस्त किया भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ लंदन

विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। ब्रिटेन में उनका जोरदार स्वागत हो रहा है। विदेश मंत्री ने खुद एक्स पर तस्वीर शेयर की है उसमें साफ देखा जा सकता है कि लोग कैसे उनका स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'सुबह की सैर के बाद लंदन में शुभचिंतकों और लोक-हितैषी नागरिकों से मिलकर बहुत खुशी हुई। इससे पहले उन्होंने मैनचेस्टर प्रवासी समुदायों को अपने संबोधन में कहा था कि हमने बेलफास्ट में हमारी ब्रिटेन और यूरोपीय नीतियों के लिए कई मायनों में एक मिलन स्थल देखा। हम देख सकते हैं कि इस (क्षेत्र) की दोनों तक विशेष पहुंच है।



**भारतीयों की जुट गई भीड़**

दिलचस्प बात यह है कि हम समानांतर रूप से ब्रिटेन और यूरोपीय संघ दोनों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं, जिसे हम जल्द ही पूरा करने की उम्मीद करते हैं।जयशंकर ने आगे कहा था, मैं इस बात पर बहुत जोर देकर कहना चाहता हूं, यह आने वाले समय के लिए भी एक तैयारी है– भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच एक बहुत गहरी, घनिष्ठ साझेदारी स्पष्ट रूप से, निकट भविष्य में मुक्त व्यापार समझौता इसके केंद्र में है। भारतीयों की भीड़ जुट गई।

### अमेरिका की खैर नहीं!

## किम जोंग ने तैयार की खतरनाक पनडुब्बी



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए नई टेंशन खड़ी कर दी है। नॉर्थ कोरिया ने एक खतरनाक पनडुब्बी बनाई है, जोकि अमेरिका और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के लिए खतरा मानी जा रही। इससे अब ट्रंप के अगले कदम या फिर प्रतिक्रिया का इंतजार होने लगा है।

हाल ही में उत्तर कोरिया ने पहली बार न्यूक्लियर पावर से चलने वाली पनडुब्बी का अनावरण किया। जिसमें इसे परमाणु ऊर्जा से चलने वाली रणनीतिक निर्देशित मिसाइल पनडुब्बी कहा गया है।

### 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थी होंगे प्रभावित

# ट्रंप के फैसले से बांग्लादेश में भुखमरी का बढ़ गया खतरा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को खाद्यान्न में कटौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सहायता एजेंसियों ने धन में कटौती की है। कॉक्स बाजार, बांग्लादेश- बांग्लादेशी शिविरों में रहने वाले रोहिंग्या शरणार्थियों का कहना है कि वे अगले महीने से खाद्यान्न राशन में होने वाली कटौती से चिंतित हैं। अमेरिका ने इन शरणार्थियों को दी जाने वाली खाद्यान्न मदद को आधा करने का फैसला किया है। मामले में एक शरणार्थी अधिकारी का कहना है कि इस कटौती से 10 लाख से अधिक शरणार्थियों के पोषण पर असर पड़ेगा और साथ ही इसका सामाजिक और मानसिक असर भी होगा।



**अमेरिका ने सहायता रोकी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालते ही अधिकांश विदेशी सहायता रोक दी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए काम करने वाली अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी को भी भंग कर दिया। इसकी वजह से दुनिया भर में मानवीय मदद के लिए चलाए जा रहे काम पर बुरा असर पड़ा है और कई कार्यक्रम रुक गए हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूएस एड के फंड को रोक दिया था और 90 दिन की समीक्षा का निर्णय किया था।

### हालात तनावपूर्ण

## मणिपुर के कुकी इलाकों में हिंसा के बाद बंद



**इंफाल।** मणिपुर के कुकी-बहुल इलाकों में रविवार को जनजीवन प्रभावित रहा, क्योंकि कुकी-जो संगठनों की ओर से सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया था। शनिवार को कांगपोकपी जिले में कुकी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई थीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. हालांकि, रविवार को स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांत बनी रही। शनिवार को हुई हिंसा के बाद, चुराचांदपुर और तेंगनौपाल जिलों के कुकी-बहुल इलाकों में भी प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और सड़कें ब्लॉक कर विरोध जताया।

### तापमान 1850 से 1900 की तुलना में 1.59 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया

**नौ मार्च को राजधानी दिल्ली में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया**

# सवा सौ साल में तीसरी सबसे गर्म रही फरवरी हार्ट-फेफड़े और मस्तिष्क के लिए नुकसानदायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अप्रैल मई में इसके और बढ़ने की आशंका**



होली आने में अभी भी कुछ दिन शेष हैं पर देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। सिर्फ गर्मियों की शुरुआत ही नहीं हुई है, फरवरी महीने में ही तापमान ने रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। यूरोपियन कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के अनुसार, पिछले महीना यानी फरवरी 125 साल में अब तक का तीसरा सबसे गर्म फरवरी का महीना था। इस दौरान सतह के पास तापमान 1850 से 1900 की तुलना में 1.59 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। विशेषज्ञ कहते हैं, जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है, इससे गंभीर बीमारियों के बढ़ने का भी खतरा हो सकता है जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने किया अलर्ट

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट करते हुए कहा है कि अभी से ही देश के कई हिस्सों में जिस तरह की गर्मी महसूस की जा रही है, ये मई-जून में रिकॉर्ड तोड़ सकती है। बढ़ती गर्मी कई गंभीर बीमारियों का भी कारण बन सकती है, जिसको लेकर पहले से ही सावधान रहने की जरूरत है।

### बढ़ती गर्मी के कई गंभीर दुष्प्रभाव

*नौ मार्च को राजधानी दिल्ली में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अप्रैल-मई में इसके और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। जून तक तापमान 45 से ऊपर चला जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं उच्च तापमान से न सिर्फ हीट स्ट्रोक और रक्तचाप से संबंधित समस्याओं का खतरा रहता है साथ ही ये मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उच्च गर्मी में शरीर पसीने का उत्पादन करके और रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करके स्वयं को ठंडा करने की कोशिश करता है।*

### फरवरी-मार्च में ही गर्मी तोड़ रही है रिकॉर्ड

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि देश ने 2025 में अब तक की तीसरी सबसे गर्म फरवरी का सामना किया। 26 फरवरी 2025 को मुंबई में तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो सामान्य से करीब 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

### रक्षा मंत्री ने पाक के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर कहा

# पीओके के लोग भारत में शामिल होने की मांग करेंगे: राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी कि पीओके के मुद्दे पर सख्त और बड़ा बयान देते हुए कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि पाकिस्तान भारत को पीओके लौटाएगा, लेकिन वहां के लोग खुद भारत में विलय की मांग करेंगे। शनिवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को लेकर कहा, लेकिन मुझे विश्वास है कि पीओके के लोग खुद भारत में विलय करने की मांग करेंगे।



भारत की तेज आर्थिक प्रगति और बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को देखकर पीओके के लोगों को महसूस हो रहा है कि उनका विकास भारत का हिस्सा बनने में ही है और पाकिस्तान को इस बात को स्वीकार करना ही होगा।

## खबर संक्षेप



### गुजरात जाइंट्स से भिड़ेंगे इंडियंस, शीर्ष पर नजर

**मुंबई।** लीग चरण में अब जब सिर्फ दो मैच बचे हैं तब मुंबई इंडियन्स की नजरें सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने पर टिकी होंगी। यूपी वारियर्स ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को 12 रन से हराकर इस गत चैंपियन टीम को प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर किया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और गुजरात जाइंट्स का प्ले ऑफ में जगह बनाना तय हो गया। हालांकि अब भी अंक तालिका में टीमों का स्थान तय नहीं है।

### गुजरात के सहयोगी स्टाफ से जुड़े वेड



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम को सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड 2022 और 2024 में खिलाड़ी के रूप में दो सत्र के लिए टाइटंस के साथ थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल की बड़ी नीलामी का हिस्सा नहीं बने। गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, 'चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड।'
वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत उतारेगा 145 खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** भारत 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में 145 प्रतियोगियों को मैदान में उतारेगा। अन्य 19 देशों के 105 पैरा एथलीट इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। सऊदी अरब, जर्मनी, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस, जापान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, नेपाल, भूटान और श्रीलंका सहित कई अंतरराष्ट्रीय टीमें पहले ही पहुंच चुकी हैं और उन्होंने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है और जल्द ही और देशों के शामिल होने की उम्मीद है।

### भारतीय सेना ने पहले दिन जीते सात पदक



**गुलमर्ग।** गत चैंपियन भारतीय सेना ने खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए रविवार को दो स्वर्ण समेत सात पदक जीत लिए। भारतीय सेना ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। हिमाचल प्रदेश ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य अपने नाम किया। मेजबान जम्मू कश्मीर ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के पहले दिन सेना ने नोर्डिक स्कीइंग पुरुषों के दस किलोमीटर वर्ग में तीनों पदक जीते।

सन्नी सिंह ने स्वर्ण, मनजीत ने रजत और राज डिन ने कांस्य जीता। महिलाओं की नोर्डिक स्कीइंग पांच किलोमीटर वर्ग में कर्नाटक की भवानी टी ने स्वर्ण जीता। आईटीबीपी की सेलमा सोरेंग को रजत और कुसुम राणा को कांस्य पदक मिला। स्की पर्वतारोहण पुरुषों के स्प्रिंट वर्ग में सेना के राजेश्वर सिंह ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के सिद्धार्थ गाडेकर ने रजत और उत्तराखंड के मयंक डिमरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।







## चैंपियंस ट्रॉफी





# भारत चैंपियंस का चैंपियन : खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को दी मात, कप्तान रोहित की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी तीसरी बार जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 252 का लक्ष्य 49 ओवर में चेज कर लिया।

9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा आईसीसी खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए। रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

### वनडे में बनाए 14180 रन

कोहली के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक 58.11 के औसत से 14180 रन बनाए हैं जिसमें 51 शतक शामिल हैं। कोहली के अलावा इस प्रारूप में दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने 50 शतक नहीं लगाए हैं।



### कोहली ने खेला 550वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के दौरान एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। कोहली लगातार तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेल रहे हैं। कोहली का यह 550वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है और वह भारत के ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने मैच खेले हैं। कोहली से ज्यादा भारत के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खेले हैं। सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 664 मैच खेलने का रिकॉर्ड है।

### सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच

| बल्लेबाज | मैच |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 664 |
| विराट कोहली | 550* |
| महेंद्र सिंह धोनी | 538 |
| राहुल द्रविड़ | 509 |
| रोहित शर्मा | 499* |

### रोहित-कोहली ने खेला रिकॉर्ड 9वां फाइनल

कोहली के नाम इसके साथ ही सबसे ज्यादा आईसीसी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। कोहली के अलावा रोहित भी आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली और रोहित का यह नौवां आईसीसी टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने करियर में वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवराज और जडेजा ने अपने करियर में आठ-आठ आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। वहीं, श्रीलंका के कुमार संगाकारा और माहेला जयवर्धने ने सात-सात बार आईसीसी के खिताबी मैच में हिस्सा लिया है।

**क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया**

# झारखंड, महाराष्ट्र, मिजोरम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

झारखंड, महाराष्ट्र और मिजोरम ने रविवार को अपने अपने मैच जीतकर हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में झारखंड ने डिवीजन ए मैच में मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया।



झारखंड के लिए कप्तान अलबेला रानी टोप्पो (चौथे मिनट), रजनी केरकेट्टा (41वें) और प्रमोदनी लाकड़ा (59वें) ने गोल दागे जबकि मध्य प्रदेश के लिए एकमात्र गोल करिश्मा यादव (55वें) ने किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 5-0 से हरा दिया जिसमें आकांक्षा सिंह (41वें और 54वें) ने दो गोल किए। प्रियंका वानखेड़े (30वें), काजल सदाशिव अटपडकर (44वें) और योगिता बोरा (59वें) ने भी एक-एक गोल किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में मिजोरम ने करीबी मुकाबले में बंगाल को 1-0 से हराया। दीपिका ने 50वें मिनट में गोल किया।

### केन विलियमसन चोटिल, फील्डिंग करने नहीं उतरे



**दुबई।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन की जांघ की मांसपेशियों में बल्लेबाजी के दौरान खिंचाव आ गया और वह भारत के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में क्षेत्ररक्षण नहीं कर सकेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक मीडिया विज्ञप्ति के दौरान यह जानकारी दी। मार्क चैपमैन उनकी जगह फील्डिंग करने उतरे। विलियमसन 11 रन बनाकर कुलदीप यादव को रिटर्न कैच देकर आउट हुए। अभी यह पता नहीं चला है कि वह कितने समय तक बाहर रहेंगे।

# एचेमपोंग की हैट्रिक, ईस्ट बंगाल ने ओडिशा को 3-1 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

**भुवनेश्वर।** घाना की स्ट्राइकर एल्शादाई एचेमपोंग की हैट्रिक की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने रविवार को इंडियन वुमैन्स लीग में ओडिशा एफसी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इस समय तालिका में शीर्ष पर चल रही कोलकाता की टीम के अब सात मैच में 18 अंक हो गए हैं। ओडिशा एफसी सात मैच में 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। ईस्ट बंगाल की एल्शादाई ने हैट्रिक बनाकर ओडिशा एफसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

एल्शादाई ने अभी तक इस आईडब्ल्यूएल में छह गोल कर लिए हैं। घाना की एक अन्य खिलाड़ी जेनिफर कंकम येबोआ ने 74वें मिनट में ओडिशा एफसी के लिए गोल करके हार का अंतर कम किया। दिन के एक अन्य मैच में गोकुलम केरला एफसी ने नीता फुटबॉल अकदामी पर



2-0 की जीत से तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। इस जीत से गोकुलम केरला के सात मैच में 17 अंक हो गए हैं जिससे वह ईस्ट बंगाल से महज एक अंक पीछे है।चौथा आईडब्ल्यूएल खिताब हासिल करने की कोशिश में जुटी गोकुलम केरला के लिए शुभांगी सिंह (दूसरे मिनट) और शिल्की देवी (90+2वें मिनट) ने गोल किए।

**लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट**

# पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन में बनाई 4-1 की बढ़त



एजेंसी ▶▶| पेरिस

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे ऑसमेन डेम्बेले के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन ने लीग वन फुटबॉल टूर्नामेंट में रेनेस को 4-1 से हराकर लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखाा।

डेम्बेले ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पहले और चौथे मिनट में दागे। ब्रेडले बार्सोला (27वें मिनट) और गोंजेलो रामोस (50वें मिनट) ने भी टीम की ओर से एक-एक गोल किया। रेनेस की ओर से एकमात्र गोल लिलियन ब्रेसियर ने 53वें मिनट में किया। लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय पीएसजी के इस जीत से 25 मैच में 65 अंक हो गए हैं और टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद मार्सिले पर 16 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार को लेन्स के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलने वाले मार्सिले के 25 मैच में 49 अंक हैं।

### बायर्न म्यूनिख और लिवरकुसेन हारे



**बर्लिन।** शीर्ष पर चल रहे बायर्न म्यूनिख को दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद बोचुम के खिलाफ बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन बायर लीवरकुसेन की टीम इसका फायदा उठाने में नाकाम रही। लिवरकुसेन की टीम भी शनिवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 0-2 से हार गई। ब्रेमेन ने सभी प्रतियोगिताओं में मिलाकर अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। बायर्न की टीम 25 मैच में 61 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है जबकि लीवरकुसेन इतने ही मुकाबलों में 53 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बोरूसिया डोर्टमंड को भी ऑग्सबर्ग के खिलाफ 0-0 से हार झेलनी पड़ी जबकि स्टुटगार्ट को होल्सटेन किएल ने 2-2 से बराबरी पर रोका। वॉल्फ्सबर्ग और सेंट पॉली का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि फ्राइबर्ग और लेपजिग ने गोल रहित ड्रॉ खेला।

### इशप्रीत और आडवाणी के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**मुंबई।** इशप्रीत सिंह चड्ढा और एशियाई चैंपियन पंकज आडवाणी यहां 13.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले अखिल भारतीय सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगे। यह दोनों खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में पीएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आडवाणी यहां जीत हासिल करके खिताब की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगे। आडवाणी ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में रेलवे के फैसल खान को 6–1 (88-8, 70-49, 74-42, 63-14, 31-71, 74-0, 71-22) से जबकि चड्ढा ने रेलवे के ही कमल चावला को 6-3 (68-75, 87-46, 64-58, 67-8, 64-57, 41-82, 78-19, 33-72, 54-40) से हराया।

# रियल कश्मीर ने आइजोल को 2-1 से दी मात

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

रियल कश्मीर एफसी रविवार को यहां आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में आइजोल एफसी पर 2-1 की जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। रियल कश्मीर की घरेलू मैदान पर यह लगातार पांचवीं जीत है और पिछले पांच मैच में चौथी जीत है।

इस जीत के साथ ही रियल कश्मीर के 18 मैच में 32 अंक हो गए हैं जिससे वह चर्चिल ब्रदर्स और इंटर काशी से दो अंक पीछे हैं। अब जब सिर्फ चार मैच बचे हैं तो खिताब की दौड़ में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। वहीं आइजोल एफसी रेलीगेट होने की कगार से बाहर होने का मौका चूक गई और 16 अंक लेकर एससी बेंगलुरु से एक स्थान पीछे 11वें स्थान पर है। सेनेगल के करीम सांब (31वें मिनट) ने रियल कश्मीर को बढ़त



दिलाई। फिर लालरिनजुआला (58वें मिनट) ने सत्र का अपना नौवां गोल करके आइजोल एफसी को बराबरी दिलाई। रियल कश्मीर के लिए ब्राजील के पाउलो सेजार (77वें मिनट) ने विजेता गोल किया।

**देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन 27 से**

# शुभांकर और वीर विश्व के दिग्गजों को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का आगामी सत्र 27 से 30 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया जाएगा जिसमें 2.25 मिलियन डालर (लगभग 19.60 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि होगी। डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा एवं वीर अहलावत भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि जापान के 24 वर्षीय गत विजेता कीता नाकाजिमा की अगुआई में इस टूर्नामेंट में जैक्स क्रुइसविज्क, जोहांस वीरमैन, जूलियन ग्यूरियर, एंजेल हिडाल्गो, फ्रेडरिक लैक्रोइक्स, डेविड रेवेटो, इवेन फग्र्यूसन और



गुइडो मिग्लिओजी जैसे दुनिया के बड़े गोल्फ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। 2023 के चैंपियन जर्मनी के मार्सेल सिएम भी इस प्रतियोगिता में फिर से चैंपियन बनने के लिए जोर लगाएंगे। डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा एवं वीर अहलावत भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता के उपविजेता रहे अहलावत भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की ऑर्डर ऑफ मेरिट (2024) में शीर्ष पर रहने के बाद डीपी वर्ल्ड टूर में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वर्ष 2023 में डीपी वर्ल्ड का हिस्सा रहे मनु गंडास और उभरते हुए खिलाड़ी कार्तिक सिंह के पास भी इस टूर्नामेंट में अपनी काबिलियत साबित करने का मौका होगा। हीरो इंडियन ओपन डीपी वर्ल्ड टूर के एशियाई स्विंग का हिस्सा है, जिसमें सिंगापुर क्लासिक, चाइना ओपन और हैनान क्लासिक भी शामिल हैं। भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सह-स्वीकृत यह स्पर्धा भारतीय गोल्फर खिलाड़ियों को डीपी वर्ल्ड टूर पर अगले वर्ष के लिए पूर्ण कार्ड प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

### भारतीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा

इस मौके पर भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हैं। भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह ने कहा, "हीरो इंडियन ओपन एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक है और इसने भारतीय गोल्फ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने वैश्विक स्तर पर भारत की गोल्फ प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। हम हीरो मोटोकॉर्प और डीपी वर्ल्ड टूर के हीरो इंडियन ओपन को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं क्योंकि यह भारतीय गोल्फरों के लिए प्रेरणा के साथ-साथ विश्व मंच पर बड़ा नाम कमाने के लिए एक कदम भी है।"

# 1 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने की 6 घंटे कांबिंग गश्त, 1043 फरार बदमाश गिरफ्तार

## 429 स्थाई, 378 गिरफ्तारी वारंट एवं 236 जमानती वारंटों की तामीली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आगामी त्यौहार होली और ईद में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण करने कांबिंग गश्त आयोजित की गई। गश्त में पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी ने शनिवार रात कमिश्नर कार्यालय परिसर में सभी थानों का बल, रक्षित केंद्र का बल, कमिश्नर कार्यालय स्टाफ को टीम वर्क में कार्य करने के लिए कहा। संवेदनशीलता एवं विवेकपूर्ण तरीके से बदमाशों की धरपकड़ के लिए ब्रीफ कर टीम बनाकर क्षेत्रों में भेजी गई। इसके बाद सभी जोन के पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्त संजय अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त जितेंद्र सिंह पवार एवं समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तथा उनकी टीम पूरी रात सक्रिय रही एवं आरोपियों, वारंटियों की धरपकड़ की गई।

**आगामी त्यौहारों में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने की कांबिंग गश्त**



वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूरी रात्रि गश्त मॉनिटरिंग की गई एवं मार्गदर्शन देते रहे। रात 11 बजे से गश्त शुरू की गई और सुबह 5 बजे तक की गई। केवल 6 घंटे की गश्त में कुल 429 स्थाई वारंट एवं 378 गिरफ्तारी वारंट गिरफ्तार किए गए एवं 236 जमानतीय वारंट तामील कराए गए। साथ ही लगभग 200 से अधिक गुंडे, बदमाश एवं चाकूबाज चेक किए एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। भोपाल पुलिस कमिश्नर द्वारा यह 17 बार की गई है जिसमें अब तक 10142 स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी एवं बदमाशों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है।

### जोन वार वारंट की तामीली

- जोन- 4 के थाना निशातपुरा पुलिस द्वारा 35 स्थाई एवं 32 गिरफ्तारी वारंटी समेत 67 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- जोन- 1 के थाना टीटी नगर पुलिस द्वारा 31 स्थाई एवं 21 गिरफ्तारी वारंटी समेत 52 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- जोन- 3 के थाना शाहजहांनाबाद, पुलिस द्वारा 25 स्थाई एवं 14 गिरफ्तारी वारंटी समेत 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- जोन- 2 के थाना पिपलानी पुलिस द्वारा 15 स्थाई एवं 22 गिरफ्तारी वारंटी समेत 37 आरोपियों को गिरफ्तार किया



### त्यौहारों में शांति-सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक

आगामी त्यौहार होलिका दहन, धुलेंडी, रंगपंचमी, चैत्र नवरात्र, रमजान, ईद-उल-फितर आदि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में त्यौहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर त्यौहारों की तैयारियों, जुलूस मार्ग इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी त्यौहार शांतिपूर्ण रुप से एवं सौहार्दपूर्वक, भाई चारे की भावना से मनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने एवं नगर रक्षा समिति, शांति समिति तथा गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित कर आवश्यक चर्चा करने के लिए निर्देशित किया गया।

---

समुदाय विशेष की युवतियों को प्रेम जाल में फंसाकर देह व्यापार कराने बनाता था दबाव

# इंजीनियरिंग छात्रा की आत्महत्या केस में स्पा संचालक शेज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित कुटीर नगर में जहर पीकर आत्महत्या करने वाली आरजीपीवी की इंजीनियर छात्रा की आत्महत्या मामले में पुलिस ने स्पा सेंटर संचालक शेज उर्फ शेजल खान को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी उसे देह व्यापार में ढकेलने का प्रयास कर रहा था। छात्रा ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उससे मारपीट की थी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी इससे पूर्व भी कुछ अन्य युवतियों के साथ इसी तरह की हरकत कर चुका था। बदनामी की डर से युवतियां उसकी शिकायत नहीं करती थी। पुलिस आरोपी की बिजनेस पार्टनर की तलाश कर रही है।

एसीपी रिचा जैन ने बताया कि 20 वर्षीय साक्षी निराला पिता मनोज कुटीर नगर छोला मंदिर में रहती थी। वह निजी कालेज में इंजीनियरिंग की छात्रा थी। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे साक्षी ने अपने घर में जहर पी लिया था। हालत



बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान दोपहर तीन बजे उसकी मौत हो गई थी। मरने से पूर्व परिजन ने छात्रा के मोबाइल पर वीडियो बनाए थे। वीडियो में छात्रा बोलती हुई नजर आई कि शेज उर्फ शेजल खान और उसकी दोस्त काजल प्रताड़ित कर रहे थे। एक साल से शेज उसे परेशान कर रहा था। मैंने उससे प्रेम किया, लेकिन उसने मुझे धोखा दिया। मेरे साथ मारपीट की। पुलिस ने वीडियो और परिजन के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया था। शेज की गिरफ्तारी कर ली गई है। उसकी बिजनेस पार्टनर काजल की तलाश की जा रही है।

दे रहा था पुलिस को चकमा, अग्रिम जमानत की फिराक में था

## नौकरी के नाम पर दलित महिला से दुष्कर्म करने वाला पिछोर से गिरफ्तार

मंगलवारा थाना क्षेत्र की होटल क्राउन में दलित महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने पिछोर जिला शिवपुरी से गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब ढाई माह से लोकेशन बदल-बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि वह अग्रिम जमानत की फिराक में चोरी-छिपे अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही टीम पिछोर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पिछोर जिला शिवपुरी निवासी देवेन्द्र शर्मा एक महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर विगत 8 अक्टूबर 2024 को भोपाल ले आया था और दोनों यहां मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित क्राउन होटल में रुके थे। होटल के कमरे में ही आरोपी देवेन्द्र ने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए। विरोध करने पर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने सिविल लाइन थाना दतिया में आरोपी देवेन्द्र शर्मा के खिलाफ बलात्कार व एट्रोसिटी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कराया था। क्योंकि घटनास्थल मंगलवारा क्षेत्र की एक होटल थी इसलिए वहां मूल केस डायरी थाना मंगलवारा भेजी गई थी। मंगलवारा पुलिस ने असल पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

### आरोपी बेहद चालक और शातिर किस्म का

थाना प्रभारी अजय सोनी ने बताया कि आरोपी देवेन्द्र शर्मा बेहद ही चालक और शातिर किस्म का आरोपी है। करीब ढाई माह तक वह पुलिस को चकमा देता रहा। वह लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था। आरोपी ने अपना मोबाइल किसी और को दे दिया था। पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची तो पता चला कि मोबाइल आरोपी के पास नहीं है बल्कि कोई और चला रहा है। आरोपी की पतारासी के लिए पुलिस ने पिछोर स्थित आरोपी के मकान के आसपास मुखबिर तैनात कर दिए थे। इस बीच सूचना मिली कि आरोपी अपनी अग्रिम जमानत का प्रयास कर रहा है। इस सिलसिले में वह चोरी-छिपे अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही मंगलवारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

---

आरोपी बोले, बहन पर रखता था बुरी नजर, इसलिए की थी हत्या

# गांधी नगर में मैकेनिक की हत्या करने वाले इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित गोदरमऊ में मैकेनिक की चाकू गोदकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। उक्त प्रकरण में आरोपियों के एक अन्य साथी की तलाश है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक उनके घर की बेटी पर बुरी नजर रखता था। वह आए दिन छेड़छाड़ करता था। समझाने पर भी वह नहीं मान रहा था, इसलिए उसे मार दिया। हालांकि, पुलिस उनके बयान को अपना बचाव करने का मान रही है। आरोपियों पर 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार 20 साल का अदनान खान गोंदरमऊ में परिवार के साथ रहता था। वह बाइक रिपेयरिंग का काम करता था। 3 मार्च की रात करीब साढ़े 8 बजे अदनान नजाम पढ़ने के बाद घर जा रहा था। इससे पहले ही गली में उसे मोहल्ले में रहने वाले शुभम सोलंकी, राजकुमार सोलंकी और लक्की सोलंकी ने रोक लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने बहन से छेड़छाड़ की बात को लेकर उसके साथ लात-मुक्कों से मारपीट की। इसके बाद उसके पेट में चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। उनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही

### फुटेज के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गांधीनगर पुलिस और क्राइम ब्रांच सक्रिय थी। रविवार को पुलिस की संयुक्त टीम ने इंदौर से आरोपी शुभम सोलंकी पिता हरिओम सोलंकी निवासी नई जेल रोड बीडीए कालोनी गोंदरमऊ और लक्की सोलंकी निवासी गोंदरमऊ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को ट्रेस करने पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए। इसमें पता चला कि आरोपी गांधी नगर से इंदौर की तरफ भागे हैं। इनमें से दो इंदौर में मिल गए। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। मामले में उनका साथी राजकुमार सोलंकी फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। तीनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। एक आरोपी की बहन के साथ मृतक छेड़छाड़ करता था, जिसके चलते आरोपियों ने एक राय होकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच की थी।

## स्वर्णकार समाज ने सामूहिक विवाह समिति का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति ने सामूहिक विवाह समिति का शाल श्रीफल से सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि समिति ने निर्णय लिया था कि महिला दिवस पर ऐसी समितियां का स्वागत करेंगे, जिन्होंने सालों से समाज सेवा की हो। सामूहिक विवाह समिति कई बार 100 जोड़ 51 जोड़ 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया। साथ ही जोड़ों को गृहस्थी का सारा सामान भी उपलब्ध कराया। इसके चलते स्वर्णकार समाज समिति ने सभी महिलाओं का सम्मान किया। इस मौके पर ओपी सोनी अध्यक्ष, रेखा सोनी व मंजू सोनी आदि बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

---

पीसीओएस के बचाव एवं रोकथाम पर विशेषज्ञों ने किया विचार-विमर्श

# प्रदेश सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता से कर रही कार्यः डॉ. सलोनी

## पीसीओएस विषय पर मप्र की प्रथम राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और इस दिशा में जनजागरूकता अभियानों एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने पीसीओएस (पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम) के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बचाव के उपायों पर चर्चा करने, नीतिगत सुझाव पर विमर्श देने के उद्देश्य से मिंटो हॉल में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। डॉ. सलोनी सिडाना ने पीसीओएस के बचाव हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।

### समोसे, कचौड़ी का सेवन कम करें

संचालक हेल्थ एवं स्टेट नोडल, प्रिवेंटिव गायनेकोलॉजी एंड इंफर्टिलिटी डॉ. रचना दुबे ने पीसीओएस में गट हेल्थ (आंतों के स्वास्थ्य) के महत्व को बताया कि हमारे गट में उपस्थित माइक्रोबायोम्स हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि यदि पीसीओएस से प्रभावित महिलाएं अपने आहार पर ध्यान दें और तले-भुने खाद्य पदार्थ, समोसे, कचौड़ी, वसायुक्त भोजन एवं अधिक शुगर का सेवन कम करें, तो इस स्थिति को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी।

# रवीन्द्र भवन में लाइव म्यूजिकल नाइट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

हमारा मधुवन मानव सेवा एक संकल्प संगठन द्वारा द लाइव म्यूजिकल नाइट का आयोजन रविवार को रवीन्द्र भवन सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम भजन से किया गया।

इसी कड़ी में प्रदीप शर्मा और नैना जैन ने गुनगुना रहे हैं, हर्षा और संजय ने जाने जां ढूंढता फिर रहा, मधुसूदन और ज्योत्सना ने जीवन के हर मोड़ पर, राजमंगल और निधि ने लुका छिपी, शिवानी और भूषण ने काली पलक तेरी, सुधीर बापट और नैना श्रीवास्तव ने वादा कर ले साजना, अभय बापट और रेखा बंसल ने दिल की गिरह खोल दो, संदीप और मीता ने कितना प्यारा वादा, डॉ. स्वप्न कपूर और नेहा जाधव ने एक रास्ता है जिंदगी, सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।



---

बर्तन, कप और साड़ी का किया वितरण

# पूनम संत महिला समिति ने मनाया महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूनम संत महिला एवं विकास समिति ने रविवार को जेके रोड स्थित होटल सनपार्क में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली उत्सव मनाया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बर्तन, कप और साड़ी का वितरण किया गया। वहीं बच्चों को पिचकारी और रंग बांटे गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति की राष्ट्रीय संयोजक इसाबेल ब्रेडिश थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की प्रदेशाध्यक्ष भावना कैथवास ने की। इस आयोजन में कार्यक्रम संयोजक रश्मि कनौडिया, कार्यक्रम संचालन रश्मि मिश्रा, प्रदेश महासचिव ऋचा तिवारी, प्रदेश सहप्रभारी सोनल दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष सकुन अनूप, प्रदेश महासचिव निम्मी अग्रवाल, सुशीला भारतीय, शीतल अहिरवार, प्रीति विश्वकर्मा, नंदनी, संगीता देवी, अनीता आर्य, ब्रह्मकुमारी, सुनीता त्रिपाठी, संचना गुप्ता और संचना मिश्रा सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

# राधारमण विहान फेस्ट में दिखा फैशन का जलवा

*स्टाइल और थीमेटिक आउटफिट्स ने बिखेरा आकर्षण*

*पारंपरिक, वेस्टर्न, फ्यूजन और हैलोवीन थीम पर उतरे मॉडल्स*




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण समूह के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'विहान 2024' में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर उतरे प्रतिभागियों ने अपनी स्टाइल, आत्मविश्वास और आकर्षक परिधानों से समां बांध दिया। पूरे परिसर में फैशन, ग्लैमर और उत्साह का माहौल था, जहां छात्रों ने पारंपरिक, वेस्टर्न, फ्यूजन और हैलोवीन थीम पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। शो की शुरुआत पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के साथ हुई, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और उसकी भव्यता को खूबसूरती से दर्शाया। इसके बाद, वेस्टर्न थीम के प्रतिभागियों ने मॉडर्न आउटफिट्स और आत्मविश्वास से रैंप पर धमाल मचाया। फ्यूजन थीम में भारतीय और पाश्चात्य परिधानों का अनूठा मिश्रण देखने को मिला, जहां प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक डिजाइन प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन प्रसिद्ध फैशन एवं ग्लैमर इंडस्ट्री के विशेषज्ञों ने किया। मंच पर उतरे हर प्रतिभागी ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनोखे अंदाज से जजों को प्रभावित किया। इस शो के मिस ट्रेडिशनल का खिताब अर्चना प्रजापति और मिस्टर ट्रेडिशनल का खिताब सतेंद्र महोदया ने अपने नाम किया। मिस वेस्टर्न हर्षनी (आरईसी) और मिस्टर वेस्टर्न आदर्श (आरआईटीएस) बने। हैलोवीन थीम में मिस हैलोवीन का खिताब स्नेहा शर्मा और मिस्टर हैलोवीन का खिताब अभिषेक कुमार वर्मा को मिला। मिस आरजीआई दिव्या बरस्कर, मिस्टर आरजीआई दिव्यदीप पिपलाजे, मिस फ्यूजन वैदेही और मिस्टर फ्यूजन आशमित सोनी चुने गए।

# विधायक दल की बैठक में कर्ज,क्राइम,करप्शन पर बनी प्रदेश सरकार को घेरने की रणनीति

### प्रदेश प्रभारी चौधरी बोले कांग्रेस जनहित के मुद्दे सदन में उठाती रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को राजधानी के होटल अशोका में मप्र कांग्रेस विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा बुलाई गई।

बैठक में आगामी बजट सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों और उन पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधायकों का मार्गदर्शन किया और मजबूती से जनता की आवाज सदन में उठाने को लेकर विधायकों से चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से परिवहन घोटाला, नर्सिंग घोटाला, जल संवर्धन मिशन के अधूरे कार्य, धान खरीदी घोटाला सहित प्रदेश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार जैसे प्रमुख मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाने पर चर्चा की गई।



हरीश चौधरी ने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं पर सरकार कितने भी फर्जी केस दायर करवा दे, लेकिन कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दे सदन में उठाती रहेगी।

वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सत्र की अवधि लगातार कम होती जा रही है। सरकार जनता के मुद्दे और उनकी समस्याओं से भाग रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर एक विधायक पूरी निडरता और मजबूती के साथ जनता की आवाज सदन में उठाता रहेगा।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा अपने पाप छुपाने कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों पर व्यक्तिगत हमला कर जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को भाजपा की सरकार बढ़ावा दे रही है, इसके खिलाफ भी पार्टी मजबूती से खड़ी रहेगी। बैठक में मप्र कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित कांग्रेस के विधायक रहे मौजूद रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930